दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार 8 दिसंबर 2023, वर्ष-9 अंक- 246 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

आईएनडीआईए में शामिल डीएमके के सांसद सेंथिल कुमार ने लोकसभा में विवादास्पद बयान देकर नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। उन्होनें सनातन का अपमान करते हुए हिन्दी भाषी प्रदेशो को गौमूत्र राज्य कह कर आ बैल मुझे मार वाली कहावत चरितार्थ कर डाली है। हालांकि मामले के तूल पकड़ने पर उन्होनें अपने वाहियात बयान पर लोकसभा में खेद जताया हैं लेकिन उनकी इस जुबानदराजी ने आईएनडीआईए की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लगता है इस गठबंधन में शामिल दलों के बड़बोले नेता सेल्फ गोल मारने पर तूले हैं। ऐसे में घर के चिराग से ही घर में आग लग सकती है।

जोगी की राह चले भूपेश...और सत्ता से बाहर

यशवंत धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस का दर्द यही है कि उसका कोई छत्रप सत्ता में बैठता है तो कांग्रेस संगठन को अपने यहां गिरवी रखे जैसा व्यवहार करने लगता है। अपने हिस्से की रायल्टी देने के बाद वह सत्ता व संगठन पर कुछ इस तरह काबिज होता है कि इससे जुड़ी कायनात उससे खौफ खाती है यहां तक की जनता भी। वोंटिग के दिन डर के मारे घर से बाहर निकलकर लंबी लाइनों में लगकर वोट देते हैं कि कही फिर वापस न आ जाए। वर्ष 2000 में बिना किसी चुनाव के मुख्यमंत्री मनोनीत हुए अजीत जोगी का तीन साल का कार्यकाल कुछ ऐसा ही रहा कि फिर उन्होंने पूरे 15 साल कांग्रेस को सत्ता से बाहर रखा। यानि अजीत जोगी कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद के दूसरे दावेदारों को दूर रखने के लिए जो धतकरम यानि टिकिट देकर चुनाव

हरवाने का काम करते थे। उसी में कांग्रेस 36 और 37 सीट पर रूक

जाती थी वैसे तो अपने तीन साल के कार्यकाल में **जोगी ने अमीर धरती के गरीब लोग का फर्जी नारा** तैयार कर रखा था और इस नारे की आड़ में वो सारे धतकरम हो रहे थे जिसके चलते एक बड़ा गिरोह तैयार हुआ और अराजकता पैदा हुई, जिसे आम छत्तीसगढ़ का जनमानस बर्दाश्त नहीं कर पाया। कमोबेश इसी तरह का काम पांच साल में भूपेश बघेल ने किया। उनके इस पांच साल के कार्यकाल के बाद कांग्रेस अब कितने साल सत्ता से बाहर रहती है यह तो समय के गर्भ में है लेकिन जिस उम्मीद से जनता ने कांग्रेस को बम्पर जनादेश दिया। जनता की उम्मीद पर खरा नहीं उतरे। नतीजतन सत्ता से बाहर कर दिया। जोगी की तरह ही भूपेश ने पिछड़ा वर्ग को सामाजिक न्याय का लालीपाप तो दिखाया लेकिन 8 ब्राम्हण समेत 15 ऐसे सवर्ण उम्मीदवार उतारने के लिए संगठन पर दबाव डाला। ये सभी लोग किसी भी सर्वे में अपने क्षेत्र में चुनाव जीत ही नहीं रहे थे। इसमें से 8 ब्राम्हण और पांच अन्य सवर्ण उम्मीदवार भाजपा के पिछड़ा वर्ग के सामान्य पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों से चुनाव हार गए। यानि भाजपा ने बिना ढिंढोरा पीटे अपने पिछड़ा वर्ग और छत्तीसगढ़ियावाद के मिशन को पूरा कर दिया। 2018 के मंत्रिमंडल के 9 भारी भरकम नेता चुनाव हार गए। 2018 के चुनाव में भाजपा को मांत्र ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तीन राज्यों में भाजपा की जीत कार्यकर्ताओं की जीत : मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रचंड जीत को सभी कार्यकर्ताओं की सामूहिक जीत बताते हुए सभी भाजपा सांसदों का आह्वान किया कि वे 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए जी जान से जुट जायें और सरकार की योजनाओं खासकर विश्वकर्मा योजना का प्रचार प्रसार करें। संसद के पुस्तकालय भवन के जीएमसी बालयोगी सभागार में भाजपा संसदीय दल की बैठक में मोदी का सांसदों ने अभिनंदन किया। भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी, राज्यसभा में नेता सदन एवं केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, अश्विनी चौबे, आदि मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी के सभागार में आने पर सांसदों ने तालियां बजा कर स्वागत किया और बाद में मध्यप्रदेश, राजस्थान

लोस चुनाव के लिए कस लें कमर

मोदी ने पार्टी के सांसदों का आह्वान किया कि वे अब लोकसभा चुनावों के लिए कमर कस लें और काम पर लग जाएं। जनता के बीच विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर जनजागृति पैदा करें और सरकार की सभी योजनाएं खासकर गरीब कल्याण योजनाएं एवं विश्वकर्मा योजना को लेकर प्रचार प्रसार करें। उन्होंने सभी सांसदों से विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़ने का भी आह्वान किया।

एवं छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रचंड जीत पर अभिनंदन करते हुए नड्डा ने उन्हें माला पहनायी। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि तीनों राज्यों में जीत भाजपा के कार्यकर्ताओं की सामूहिक जीत है। उन्होंने कहा कि यह केवल दिल्ली में बैठे नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की जीत नहीं है बल्कि उनकी भी जीत है जिन्होंने पार्टी को खड़ा करने में अपना जीवन खपा दिया और आज वे स्वर्ग में हैं।

मोदी जी नहीं मोदी कह कर करें संबोधित

प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनावों में दोबारा जीत हासिल करने का कांग्रेस की दर 18 प्रतिशत है जबकि भाजपा की दर 58 प्रतिशत है। इसलिए वे जनता पर विश्वास करें तो जनता भी उन पर भरोसा करेगी। उन्होंने विपक्ष की जातिवादी राजनीति के बारे में कहा कि देश में केवल चार ही जातियां हैं - गरीब, युवा, महिला एवं किसान। इन्हीं को सशक्त करने के लिए काम करना है। मोदी ने यह भी कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता एवं सांसद उन्हें 'मोदी जी' कह कर संबोधित नहीं करें और केवल 'मोदी' कहें क्योंकि आम जनता उन्हें 'मोदी' नाम से ही पहचानती है।

निलंबित आईएएस रानू साहू की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में हुए कोल स्कैम मामले में आईएएस रानू साहू की जमानत याचिका पर गुरुवार को होने वाली सुनवाई टल गई है। अब 14 जनवरी को सुनवाई होगी। वहीं, इस मामले में बुधवार को कांग्रेस के विधायक देवेन्द्र यादव सहित 9 आरोपी कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। इस केस में जेल में बंद आरोपियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई होनी थी। दरअसल आईएएस रानू साहू जेल में बंद हैं। पहले ईडी की लोअर कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। प्रवर्तन निदेशालय ने रानू साहू को इसी साल जुलाई माह में हिरासत में लिया था। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज दिल्ली में कांग्रेस करेगी हार की समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मिली बड़ी हार के बाद आज दिल्ली में कांग्रेस की समीक्षा बैठक होगी। इसमें भूपेश बघेल, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज और प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा को बुलाया गया है। बैठक में हार की समीक्षा के साथ ही नेता प्रतिपक्ष के नाम पर भी चर्चा हो सकती है। वहीं, सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस पार्टी में संगठन स्तर के बदलाव लोकसभा चुनाव के बाद होंगे। बता दें कि देश में अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव होंगे। छत्तीसगढ़ में लोकसभा की कुल 11 सीटें हैं। 11 में से 9 सीटें बीजेपी के पास हैं, तो वहीं बस्तर और कोरबा लोकसभा सीट कांग्रेस के पास है। फि लहाल कांग्रेस की कोशिश छत्तीसगढ़ में इन सीटों की संख्या बढ़ाने को लेकर ही है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि फिलहाल जो हालात हैं, उसे देखते हुए संगठन में

बदलाव की संभावना बेहद कम है। अब इसी नेतृत्व के साथ लोकसभा चुनाव में उतरने की तैयारी कांग्रेस पार्टी कर रही है। न तो प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज बदले जाएंगे और न ही प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा के बदले जाने की कोई संभावना है। कांग्रेस पार्टी के वैसे तो 37 विधायक चुनाव हार चुके हैं, लेकिन अगर बात की जाए वोट प्रतिशत की, तो वो केवल 0.86 प्रतिशत ही घटा है। ऐसे में पार्टी के नेता नई रणनीति के साथ जनता के बीच जाना चाहते हैं, ताकि लोकसभा के लिहाज से वोट प्रतिशत बढ़ाया जा सके। विधानसभी चुनाव में कांग्रेस दो तिहाई सीटों पर हारी है। बीजेपी को 54 और कांग्रेस को 35 सीटें मिली हैं। वहीं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने 1 सीट पर जीत दर्ज की है। सबसे बड़ा झटका कांग्रेस को सरगुजा और रायपुर संभाग में लगा है। यहां सभी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से मिली रेणुका सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय राज्य मंत्री और छत्तीसगढ़ के भरतपुर-सोनहत विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक रेणुका सिंह ने गुरूवार को दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री पद की रेस में रेणुका सिंह का भी नाम चल रहा है। हालांकि उन्होंने इस मुलाकात को औपचारिक बताया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ के नए सीएम की रेस में पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह के अलावा, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री विष्णुदेव साय, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष अरूण साव, ओपी चौधरी के साथ रेणुका सिंह को भी प्रबल दावेदार बताया जा रहा है।

'इंडिया' की बैठक में नहीं पहुंचे सीएम नीतीश, ममता, अखिलेश और स्टालिन

नई दिल्ली (एजेंसी)। विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) की बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पर हुई। खड़गे ने 28 दलों को मीटिंग के लिए बुलाया था। लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तमिलनाडु के सीएम स्टालिन, बिहार के सीएम नीतीश कुमार और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव शामिल नहीं हुए हैं। मीटिंग में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, अधीर रंजन चौधरी, राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी और आप (आम आदमी पार्टी) नेता राघव चड्ढा समेत कई नेता शामिल हुए। सपा की ओर से राम गोपाल यादव मीटिंग में पहुंचे। ममता बनर्जी ने कहा कि मीटिंग का समय कांग्रेस के हिसाब से क्यों तय होता है। मुझे इस मीटिंग के बारे पहले नहीं बताया गया था। 4 दिसंबर को राहुल गांधी ने बताया कि हम जल्द ही मीटिंग करने वाले हैं। ममता ने कहा कि मीटिंग के लिए कम से कम 7 से 10 दिन पहले बताना चाहिए। मीटिंग के बाद कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि सदन में आने वाले बिलों को लेकर चर्चा हुई है। आने वाले दिनों में अलायंस की एक और मीटिंग होगी, जिसकी तारीख 1-2 दिन में बताई जाएगी। नसीर हुसैन ने दावा किया 17 से 18 पार्टियां शामिल हुई थीं। शिव सेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने कहा कि विपक्ष की अगली बैठक 16 से 18 दिसंबर के बीच होगी, जिसमें अलायंस के चेहरे का फैसला किया जाएगा।

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद के ठिकानों पर आईटी की रेड

रांची/नवप्रदेश। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू से जुड़े तीन राज्यों के आधा दर्जन ठिकानों पर बुधवार से शुरू हुआ आयकर की छापा आज भी जारी है। आयकर सूत्रों के मुताबिक ठिकानों से एक सौ करोड़ रुपए से अधिक की बरामदगी हुई है। कल तक 50 करोड़ रुपए तक के नोटों की गिनती पूरी हो चुकी थी, लेकिन नोटों की संख्या इतनी अधिक थी कि मशीनों ने काम करना बंद कर दिया। आज सुबह से ही गिनती चल रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक संबलपुर के कुछ बैंक अकाउंट को भी सीज कर लिया गया है। बुधवार को आयकर की टीम पश्चिम बंगाल के कोलकाता और ओडिशा के बौध, बलांगीर, रायगढ़ा व संबलपुर के ठिकानों के साथ ही झारखंड के रांची व लोहरदगा में छापेमारी की थी। इसमें आयकर विभाग की ओडिशा की टीम

शामिल थी। धीरज साहू के रांची और लोहरदगा आवास पर परिवार का कोई सदस्य नहीं मिला था। यह कार्रवाई बुधवार देर शाम तक जारी थी। आज सुबह से ही इन ठिकानों पर कागजातों की जांच जारी है। अफ सरों के मुताबिक कागजातों की जांच चल रही है। आयकर सूत्रों की मानें तो यह पूरा मामला शराब कारोबार में टैक्स चोरी से जुड़ा हुआ है।

राजस्थान में रिजॉर्ट पॉलिटिक्स, वसुंधरा के बेटे पर विधायकों की बाड़ेबंदी का आरोप

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान में मुख्यमंत्री फेस को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। इस बीच गुरूवार को वहां से 'रिजॉर्ट पॉलिटिक्स' की बात सामने आई है। बीजेपी विधायक ललित मीणा के पिता और पूर्व विधायक हेमराज मीणा ने बड़ा आरोप लगाया। हेमराज मीणा का कहना है कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के बेटे और सांसद दुष्यंत सिंह ने पांच विधायकों को राजस्थान के एक रिजॉर्ट में रखा था। बता दें कि गुरूवार को वसुंधरा राजे दिल्ली में रहीं। यहां उनको जेपी नड्डा से मुलाकात करनी है। इससे पहले सूत्रों से जानकारी आई थी कि वसुंधरा ने साफ कर दिया है कि वह हाईकमान का हर फैसला मानेंगी। झालरापाटन से चुनाव जीतीं वसुंधरा राजे के बेटे और सांसद दुष्यंत सिंह पर किशनगंज विधायक ललित मीणा के पिता

और पूर्व विधायक हेमराज मीणा ने ये आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दुष्यंत सिंह ने बीजेपी के विधायकों को 'आपणों राजस्थान' रिजॉर्ट में रखा था। ये रिजॉर्ट जयपुर में सीकर रोड पर स्थित है। दावे के मुताबिक, वहां झालावाड़ के तीन और बारां के तीन विधायकों को रखा गया था। हेमराज मीणा ने बोला, 'जब मुझे पता चला तो मैं बेटे को लाने गया था। वहां विधायक कंवरलाल ने कहा कि दुष्यंत सिंह से बात कराओ तब ले जाने दूंगा। फिर वह झगड़े पर उतारू हो गया। फि र हमने राजस्थान के प्रभारी अरुण सिंह और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और संगठन महामंत्री चंद्रशेखर को सूचना दी। हेमराज मीणा का दावा है कि इसके बाद ये सभी लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस बुलाई गई। तब वह विधायक और अपने बेटे ललित मीणा को लेकर आ पाए। कहा जा रहा है कि बाकी 4 विधायकों को वसुंधरा गुट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

ताजपोशी... रेवंत रेड्डी ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ, भट्टी विक्रमार्क बनाए गए डिप्टी सीएम, 11 मंत्रियों ने भी ली शपथ

तेलंगाना में कांग्रेस की 6 गारंटी पर रेड्डी की मुहर

हैदराबाद (एजेंसी)। कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी ने 7 दिसंबर को तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। भट्टी विक्रमार्क डिप्टी सीएम बनाए गए हैं। उनके साथ 11 मंत्रियों ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण कार्यक्रम एलबी स्टेडियम में हुआ। इसमें सोनिया गांधी, राहुल, प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए। रेवंत ने शपथ लेने के तुरंत बाद दो फाइलों पर दस्तखत किए। पहली फाइल चुनाव से पहले कांग्रेस की तरफ से दी गई 6 गारंटियों की थी। दूसरी फाइल में एक दिव्यांग महिला को नौकरी देने का वादा किया गया। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय 'प्रगति भवन' के बाहर लगी फेंस को हटवा दिया, जिसकी वजह से कई साल से लोगों को ट्रैफि क जाम की परेशानी हो रही थी। तेलंगाना का गठन 2014 में हुआ था। तब से लेकर 2023 तक दो बार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) केके चंद्रशेखर राव (केसीआर) मुख्यमंत्री रहे। इस साल हुए विधानसभा चुनाव में केसीआर को हार मिली और रेवंत

रेड्डी के रूप में राज्य को दूसरा (कार्यकाल के हिसाब से तीसरा) सीएम मिला।

तेलंगाना की जनता को कांग्रेस की 6 गारंटी

- **महालक्ष्मी स्कीम-** महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए और 500 रुपए में गैस सिलेंडर। साथ ही राज्य परिवहन TSRTC की बसों में मुफ्त यात्रा की घोषणा।
- राज्य के सभी किसानों को 15 हजार रुपए प्रति एकड़ की वित्तीय सहायता और कृषि मजदूरों को 12 हजार रुपए देने का वादा।
- ज्योति योजना के तहत हर परिवार को 200 यूनिट बिजली फ्री।
- **इंदिरम्मा इंदलु स्कीम-** उन परिवारों को घर के लिए जमीन और 5 लाख रुपए की वित्तीय सहायता देंगे, जिनके पास खुद का घर नहीं है।
- **युवा विकासम योजना-** छात्रों को 5 लाख की सहायता, इसका उपयोग वे कॉलेज की फ ीस जमा करने में कर सकेंगे।
- **चेयुथा स्कीम-** बुजुर्गों और कमजोर वर्ग के लोगों को 4 हजार रुपए की पेंशन दी जाएगी।

कैबिनेट में मंत्री पद पाने वाले नेता

कोंडा सुरेखा, कोमाटी रेड्डी वेंकट रेड्डी, जुपल्ली कृष्णा राव, भट्टी विक्रमार्क, उत्तम कुमार रेड्डी, पोन्नम प्रभाकर, सीताक्का, श्रीधर बाबू, थुम्मला नागेश्वर राव, पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी और दामोदर राजनरसिम्हा शामिल हैं।

■ न्यूज गैलरी

दोषियों पर चुनाव लड़ने पर लगे रोक

नई दिल्ली(वार्ता)। कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि 'हेट स्पीच' के दोषियों पर चुनाव लड़ने की रोक लगायी जानी चाहिए। श्री तिवारी ने सदन में शून्य काल में 'सभापति की अनुमति से उठाए गए मामले' के दौरान कहा कि देश में 'हेट स्पीच' के जरिए माहौल बिगड़ने का प्रयास हो रहा है। 'हेट स्पीच' देश के लिए गंभीर खतरा है और इसे राजनीति से परे कर देखा जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि 'हेट स्पीच' के दोषियों को चुनाव लड़ने से रोक देना चाहिए और संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को हटा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को इस दिशा में संकल्प लेना चाहिए और कानून बनना चाहिए। मौजूदा समय में 'हेट स्पीच' को लेकर कानून बहुत अस्पष्ट है। उन्होंने कहा कि देश में 'हेट स्पीच' के मामलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भारतीय जनता पार्टी के डॉक्टर सुमेर सिंह सोलंकी ने दिव्यांगजनों को आधार कार्ड बनाने में आ रही समस्याओं को उठाया और इसके लिए तकनीक विकसित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को कई बार अंगूठा, ऊंगली और आंख नहीं होने के कारण आधार कार्ड बनाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी के अशोक कुमार मित्तल ने पंजाब में सरहिंद रेलवे स्टेशन पर भीड़ द्वारा तोड़फोड़ करने का मामला उठाया और कहा कि रेलवे विभाग को पर्याप्त सुविधाएं जुटानी चाहिए।

रक्षा मंत्री चक्रवात से हुए नुकसान का करेंगे आकलन

चेन्नई(वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चक्रवात मिचौंग के मद्देनजर अभूतपूर्व बारिश से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए शुक्रवार को चेन्नई पहुंचेंगे। तमिलनाडु में मिचौंग तूफान से सड़कों और अन्य बुनियादी सुविधाओं को व्यापक नुकसान हुआ है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि श्री राजनाथ दोपहर में एक घंटे तक बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। इसके बाद उनका नुकसान और सरकार द्वारा किए गए राहत कार्यों पर चर्चा करने के लिए मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन से मिलने का कार्यक्रम है। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा राहत कार्यों के लिए केंद्र से अंतरिम राहत की मांग करते हुए एक याचिका सौंपने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि श्री स्टालिन ने कल प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 5,060 करोड़ रुपये की तत्काल अंतरिम राहत जारी करने की मांग की थी और उनसे नुकसान का आकलन करने के लिए एक केंद्रीय टीम नियुक्त करने का भी आग्रह किया गया था।

पंजाब में 955 ग्राम हेरोइन बरामद

जालंधर(वार्ता)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के जिला गुरदासपुर और अमृतसर से पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराई गई 955 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफके प्रवक्ता ने गुरूवार को बताया कि बुधवार की शाम को प्रतिबंधित वस्तुओं की एक खेप की उपस्थिति के बारे में विशेष जानकारी पर, बीएसएफ और पंजाब पुलिस द्वारा गुदरासपुर के गांव डुगरी में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। तलाशी के दौरान, सैनिकों ने डुगरी के पास एक गन्ने के खेत से पीले चिपकने वाले टेप में लपेटा हुआ 555 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया। एक अन्य घटना में बीएसएफ और पंजाब पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अमृतसर के गांव रानियां से चार सौ ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। बुधवार देर शाम को ड्रोन के संबंध में विशेष जानकारी पर, बीएसएफ के जवानों ने एक संदिग्ध ड्रोन और साथ ही गांव-रानियां के पास कुछ गिरने की आवाज सुनी। निर्धारित अभ्यास के अनुसार, बीएसएफ जवानों ने तुरंत प्रतिक्रिया व्यक्त की। बीएसएफ द्वारा पंजाब पुलिस के साथ गहराई वाले इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया।

एफबीआई चीफ अगले सप्ताह आएंगे भारत, खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू के खिलाफ सबूतों पर होगी चर्चा

नई दिल्ली(ए.)। संघीय जांच ब्यूरो के निदेशक क्रिस्टोफर ए रे अगले सप्ताह भारत आएंगे। रे का यह दौरा ऐसे वक्त हो रहा है, जब अमेरिकी संघीय अभियोजकों द्वारा एक भारतीय नागरिक और एक अनाम भारतीय अधिकारी पर अमेरिकी धरती पर खालिस्तान अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है। सूत्रों ने कहा कि इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं और एनआईए प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) संगठन के संस्थापक नामित 'व्यक्तिगत आतंकवादी' गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ मामलों और सबूतों सहित कई मुद्दों पर चर्चा करेगी। इसमें अमेरिकी नस्ल का गैंगस्टर दरमनजोत सिंह काहलों, जिसने लोकप्रिय पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला को खत्म करने के लिए हथियार मुहैया कराए थे और खालिस्तान समर्थक जिन्होंने कथित तौर पर मार्च में सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में तोड़फोड़ की थी।

सूत्रों ने कहा कि रे के केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और गृह मंत्रालय

के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मिलने की संभावना है। सूत्रों ने आगे बताया कि आमतौर पर, एनआईए और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के अधिकारी अपने मामलों और अपराधियों पर चर्चा करने के लिए एफबीआई के कानूनी अताशे से मिलते हैं। यह पहली बार है कि वे एफबीआई निदेशक के सामने सभी सबूत और मामले पेश करने जा रहे हैं।'

एफबीआई की कानूनी अताशे टीम, अमेरिकी दूतावास के कर्मी और राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून प्रवर्तन अधिकारी भी साथ होंगे। संपर्क करने पर अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने कहा, ÷मुझे इस पर घोषणा करने के लिए कुछ नहीं है। इस सप्ताह की शुरुआत में, व्हाइट हाउस ने पुष्टि की थी कि पन्नू की हत्या की कथित साजिश पर उसके दौरे पर आए प्रधान उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन फाइनर और शीर्ष भारतीय अधिकारियों के बीच बैठकों में चर्चा हुई थी। फाइनर ने सोमवार को एनएसए अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की।

29 नवंबर को अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने 52 वर्षीय भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर पन्नू को मारने की कथित साजिश में एक अज्ञात भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ काम करने का आरोप लगाया था। अमेरिकी अभियोजकों ने मैनहट्टन अदालत को सूचित किया कि चेक गणराज्य के अधिकारियों ने गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। इंडियन एक्सप्रेस ने पहले बताया था कि गुप्ता को अभियोग दायर होने से कुछ दिन पहले नवंबर के मध्य में प्राग में एक उच्च सुरक्षा जेल सुविधा से अमेरिकी क्षेत्राधिकार में स्थानांतरित कर दिया गया था। भारत ने इसे चिंता का विषय बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की घोषणा की थी।

12 साल में एफबीआई निदेशक की पहली भारत यात्रा

सूत्रों के मुताबिक, 11-12 दिसंबर को भारत आने वाले क्रिस्टोफर ए रे के साथ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) प्रमुख दिनकर गुप्ता के साथ तीन प्रमुख मुद्दे उठाने की उम्मीद है। जिसमें खालिस्तान आतंकवाद, गैंगस्टर सांठगांठ और जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद शामिल है। 2017 में कार्यभार संभालने के बाद रे की यह पहली भारत यात्रा है, और 12 वर्षों में किसी एफबीआई निदेशक की पहली यात्रा है।

गाजा में चल रहे युद्ध पर प्रियंका गांधी की मोदी सरकार से अपील

पहले का भारत ऐसा नहीं था, कुछ करिए....

नई दिल्ली(ए.)। सात दिन के युद्धविराम के बाद फिर से इजरायली सेना ने गाजा पट्टी पर कहर बरपाना शुरू कर दिया है। उसकी सेना हमास आतंकियों के ठिकानों को चुन-चुनकर नष्ट कर रही है। हमास द्वारा संचालित गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, भीषण कत्लेआम में मरने वालों की संख्या 16 हजार पहुंच गई है, जिसमें अधिकतर बच्चे और महिलाएं हैं। यह महाभयंकर युद्ध पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा का भी बयान सामने आया है। उन्होंने गाजा पट्टी में इजरायली सेना के हमले पर दुख जताया। कहा कि एक संपूर्ण देश का सफाया हो रहा है। इसमें भारत को कुछ करना चाहिए। प्रियंका ने मोदी सरकार को अपने संदेश में

कहा है कि पहले का भारत ऐसा नहीं था। हमे कुछ करना चाहिए। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र भी गाजावासियों के लिए गहरी चिंता जता चुका है। बुधवार को ऐतिहासिक कदम उठाते हुए संस्था के प्रमुख एंटोनियो गुटेरस ने यहां अनुच्छेद 99 लागू किया है।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने गुरुवार को ट्वीट कर गाजा में मारे जा रहे लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने X पर लिखा, युद्धविराम के बाद गाजा पर बेरहम बमबारी और अधिक बर्बरता के साथ जारी है। खाद्य आपूर्ति दुर्लभ है, चिकित्सा सुविधाएं नष्ट हो गई हैं और बुनियादी सुविधाएं बंद हो गई हैं। 16,000 निर्दोष नागरिक मारे गए हैं, जिनमें लगभग 10,000 बच्चे, 60 से अधिक पत्रकार और सैकड़ों चिकित्सा कर्मचारी शामिल हैं। एक संपूर्ण राष्ट्र का सफाया हो रहा है। ये हममें से बाकी लोगों की तरह ही सपने और उम्मीदें रखने वाले लोग हैं। हमारी आंखों के सामने ही उन्हें बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया जा रहा है। कहां है हमारी मानवता?

जो उचित हमेशा उसी के साथ खड़ा हुआ हिंदुस्तान

प्रियंका गांधी आगे लिखती हैं, भारत हमेशा अंतरराष्ट्रीय मंच पर जो उचित है उसके लिए खड़ा रहा है। हमने दक्षिण अफ्रीका के रंगभेदी शासन के खिलाफप्रतिबंधों के लिए लड़ाई लड़ी, हमने फिलिस्तीन में अपने भाइयों और बहनों को स्वतंत्रता के लिए उनके लंबे संघर्ष की शुरुआत से समर्थन दिया और अब हम पीछे खड़े हैं और कुछ नहीं कर रहे हैं। वहां एक ऐसा नरसंहार हो रहा है जो उन्हें धरती से मिटा देगा। प्रियंका गांधी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सदस्य के रूप में यह भारत का कर्तव्य है कि वह जो सही है उसके लिए खड़ा हो। हमें जल्द से जल्द युद्धविराम सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

यूएन ने गाजा में लगाया अनुच्छेद 99

बुधवार को संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख एंटोनियो गुटेरस ने गाजा में चल रहे युद्ध की गंभीरता को देखते हुए यूएन चार्टर का अनुच्छेद 99 लागू किया। यह अनुच्छेद संयुक्त राष्ट्र का सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान है। जिसके तहत वो किसी ऐसे मामले को सुरक्षा परिषद के ध्यान में लाते हैं जो उनकी राय में अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है। संयुक्त राष्ट्र के इतिहास में केवल नौ बार ही इस अनुच्छेद का इस्तेमाल किया गया है।

'उड़ान' से बढ़ी विमान यात्रियों की संख्या : सिंधिया

नई दिल्ली(वार्ता)। सरकार ने गुरुवार को लोकसभा को बताया कि विमान यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी में 'उड़ान' योजना कारगर साबित हो रही है। नागर विमानन मंत्री

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि 2014 के बाद नौ साल में विमान यात्रियों की संख्या छह करोड़ से बढ़कर 14 करोड़ हो गयी है जो 2030 तक तीन गुना बढ़ोतरी के साथ 42 करोड़ पहुंच जाने की संभावना है। विमान यात्रियों की संख्या में इस बढ़ोतरी में 'उड़ान' योजना भी कारगर साबित हो रही है। इस योजना के तहत 76 हवाई अड्डों से उड़ानें शुरू की गयी हैं और आंकड़े बताते हैं कि छोटी सी अवधि में एक करोड़ 30 लाख लोग 'उड़ान' योजना के तहत हवाई यात्रा कर चुके हैं। उन्होंने एक अन्य पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि सरकार ने देश को नये नागर विमानन युग में ले जाने के संकल्प के साथ एयर इंडिया का विनिवेश किया है और इसके साथ ही यह देखने को मिला है कि एयर इंडिया में पहले 400 विमानों का बेड़ा था लेकिन विनिवेश होने के साथ इस विमानन कंपनी ने एक साथ 470 विमानों की खरीद के लिए करार किया है। इसका फायदा देश के विमान यात्रियों को निश्चित ही मिलेगा। आईयूएमएल के सांसद ई. टी. बशीर मोहम्मद ने सरकार से पूछा कि क्या वह छुट्टियों और त्योहारों के मौसम में विमान किरायों में बेतहाशा बढ़ोतरी पर अंकुश लगाने के लिए हस्तक्षेप करेगी? इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''हमें नागरिक उड्डयन क्षेत्र की स्थिति को समझना होगा। यह 'सीजनल सेक्टर' है। किराया बढ़ना केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक घटना है।

योगी सरकार के रडार पर यूपी के मदरसे

■100 करोड़ की विदेशी फंडिंग की होगी जांच

लखनऊ(ए.)। उत्तर प्रदेश में अब विदेशी फंडिंग हासिल करने वाले मदरसा सरकार की रडार पर आ गए हैं। खबर है कि इनकी जांच के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली सरकार ने जांच के आदेश भी दे दिए हैं। आगे की प्रक्रिया सरकार की तरफ से गठित स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम या SIT उठाएगी। कहा जा रहा है कि इनमें से करीब 80 मदरसा ऐसे हैं, जिन्हें विदेश से करीब 100 करोड़ रुपये की फंडिंग मिली है।

जांच में क्या?

इन मदरसों को फंडिंग कहां से मिल रही है? साथ ही इन रुपयों को किस काम के लिए खर्च किया जा रहा है? इनमें कोई

अनियमितताएं हैं या नहीं? खबर है कि SIT ने ऐसे 80 मदरसों की पहचान कर ली है, जिन्हें बीते 2 सालों में लगभग 100 करोड़ रुपये की फंडिंग मिली है। कहा जा रहा है कि SIT ने पहले ही बोर्ड से रजिस्टर्ड मदरसों की जानकारी मांग ली है। ऐंटीएस में एडिशनल डीजी मोहित अग्रवाल बताते हैं, 'हम देखेंगे कि विदेशी फंडिंग के जरिए मिली रकम को कैसे खर्च किया जा रहा है। यह देखा जाना है कि रकम का इस्तेमाल मदरसा चलाने के लिए हो रहा है या कोई अन्य गतिविधियों पर खर्च किया जा रहा है।'

बीजेपी के लोकसभा सदस्यों के इस्तीफे स्वीकार

नई दिल्ली(ए)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भाजपा के उन नौ सांसदों के इस्तीफे स्वीकार कर लिए हैं जिन्होंने विस चुनावों में विधायक निर्वाचित होने के बाद त्यागपत्र दिए थे। सदन समवेत होते ही श्री बिरला ने गुरुवार को इस बारे में सभा को सूचित किया। उन्होंने बताया कि राजस्थान के जयपुर ग्रामीण से सांसद राज्यवर्धन राठौड़, राजसमंद से दीया कुमारी, मध्य प्रदेश के मुरैना से नरेन्द्र सिंह तोमर, दमोह से प्रह्लाद पटेल, जबलपुर से राकेश सिंह, सीधी से रीति पाठक, होशंगाबाद से उदय प्रताप सिंह तथा छत्तीसगढ़ के रायगढ़ से गोमती साय और बिलासपुर से सांसद अरुण साव ने इस्तीफा दिया है।

आईएसआई भी नहीं बचा पा रही भारत के दुश्मनों की जान

■ पाकिस्तान में लश्कर के आतंकी को गोलियों से किया छलनी

नई दिल्ली। पाकिस्तान में हाल के कुछ महीनों में भारत के दुश्मनों को मौत के घाट उतारा जा रहा है। अज्ञात लोगों ने तीन दिन पहले कराची में लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर और पिछले कुछ वर्षों में घाटी में सुरक्षा बलों के काफिलों पर सिलसिलेवार हमलों के साजिशकर्ता अदनान अहमद उर्फ अबू हंजला की गोली मारकर हत्या कर दी। हंजला को उन हमलावरों ने बहुत करीब से सिर, छाती और पेट में कई बार गोली मारी। आईएसआई ने उसे दो-स्तरीय सुरक्षा दी थी। इसके बावजूद उसकी हत्या हो गई।

लश्कर-ए-तैयबा समर्थक टेलीग्राम अकाउंट द्वारा सीसीटीवी फुटेज और तस्वीरें जारी की गई है। इसमें एक वैन में हंजला का गोलियों से छलनी शव दिखाया गया है। रात में उसके घर के बाहर बंदूकधारियों ने उसे निशाना बनाया। इसके बाद उसे अब्बासी शहीद अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने इसे आतंकी हमला करार दिया है। हंजला इस साल पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में रहस्यमय हत्याओं में मरने वाले आतंकियों में सबसे बड़ा नाम है। उसने 25 जून, 2016 को पंपोर में सीआरपीएफ के काफिले पर आतंकवादी हमले की साजिश रची थी। उस हमले में आठ जवान शहीद हो गए थे। 22 घायल हुए थे। भारत की 'वांटेड लिस्ट' में शामिल एक और आतंकवादी की पाकिस्तान में हुई हत्या को लेकर चर्चा हो रही। हंजला को 24×7 मल्टी-लेयर सुरक्षा दी गई थी। इसके बाद भी उसे मार गिराया गया। हंजला की हत्या लश्कर के दो अन्य प्रमुख चेहरों के रहस्यमय तरीके से मारे जाने के एक महीने बाद हुई है। अज्ञात लोगों ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में लश्कर कमांडर अकरम गाजी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में 2018 सुंजवान आतंकी हमले के मास्टरमाइंडों में से एक ख्वाजा शाहिद की हत्या कर दी गई थी। उसका नियंत्रण रेखा के पास कटा हुआ सिर मिला था। हंजला ने 2015 में उधमपुर में बीएसएफके काफिले पर हमले की भी साजिश रची थी, जिसमें दो बीएसएफकर्मी शहीद हो गए थे और 13 घायल हो गए थे। एक वरिष्ठ खुफिया अधिकारी ने टीओआई को बताया, ÷पंपोर आतंकी हमले की जांच एनआईए द्वारा की गई थी और अदनान और अन्य के खिलाफ 6 अगस्त 2015 को आरोप पत्र दायर किया गया था। महत्वपूर्ण बात यह है कि पंपोर हमले की योजना लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद के दामाद खालिद वलीद ने बनाई थी।

यूनेस्को की विरासत सूची में शामिल हुआ गुजरात का गरबा

नई दिल्ली। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने बुधवार को कहा कि राज्य के लोकप्रिय गरबा नृत्य को यूनेस्को ने 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आईसीएच) की प्रतिनिधि सूची' में शामिल किया है। भारत ने नवरात्रि उत्सव के दौरान पूरे गुजरात और देश के कई अन्य हिस्सों में आयोजित होने वाले गरबा को सूची में शामिल करने के लिए नामांकित किया था। पटेल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''गरबा के रूप में देवी मां की भक्ति की सदियों पुरानी परंपरा जीवित है और बढ़ रही है। गुजरात की पहचान बन चुके गरबा को यूनेस्को ने अपनी अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची के तहत मंजूरी दी है।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''यह दुनिया भर में फैले गुजरातियों के लिए गौरव का क्षण है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की विरासत को महत्व दिए जाने और ऐसी विरासत को दुनिया भर में ले जाने का परिणाम है। गुजरात के लोगों को बधाई।'' मंगलवार को कसाने, बोत्सवाना में शुरू हुई अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की हिफाजत के लिए अंतर सरकारी समिति की 18वीं बैठक के दौरान अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सहेजने संबंधी 2003 की संधि के प्रावधानों के तहत इसे सूची में शामिल किया गया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, ''गुजरात का गरबा नृत्य इस सूची में शामिल होने वाला भारत की 15वीं अमूर्त सांस्कृतिक विरासत है। यह उपलब्धि सामाजिक और लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देने वाली एकीकृत शक्ति के रूप में गरबा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है।'' विज्ञप्ति में कहा गया, ''एक नृत्य शैली के रूप में गरबा परंपरा और श्रद्धा की जड़ों में गहराई से समाया हुआ है, जिसमें सभी क्षेत्रों के लोग शामिल होते हैं और यह समुदायों को एकजुट करने वाली एक जीवंत परंपरा के रूप में विकसित हो रहा है।''

साइबर धोखाधड़ी करने वाली देश की 100 वेबसाइटों पर गृह मंत्रालय ने लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली(ए)। गृह मंत्रालय ने निवेश और नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली 100 वेबसाइटों की पहचान कर उन पर प्रतिबंध लगाते हुए उन्हें बंद कर दिया है। मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मंत्रालय ने अपने वर्टिकल नेशनल साइबर क्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट के माध्यम से पिछले सप्ताह संगठित निवेश अथवा कार्य आधारित पार्ट टाइम नौकरी देने की धोखाधड़ी में शामिल 100 से अधिक वेबसाइटों की पहचान कर उन पर अंकुश लगाने की सिफारिश की थी। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत अधिकार का प्रयोग करते हुए इन वेबसाइटों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

फिलीपींस के बाद इटली भी चीन के 'बेल्ट एंड रोड' से बाहर, अपने ही जाल में फंसते जा रहे चीनी राष्ट्रपति

दिल्ली(ए.)। दुनिया भर में अपनी पहुंच सुनिश्चित कर व्यापार, निवेश और राजनीतिक पकड़ मजबूत करने के चीन के प्रयासों को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब इटली ने औपचारिक रूप से बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव से बाहर होने की घोषणा की. इससे पहले नवंबर में ही दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस की नाव और चीनी तटरक्षक जहाज में टक्कर के बाद फिलीपींस ने बीआरआई प्रोजेक्ट से अलग होने की घोषणा की थी। इटली 2019 में बड़े उत्साह के साथ क्र्र्द्ध में शामिल हुआ था. उस समय इटली के प्रधानमंत्री फाइव स्टार मूवमेंट के नेता ग्यूसेप कोंटे थे. बीआरआई में इटली का शामिल होना चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के लिए एक बड़ी राजनीतिक जीत थी. ऐसा कहा जाने लगा कि चीन, यूरोप में

घुसपैठ करने के लिए इटली का इस्तेमाल करेगा. लेकिन जॉर्जिया मेलोनी की सरकार बनने के बाद से ही यह अटकलें लगाई जाने लगी कि इटली शायद ही 2024 में बीआरआई एग्रीमेंट को रिन्यू करेगा।

चीन के लिए बड़ा झटका

बीआरआई प्रोजेक्ट से इटली का अलग होना चीन के लिए इसलिए भी बड़ा झटका है क्योंकि इटली यूरोपीय यूनियन की तीसरी और वैश्विक स्तर पर दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है. इसके अलावा इटली बीआरआई प्रोजेक्ट में शामिल होने वाला एकमात्र जी-7 देश था। 2019 में इटली जब बीआरआई में शामिल हुआ था, उस वक्त भी उसके पश्चिमी सहयोगी देशों ने इसका विरोध किया था. क्योंकि बीआरआई में शामिल होने वाला इटली जी-7 का एकमात्र देश था. अमेरिका और कई यूरोपीय देशों के चीन के साथ रिश्ते तनावपूर्ण स्थिति में हैं. अमेरिका ने इटली सरकार को यह स्पष्ट कर दिया था कि बीआरआई में इटली की भागदारी, जी-7 में उसकी स्थिति के परस्पर विरोधी है। इसके अलावा जी-7 समूह ने एक आधिकारिक नीति अपनाई है जिसे डी-रिस्किंग नाम दिया गया है।

क्या है चीन का 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव'

चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और एशिया, यूरोप और अफ्रीका के देशों को सड़क मार्ग, रेल मार्ग और बंदरगाह से जोड़ने के लिए 2013 में 'बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव' प्रोजेक्ट लॉन्च किया था. दुनिया के सबसे बड़े आर्थिक गलियारे के तौर पर इस प्रोजेक्ट को चीन के लिए सबसे महत्वकांक्षी योजना बताया जाता है। अरबों डॉलर के इस प्रोजेक्ट का मकसद चीन की समुद्री गलियारों और शिपिंग मार्गों को बाकी दुनिया से जोड़ना है. 'बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव' को जिनपिंग ने 2013 में कजाकिस्तान में लॉन्च किया था. उस वक्त इसे 'वन बेल्ट वन रोड' के नाम से जाना जाता था. 2017 में चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी के संविधान में भी बीआरआई के महत्व का उल्लेख किया गया. जिनपिंग ने इस प्रोजेक्ट को 'प्रोजेक्ट ऑफद सेंचुरी' करार दिया था.। वन बेल्ट वन प्रोजेक्ट को दो हिस्सों में बनाया जा रहा है. इसका पहला हिस्सा जमीन पर बनने वाला सिल्क रोड है, जिसे सिल्क रोड इकोनॉमिक बेल्ट कहा जाता है. वहीं, दूसरा मैरीटाइम सिल्क रोड है, जो समुद्री रास्ते से होकर गुजरेगा। 150 से अधिक देशों और 32 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने बीआरआई बीआरआई प्रोजेक्ट में साथ काम करने में रुचि दिखाई है।

भुवनेश्वर-हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस बनी द बर्निंग ट्रेन, बाल-बाल बचे यात्री

कटक (ए)। ओडिशा में कटक रेलवे स्टेशन पर भुवनेश्वर-हावड़ा जनशताब्दी ट्रेन के एक कोच में आग लगने की घटना सामने आई है। आग लगने के बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया। जान बचाने के लिए सभी लोग इधर-उधर भागने लगे। हालांकि फायर सर्विस के कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया और बड़ा हादसा होने से टल गया। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक कटक रेलवे स्टेशन पर रुकने के लिए हावड़ा-जनशताब्दी एक्सप्रेस में जैसे ही ब्रेक लगा, एक कोच के पहियों के पास से धुआं निकलने लगा। फिर देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं। कटक रेलवे स्टेशन के अधिकारी और फायर ब्रिगेड कर्मी बिना देर किए मौके पर पहुंच गए और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। सुरक्षा जांच के बाद ट्रेन को अपने गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। ईस्ट कोस्ट रेलवे ने कहा, 'ब्रेक-बाइंडिंग के कारण 12074 भुवनेश्वर-हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस को कटक

रेलवे स्टेशन पर सुबह 6.30 बजे से रोका गया। पहिए से ब्रेक शू को अलग करने के बाद ट्रेन लगभग 7.15 बजे कटक से रवाना हुई।' घटना आज सुबह की है, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें देखा जा सकता है कि एक ट्रेन स्टेशन पर खड़ी है, जिसके एक कोच के निचले हिस्से से धुंआ उठ रहा है। कुछ लोग अग्निशमन यंत्रों के जरिए आग बुझाने में जुटे हैं। पहिए से ब्रेक शू के अलग नहीं होने के कारणों की जांच की जा रही है।

न्यूज गैलरी

ट्रांसपोर्ट कार्यालय के बाहर से ट्रेलर पार

रायपुर/नवप्रदेश। अटारी रोड स्थित त्रिमूला ट्रांसपोर्ट के पास खड़ी ट्रेलर वाहन को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दुर्गेश तिवारी 41 वर्ष ग्राम बिछिया उत्तरप्रदेश का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी का ट्रेलर वाहन क्रमांक एमएच 40 बीजी 3752 का अटारी रोड स्थित त्रिमूला ट्रांसपोर्ट के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 3 लाख 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मेकाहारा के पार्किंग से बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। मेकाहारा स्थित मरच्युरी के पार्किंग में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी रिपूसूदन देवांगन 53 वर्ष बेरला का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 07 एजे 7786 को मेकाहारा मरच्युरी के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कार डिवाईडर से टकराई, एक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। टोल नाका आरंग के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। जिससे एक युवक की मौत हो गई। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक सतीश यादव 35 वर्ष बीरगांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी कार क्रमांक सीजी 04 पीए 8876 में निरंजन डडसेना के साथ कहीं गया था, तभी टोल नाका के पास आरंग में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। जिससे कार चालक सतीश यादव की मौत हो गई। वहीं निरंजन को चोट आई है। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हाइवा की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। राजिम रोड अभनपुर में एक तेज रफ्तार हाइवा के चालक ने रोड किनारे खड़े बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक गिरधर यादव 21 वर्ष ग्राम खुरसेंगा कुरूद का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक में भूपेन्द्र कुमार के साथ सड़क किनारे खड़ा था, तभी हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एचएन 5387 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे गिरधर की मौत हो गई, वहीं भूपेन्द गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

सट्टा खिलाते तीन गिरफ्तार



रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने सटोरियों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सट्टा खिलाते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 6590 रुपए जब्त किया है। गुढ़ियारी पुलिस ने गोगांव स्थित झाबक पेट्रोल पंप के पास सट्टा खिलाते आरोपी सूरज राजपूत 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से नकदी 4600 रुपए जब्त किया है। इसी तरह टिकरापारा पुलिस ने बोरिया तालाब के पास सट्टा खिलाते आरोपी ज्ञानसिंह ध्रुव 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 890 रुपए जब्त किया है। वहीं खरोरा पलिस ने आरोपी रंजीत सिंह 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 4 नग सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1100 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस वीर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व : हरिचंदन

रायपुर/नवप्रदेश। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में हुये शामिल राज्यपालसशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में हुये शामिल राज्यपाल राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित समारोह में कहा कि हमारे वीर सशस्त्र बलों ने निस्वार्थ और उल्लेखनीय बहादुरी के साथ हमारे महान राष्ट्र की सेवा की है।

झण्डा दिवस उनके और उनके परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व है। कार्यक्रम में राज्यपाल ने वीर नारियों एवं माताओं, वीरता अलंकरण विजेताओं, शहीद सैनिकों के परिजनों और झण्डा दिवस के अवसर पर विशेष योगदान देने वाले दानदाताओं का सम्मान भी किया। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने अपने उद्बोधन के दौरान इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि झण्डा दिवस निधि से लगभग 27 महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है जिससे हम अपने भूतपूर्व सैनिकों की उचित तरीके से देखभाल करने में सक्षम होंगे। उन्होंने इस बात पर भी खुशी व्यक्त की कि राज्य सरकार ने भूतपूर्व सैनिकों के लिए ग्रुप सी के पदों में 10 प्रतिशत और ग्रुप डी में 20 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है इससे इन पूर्व सैनिकों को विभिन्न नौकरियों के रिक्त पदों में उचित लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री हरिचंदन ने सैनिक कल्याण वेबसाईट ''फ्लेम'' का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस नये एप्लीकेशन में हमारे भूतपूर्व सैनिकों के लिए सभी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध हैं। यह एप्लीकेशन कल्याणकारी योजनाओं के पंजीकरण और कार्यान्वयन की प्रक्रिया को बहुत सरल, पारदर्शी और अधिक प्रभावी बनाएगा। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों से आग्रह किया कि वे नई टेक्नोलॉजी का उपयोग करें और खुद को लगातार अपग्रेड करते रहें। श्री हरिचंदन ने भूतपूर्व सैनिकों एवं शहीदों के परिजनों को आश्वस्त किया कि सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी हैं। राज्यपाल ने झण्डा दिवस के अवसर पर 2 लाख रूपए की सहयोग राशि राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड को प्रदान की। समारोह की शुरूआत में शहीद सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की गई और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का प्रतीक बैज लगाकर श्री हरिचंदन को सम्मानित किया गया। जिला सैनिक अधिकारी कैप्टन अनुराग तिवारी ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु के संदेश का वाचन किया। समारोह में झण्डा दिवस निधि संग्रहण के उत्कृष्ट प्रयासों के लिए राज्यपाल ने रायपुर और दुर्ग के जिला कलेक्टरों और जिला सैनिक कल्याण अधिकारियों को राज्यपाल ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के ब्रोशर संक्षेपिका-2023 का भी विमोचन किया गया। एन.सी.सी. कैडेटों ने ओजपूर्ण देश भक्ति गीत प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम में गृह विभाग छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ, राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो, गृह विभाग के सचिव अरूणदेव गौतम, सचिव गृह विभाग बसव राजू, राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के संचालक ब्रिगेडियर विवेक शर्मा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी तथा भूतपूर्व सैनिक एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

नालंदा के छात्रों से मिले ओपी चौधरी

रायपुर/नवप्रदेश। रायगढ़ से भारी बहुमत से जीते पूर्व आईएएस अफसर और वर्तमान में भाजपा के विधायक ओपी चौधरी ने नालंदा परिसर में छात्रों से मुलाकात की है। श्री चौधरी ने बताया कि कल देर रात नालंदा परिसर का जायजा लिया और वहाँ आवश्यक सुधार और जरूरतों को समझा। बता दें कि दूसरी बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे बीजेपी उम्मीदवार और पूर्व नौकरशाह ओपी चौधरी को 1,29,134 वोट मिले. उनके खाते में 63.21 फीसदी वोट आए हैं. वहीं दूसरे नंबर पर कांग्रेस उम्मीदवार प्रकाश शक्रजीत नाइक रहे, उन्हें 64,691 वोट मिले. उनका वोट शेयर 31.66 फीसदी रहा. रायगढ़ सीट पर चौधरी सहित 19 उम्मीदवार मैदान में थे. ओपी चौधरी ने अपनी पूरी स्कूली शिक्षा (कक्षा 12वीं तक) विभिन्न गांव के सरकारी स्कूलों में पूरी की. मैथ्स से बी.एससी. करने के बाद, उन्होंने सबसे कम उम्र में 2005 बैच में आईएएस की परीक्षा पास की. 22 साल की उम्र में चौधरी IAS बन गए थे. 13 साल की अपनी सर्विस में उन्होंने अपने गृह कैडर छत्तीसगढ़ में काम किया।

अमरजीत को भारी पड़ रहा मूंछ मुड़ाने का दावा

रायपुर/नवप्रदेश। चुनाव में यदि कांग्रेस की सरकार हार जाती है तो मैं मूंछ मुड़ा लूंगा। यह दावा किया था कांग्रेस सरकार में दिग्गज मंत्री रहे अमरजीत भगत ने। अब कांग्रेस की हार के बाद उनपर मूछ मुंडवाने का दबाव भाजपाई बना रहे हैं। इसी कड़ी में अब भाजपा के पूर्व मंत्री और नारायणपुर विधायक केदार कश्यप ने अमरजीत भगत पर चुटकी ली है। श्री कश्यप ने कहा है कि, अब मूछ नोचने के अलावा वे बाल भी नोच लेंगे। मूछ नोचने का काम सीतापुर की जनता ने कर दिया है। अहंकार खत्म करने का काम बीजेपी कार्यकर्ताओं ने किया है। श्री कश्यप नहीं रुके, उन्होंने कहा कि, भगत अब अपना सर बचाते हुए फिर रहे हैं। कहें तो मैं तिरुपति ले जाकर मूंछ साफ और मुंडन करा देता हूं।

चंद्राकर का कांग्रेस पर तंज, दिल्ली में समीक्षा नहीं, पांच सालों का हिसाब होगा

रायपुर/नवप्रदेश। अपने तीखे और चुटेली ट्वीट्स को लेकर हमेशा चर्चा में रहने वाले प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता, पूर्व मंत्री और कुरूद विधायक ने आज एक बार फिर से कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए ट्वीट किया है। उल्लेखनीय है कि, छत्तीसगढ़ में चुनाव नतीजों के बाद बीजेपी-कांग्रेस के बीच सोशल मीडिया पर तकरार जारी है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस की हार पर दिल्ली में होने जा रही समीक्षा बैठक को लेकर तंज कसा है। अजय चंद्राकर ने ट्वीट कर लिखा है... छत्तीसगढ़ कांग्रेस के लोग हार की समीक्षा के लिए दिल्ली जा रहे हैं। लेकिन दिल्ली को हार की समीक्षा से ज्यादा रुचि पांच सालों के हिसाब- किताब में रहती है। शायद कांग्रेस की बैलेंस शीट फरार है।

मिचौंग की वजह से छत्तीसगढ़ में मौसम ने ली करवट, ठंड बढ़ने के साथ बूंदा-बांदी

रायपुर/नवप्रदेश। चक्रवाती तूफान मिचौंग के प्रभाव से सोमवार रात से छत्तीसगढ़ का मौसम बदला हुआ है। रात से शुरू हुई हल्की बारिश का दौर दिनभर जारी रहा है। तापमान में 9 डिग्री तक गिरावट आने की वजह से लोग दिन में ठिठुरते हुए अलावा का सहारा लेते रहे। मौसम विभाग ने रायपुर समेत मध्य और दक्षिण क्षेत्र में कोल्ड डे घोषित कर दिया। बुधवार के मौसम में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है और बारिश की स्थिति बनी रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञ एच. पी. चंद्रा के मुताबिक ठंड के सीजन में चक्रवाती तूफान की वजह से आज दूसरी बार राज्य में कोल्ड डे के हालात बने। इसके पूरे नवंबर में बिलासपुर और पेंड्रा में तापमान पांच डिग्री तक नीचे गया था। इस बार समूचे दक्षिण और मध्य इलाके में तापमान सामान्य से नौ डिग्री तक नीचे चला गया। राज्य में तूफान का प्रभाव सोमवार से बादल के रूप में नजर आया और रात होने के बाद कई इलाकों में हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया था। वहीं मंगलवार की सुबह धूप नहीं निकली और लगातार पड़ती फुहारों से मौसम सर्द हो गया। बदले मौसम का असर सामान्य कामकाज पर भी नजर आया।

करणी सेना अध्यक्ष गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में राजपूत समाज का प्रदर्शन

हत्यारों को फांसी देने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में छत्तीसगढ़ के राजपूत क्षत्रीय समाज ने विरोध प्रदर्शन किया. इसके आक्रोश रैली निकालकर हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की।

राजस्थान के जयपुर में मंगलवार को राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की घर में घुसकर हत्या कर दी गई थी.

गोगामेड़ी की हत्या को लेकर छत्तीसगढ़ में भी राजपूत समाज में आक्रोश नजर आ रहा है. इस कड़ी में राजपूत क्षत्रिय समाज के सदस्यों ने पहले तेलीबांधा में धरना-प्रदर्शन किया. इसके बाद रैली निकालकर राजभवन पहुंचे, जहां राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर हत्या के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई. राजभवन से समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट परिसर तक रैली निकाली।

नौकरी दिलाने का झांसा देकर महिला से 7 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग में पर्यवेक्षक के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 7 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया शिखा जायसवाल 26 वर्ष गोल चौक डीडीनगर की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया ने अभी हाल ही में महिला एवं बाल विकास विभाग में पर्यवेक्षक के पद पर परीक्षा दिलाई थी। जिसके बाद उसके एक परिचित विकास ठाकुर ने अपना पहुंच मंत्रालय तक बताते हुए शिखा को पर्यवेक्षक के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया और उससे 7 लाख रुपए ऐंठ लिया। जब आरोपी विकास द्वारा और पैसे की मांग करने लगा। तब प्रार्थिया ने इसकी शिकायत डीडीनगर थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर रायपुर हुआ सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर आज रायपुर जिले को राज्यपाल श्री बिस्वा भूषण हरिचंदन ने सम्मानित किया। सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास तथा कल्याणकारी योजनाओं के लिए प्रदेश में सर्वाधिक दान राशि ईकठ्ठा करने के लिए रायपुर जिले को यह सम्मान मिला है।

राजभवन में आयोजित सादे समारोह में राज्यपाल ने जिले के कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे को प्रशस्ति पत्र देकर इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। रायपुर जिले ने अथक प्रयास कर सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों की विधवाओं और उनके आश्रितों के पुनर्वास तथा कल्याणकारी योजनाओं के लिए 22 लाख रूपये से अधिक की राशि दान के रूप में ईकठ्ठी की है। समारोह में राज्यपाल श्री बिस्वा भूषण हरिचंदन ने सैनिक कल्याण के लिए सभी नागरिकों से अधिक से अधिक सहयोग-दान करने की अपील भी की।

इस दौरान गृह विभाग के प्रमुख सचिव श्री मनोज पिंगुआ, राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, गृह विभाग के सचिव अरूणदेव गौतम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल, सैनिक कल्याण बोर्ड के संचालक ब्रिगेडियर विवेक शर्मा सहित सेना के अधिकारी भूतपूर्व सैनिक और उनके परिजन भी मौजूद रहे।

आवास खाली करने 50 से अधिक पूर्व विधायकों को नोटिस जारी

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा का कार्यकाल खत्म होने के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही 2018 में निर्वाचित हुए सभी विधायकों की विधायकी खत्म हो गई है, इनमें जो इस बार चुनाव नहीं जीते हैं अब वे पूर्व विधायक की श्रेणी में आ गए हैं। उन्हें मिल रही सभी तरह की सुविधाएं समाप्त कर दी गई हैं। हारने वाले व पूर्व हो चुके करीब 50 से अधिक विधायकों को विधायक आवास खाली करने का नोटिस जारी कर दिया है। बता दें कि 3 दिसंबर को परिणाम आने के बाद भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। बघेल के इस्तीफे के दूसरे ही दिन विधानसभा के विघटन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जानकारी के अनुसार 2018 में चुने गए पक्ष और विपक्ष के 50 से ज्यादा विधायकों को राजधानी में आवंटित विधायक आवास खाली करने का निर्देश जारी कर दिया गया है। वहीं मकान अब नए विधायकों को आवंटित किया जाएगा। इधर, सिविल लाइन स्थित मंत्रियों के आवास भी खाली होने शुरू हो गए हैं। बता दें कि मंगलवार को मंत्री मोहम्मद अकबर ने सबसे पहले अपना सरकारी बंगला खाली कर दिया है। कुछ पूर्व मंत्री अभी बंगला खाली करने के मूड में नहीं है, इस वजह से उन्होंने बंगले के बाहर पूर्व मंत्री लिखा दिया है।

नई सरकार गठन से पहले 5 थाना प्रभारियों का ट्रांसफर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद से ट्रांसफर का दौर जारी है। रायपुर में भी 5 थाना प्रभारियों के प्रभार में फेरबदल किया गया है। रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने इस आदेश को तत्काल प्रभाव से जारी किया है। इस आदेश के मुताबिक टीआई स्तर के अधिकारियों के थाना में बदलाव किया गया है। आदेश के मुताबिक अविनाश सिंह को थाना पंडरी, जितेंद्र ताम्रकार को थाना सिटी कोतवाली, विनित दुबे को थाना धरसींवा, शिवेंद्र राजपूत को थाना डीडी नगर और गिरीश तिवारी को प्रभारी डीसीबी/डीसीआरबी बनाया गया है।

डीपीसी में चार उप संचालकों का नाम शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। डीपीआई से जारी नए निर्देशानुसार अब शिक्षा विभाग में लिपिक संवर्ग की पदोन्नति प्रक्रिया में उप संचालक स्तर के अधिकारी भी रहेंगे। आदेश में कहा गया है कि तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की की डीपीसी में लोक शिक्षण संचालनालय में पदस्थ में चार उप संचालकों को नामांकित किया गया है। बिलासपुर संभाग के लिए हेतराम सोम, रायपुर संभाग के लिए आशुतोष चावरे, बस्तर व सरगुजा के लिए राकेश पांडेय और दुर्ग संभाग के लिए करमन खटकर को नामित किया गाय है।

सरेआम शराब पीते 46 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 46 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। गुढ़ियारी पुलिस ने अशोक नगर में दबिश देकर सरेआम शराब पीते आरोपी शुभम तिवारी 26 वर्ष व यशवंत दुबे 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी तरूण 32 वर्ष एवं गंज थाना पुलिस ने आरोपी रामलाल यादव 30 वर्ष, रोशन यादव 28 वर्ष, मुकेश साहू 39 वर्ष व सूर्या महानंद 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी ताराचंद चंद्राकर 39 वर्ष एवं आमानाका पुलिस ने आरोपी गावेन्द्र देशमुख 30 वर्ष एवं वीर सिंह प्रजापति 51 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सेजबहार पुलिस ने आरोपी विकास पदमवार 27 वर्ष, सौरभ भारती 29 वर्ष, रितिक देवांगन 23 वर्ष व नवल किशोर साहू 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी योगेश साहू 30 वर्ष व मोहित रात्रे 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

जूडो प्रतियोगिता में रंजीता ने जीता स्वर्ण पदक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले की जूडो खिलाड़ी रंजीता ने 48 किलो वर्ग में तृतीय वूमेंस लीग राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता संस्कारधाम स्पोर्ट्स अकैडमी अहमदाबाद गुजरात में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। बिलासपुर जिले की चांदनी ने अपने वजन वर्ग में कांस्य पदक अर्जित किया है।

इससे पूर्व भी जूडो खिलाड़ी रंजीता एवं चांदनी ने अनेक राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने का उनका प्रयास लगातार जारी रहा और उसकी परिणिति गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में अपने वजन वर्ग 48 किग्रा की प्रतियोगिता में क्रमशः स्वर्ण एवं ब्रांस पदक प्राप्त कर राज्य को गौरवान्वित होने का मौका प्रदान किया। जूडोका रंजीता एवं चांदनी की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, महासचिव एस आर सोनी, कोषाध्यक्ष सतीश सिंह, बस्तर जिला जूडो संघ के अध्यक्ष किरण देव, महासचिव अब्दुल मोइन, रायपुर जिला संघ के अनीश मेनन, बिलासपुर जूडो संघ के राजकुमार जायसवाल, प्रशिक्षकगण शेख शरीफ, विजय नाग, श्वेता यादव, किरण शर्मा ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी हैं।

संपादकीय

कश्मीर को लेकर लोकसभा में अमित शाह की खरी-खरी

संसद के शीतकालीन सत्र में जम्मू कश्मीर पुनर्गठन विधेयक पेश किया गया। जिस पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंड़ित जवाहरलाल नेहरू को कोट करते हुए यह कह दिया कि नेहरू की गलती के कारण ही पीओके भारत के हाथों से निकल गया। पंड़ित नेहरू ने कश्मीर मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में ले जाकर बड़ी गलती की और उन्होंने उस समय सीजफायर के आदेश दे दिए। जब भारतीय सेना पीओके पर कब्जा करने जा रही थी। उनकी इन गलतियों के कारण ही कश्मीर समस्या लंबे समय तक उलझी रहीं। जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुलझाया और जम्मू कश्मीर से 370 का खात्मा कर उसे सही मायनों में भारत का अभिन्न अंग बनाया। गृह मंत्री अमित शाह के इस बयान को लेकर संसद में कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों ने जमकर हंगामा किया विपक्ष ने सरकार को घेरने के लिए कश्मीर में 370 हटने के बावजूद हालात नहीं बदलने का आरोप लगाया। इसके जवाब में अमित शाह ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए खरी- खरी सुनाई। अमित शाह ने बताया कि 370 के हटने के बाद से अब घाटी में शांति स्थापित हो रही है। आतंकवादी घटनाओं में 70 प्रतिशत कमी आई हैं और पत्थरबाजी की घटनाएं तो बिल्कुल बंद हो गई है। जो लोग पहले यह कहते थे कि यदि कश्मीर से 370 का खात्मा हुआ तो कश्मीर घाटी में खून की नदियां बह जाएगी उन्हें अब यह बात समझ लेनी चाहिए कि कश्मीर घाटी में अब एक कंकर मारने की भी कोई जुर्रत नहीं कर सकता। कश्मीर में बदलाव की बयार बह रही है और अब वहां बड़ी संख्या में पर्यटक जा रहे हैं। जिससे कश्मीर की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। जम्मू कश्मीर पुनर्गठन विधेयक में अब जम्मू और कश्मीर की विधानसभा सीटें बढ़ाने का भी प्रस्ताव किया गया है दो सीटें कश्मीरी पंडितों के लिए भी आरक्षित की गई हैं। यही नहीं बल्कि पाक अधिकृत कश्मीर के लिए भी सीटें आरक्षित रखी गई हैं। इसका मतलब साफ है कि भारत सरकार पाक अधिकृत कश्मीर के बारे में बहुत जल्द कोई बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर रही है। वैसे भी पीओके भारत का ही हिस्सा है जिसपर पाकिस्तान ने अवैध कब्जा कर रखा है। अब तो पाक अधिकृत कश्मीर के बाशिंदे ही पाकिस्तान से अलग होकर भारत में विलय की मांग करने लगे हैं और अपनी इस मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं। पाकिस्तान भी समझ रहा है कि अब पीओके उसके हाथ से निकले जा रहा है। यही वजह है कि कश्मीर घाटी में आतंकवाद की आग को भड़काने के लिए वह सीमा पार से साजिशें रच रहा है किन्तु भारतीय सेना और सुरक्षा बलों की सतर्कता के कारण पाक के नापाक मंसूबे कामयाब नहीं हो पा रहे रहे हैं। अब तो संसद में जम्मू कश्मीर पुनर्गठन विधेयक पारित हो गया है और इसी के साथ ही वहां विधानसभा चुनाव का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। गौरतलब है कि जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारुक अबदुल्ला और महबूबा मुफ्ती लगातार कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की मांग करते रहें हैं और केन्द्र सरकार पर आरोप लगाते रहें हैं कि वह जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव जानबूझ कर टाल रही है जबकि केन्द्र सरकार इसकी तैयारी में लगी हुई थी और अब उसने जम्मू कश्मीर पुनर्गठन विधेयक पारित करा दिया है और वहां विधानसभा सीटों की संख्या भी बढ़ा दी है। कश्मीरी पंडितों के आरक्षण की भी व्यवस्था लागू कर दी है जाहिर है। अब जम्मू कश्मीर में शीघ्र ही विधानसभा चुनाव की घोषणा की जा सकती है। हो सकता है कि 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव के साथ कश्मीर विधानसभा चुनाव भी करा लिए जाएं। एक बार वहां चुनाव हो गया और जनता द्वारा चुनी गई सरकार बन गई तो जम्मू कश्मीर के विकास का द्वार खुल जाएगा। देखना होगा कि केन्द्र सरकार कब कश्मीर में चुनाव कराती है।

विश्व में देश का प्रतिनिधित्व करते शिक्षा, संस्कार और विज्ञान का ज्ञान

संजीव ठाकुर

वैश्विक परिदृश्य में किसी भी देश की पहचान और उसका महत्व देश की शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता,संस्कारों में अंतर्निहित ज्ञान और देश की सांस्कृतिक विविधता से ही होती हैद्य इसके पश्चात प्राकृतिक संसाधनों का दोहन एवं विज्ञान, तकनीकी एवं व्यापारिक क्षमता से देश की स्थिति का आकलन होता है। किसी भी राष्ट्र की आधारशिला उस राष्ट्र की संस्कृति,शिक्षा,संस्कार और ज्ञान की कसौटी ही होते है।शिक्षित नागरिक ही महान राष्ट्र का निर्माण करते हैं, और संस्कृति,संस्कार उसे समुद्ध देश बनाते हैं। राष्ट्र निर्माण में हर नागरिक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। आज का नवजात शिशु कल का सफ्ल नागरिक होता है, उसकी शिक्षा-दीक्षा और संस्कार से ही देश की सफ्लता निर्भर होती है। कक्षा की पिछ्ली सीट पर बैठे किसी आइंस्टीन की तलाश के लिए पारखी की नजरों की आवश्यकता होती है। जिसे नकारा घोषित कर विद्यालय से निकाल दिया जाता है, वही बालक आगे चलकर युग परिवर्तनकारी ÷सापेक्षता का विशिष्ट सिद्धांत÷ दे जाता है. न्यूटन के गति के सिद्धांत हमारे जिंदगी को द्रुतगति से आगे की ओर अग्रसर करते हैं। यह ऐसे बालक जो जो आगे चलकर बनी बनाई परंपरा तथा लीक से हटकर चलते हैं, और परंपराओं पर गहरी चोट करते हैं। जो समाज से सुना, उसे सुनकर रह नहीं जाते हैं, और जो समाज में उसने देखा,सिर्फ देख कर नहीं रह जाते हैं, बल्कि देख सुनकर उस पर चिंतन मनन कर नई धारणा तथा सिद्धांतों को प्रतिपादित करते हैं और विश्व को उसकी सौगात भी देते हैं। हमें इन महान बालकों को गरीब बस्तियों से लेकर गली मोहल्ले और शहरों में खोजना चाहिए। बेंजामिन फ्रैंक्लीन कि अपनी राय है कि बिना वैचारिक स्वतंत्रता के बुद्धि जैसी कोई चीज हो ही नहीं सकती है। हम वर्तमान में जिस समाज में हैं और जिस समाज से हमने सभ्यता का विकास की शुरुआत की है, उसका जब सूक्ष्म विश्लेषण करते हैं तो यही पाते हैं कि अपनी आजादी के तमाम तामझाम बनाने वाला इंसान दिन प्रतिदिन अपनी की बनाई दुनिया के बोझ तले गुलाम होता जा रहा है।



आज हमारी शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो गई है, कि बचपना बस्ते के बोझ तले दबता चला जा रहा है। हमारी शिक्षा व्यवस्था को ऐसा होना चाहिए कि बच्चों को किताबी कीड़ा बनाने के बजाय उसकी नैसर्गिक रचनात्मक प्रतिभा को उभार कर जीवन उपयोगी बनाएं। बच्चों का मूल्यांकन सिर्फ इसी आधार पर नहीं होना चाहिए कि उसने कितने अंक प्राप्त किए हैं, बल्कि यह देखा जाना चाहिए कि उसकी रूचि किस क्षेत्र में ज्यादा है, और वह जीवन में इस क्षेत्र में आगे बढ़ कर एक सफ्ल इंसान और समाज के लिए कितना उपयोगी हो सकता है,और वह खेल, साहित्य, संस्कृति, विज्ञान में कितना अपनी शक्ति और क्षमता के हिसाब से क्या प्रदर्शन कर सकता है। माता-पिता तथा अभिभावकों को भी इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि उसे जबरिया डॉक्टर,इंजीनियर, वैज्ञानिक या अधिकारी बनाने की बजाय उसकी रूचि हो को मद्देनजर रखकर उसका कैरियर चुनने की आजादी देने में मदद करनी चाहिए। अधिकांश भारतीयों ने जो अनुसंधान या नई खोजें की हैं, वह सब विदेशों में जाकर ही वहीं की सुविधाएं प्राप्त कर,परिणाम दे सके हैं। भारत में गणित, विज्ञान तकनीकी संचार,इंजीनियरिंग, मीडिया रिसर्च की बहुत ज्यादा आवश्यकता है। यह अत्यंत विचार योग्य है कि हम अपने युवा देश के युवा साथियों को उत्कृष्ट मंच अनुसंधान अथवा साहित्य, संस्कृति,विज्ञान तथा अन्य क्षेत्रों में नहीं दे पा रहे हैं। प्रतिभा पलायन की दरों में वृद्धि को रोककर हमें अपने बच्चों को बाल्यकाल से उनकी विचारधारा तथा रूचि के अनुसार समस्त सुविधाएं प्रदान कर नई चीजों के लिए उन्हें प्रोत्साहित कर उन्हें साधन संपन्न बनाना चाहिए।

हमारी शिक्षा नीति हमारे अभिभावक, समाज और सरकार को चाहिए कि बचपन से सृजन क्षमता को आगे बढ़ाकर जिंदगी के बहुत से पाठ स्वयं सीख कर उनके उत्तर तलाशने में उन्हें सक्षम बनाएं। यह एक प्रकार का मनोविज्ञान भी है। यह मनोविज्ञान माता,पिता, भाई, बहन एवं बालक को समझ में आए ऐसा उनके बाल काल से ही व्यवहार के रूप में समझाना होगा, तब जाकर वह छोटा बालक एक विचार वान देश और समाज के उपयोगी नौजवान बन पाएगा। दार्शनिक रूसो ने भी कहा है कि ÷मनुष्य स्वतंत्र जन्म लेता परंतु सामाजिक बंधनों द्वारा जकड़ लिया जाता है÷ जरूरी है कि बालकों बालिकाओं के बाल काल से ही बंधनों से स्वतंत्र रखा जाए अतिवादीता तथा रूढ़िवादिता से परे उन्हें स्वतंत्र विचार करने की मौलिकता तथा क्षमता को विकसित होने की प्रक्रिया में अनुसरण करने का मौका दिया जाए। इससे हम जिस लोक में जी रहे हैं उस समाज को नए रूप में वक्त के साथ बदला जा सके।

लोकसभा में जम्मू कश्मीर आरक्षण और पुनर्गठन होने से परिवर्तन की कड़ी में एक और मोती जुड़ा

किशन भावनानी

पिछड़ों और गरीबों का दर्द जानते हैं। जब ऐसे लोगों को आगे बढ़ाने की बात होती है, तब मदद से ज्यादा सम्मान के मायने होते हैं।कश्मीरी विस्थापितों को आरक्षण देने से कश्मीर की विधानसभा में उनकी आवाज गूंजेगी और अगर फिर विस्थापन की स्थिति आएगी तो वो उसे रोकेंगे।पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू जी की गलती का खामियाजा वर्षों तक कश्मीर और देश को उठाना पड़ा।पहली गलती थी, जब हमारी सेना जीत रही थी, तब पंजाब तक आते ही सीजफायर कर दिया गया और पाक-अधिकृत कश्मीर का जन्म हुआ, अगर सीजफायर 3 दिन देर से होता तो पाक-अधिकृत कश्मीर आज भारत का हिस्सा होता।नेहरू जी की दूसरी बड़ी गलती थी जब वे कश्मीर मसले को संयुक्त राष्ट्र में ले गए।जम्मू और कश्मीर में 45 हज़ार लोगों की मृत्यु की ज़िम्मेदार धारा 370 थी, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने उखाड़ कर फेंक दिया।धारा 370 के हटने सेअलगाववाद समाप्त हुआ है और आतंकवाद में बहुत कमी आई है।कश्मीर के विस्थापितों को अपने ही देश के अन्य हिस्सों में शरणार्थी बनकर रहना पड़ा, लगभग 46,631 परिवारों के 1,57,967 लोग विस्थापित हुए1

वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि दुनियां की धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले भारत के अभिन्न अंग जम्मू कश्मीर राज्य जहां 1987 के एक विवादित चुनाव के साथ कश्मीर में बड़े पैमाने पर सशस्त्र उग्रवाद की शुरूआत हुई, जिसमें राज्य विधानसभा के कुछ तत्वों ने एक आतंकवादी खेमे का गठन किया, जिसने इस क्षेत्र में सशस्त्र विद्रोह में एक उत्प्रेरक के रूप में भूमिका निभाई। और फिर उसके दशकों बाद जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 और 35ए द्वारा दिए गए विशेष दर्जे को हटाने के लिए संसद ने 5 अगस्त, 2019 को मंजूरी दी। तब केन्द्रीय गृह मंत्री ने इसे ऐतिहासिक भूल को ठीक करने वाला ऐतिहासिक कदम कहा था। चाइल्ड मैरिज एक्ट, शिक्षा का अधिकार और भूमि सुधार जैसे कानून अब यहां भी प्रभावी है।इसी तरह यहां सभी व्यवस्थाओं को सुद्धारित संशोधन करते हुए विकास व सफ्लताओं के अनेक अध्याय जुड़ते चले गएऔर आज दिनांक 6 दिसंबर 2023 को संसद के मानसूनसत्र में जम्मू कश्मीर आरक्षण और पुनर्गठन संशोधन संबंधित दोनों विधेयकों के पारित होने से परिवर्तन की कड़ी में एक और मोती जुड़ गया है जो मिल का पत्थर साबित होगा इसलिए आज हमपीआईबी व मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेलोकसभा में परित जम्मू कश्मीर के दोनों विधेयक मील का पत्थर साबित होंगे।

साथियों बात अगर हम 6 दिसंबर 2023 को संसद में पारित जम्मू कश्मीर संबंधी दोनों विधेयकों की करें तो, लोकसभा ने जम्मू-कश्मीर आरक्षण-संशोधन विधेयक 2023 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन-संशोधन विधेयक 2023 पारित कर दिये हैं। जम्मू-कश्मीर आरक्षण-संशोधन विधेयक-2023, जम्मू-कश्मीर आरक्षण विधेयक-2004 में संशोधन के बारे में है। इसके अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सामाजिक तथा शैक्षिक रूप से पिछडे लोगों को पेशेवर संस्थानों में नौकरियों तथा प्रवेश में आरक्षण का प्रावधान है। उधर जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक-2023, जम्मू-कश्मीर पुर्नगठन विधेयक-2019 में संशोधन के बारे में है। इस विधेयक में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में कुल 83 सीटों को निर्दिष्ट करने वाले 1950 के अधिनियम की दूसरी अनुसूची में संशोधन किया गया था। प्रस्तावित विधेयक में सीटों की कुल संख?या बढाकर 90 करने का प्रावधान है। इसमें अनुसूचित जातियों के लिए 7 और अनुसूचित जनजातियों के लिए 9 सीटों का प्रस्ताव किया गया है। विधेयक में यह भी कहा गया है कि उपराज्यपाल विधानसभा में कश?मीरी विस?थापितों में से दो सदस्यों को नामांकित कर सकते हैं। इनमें एक सदस्य महिला होनी चाहिए। विस?थापितों को ऐसे व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया गया है जो पहली नवम?बर 1989 के बाद कश?मीर घाटी या जम?मू-कश?मीर के किसी अन?य भाग से विस?थापित हुए हों और राहत आयुक?त के साथ पंजीकृत हों। इसमें कश्मीरी पंडित समुदाय के दो सदस्यों और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से विस्थापितों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक सदस्य को विधान सभा में नामित करने का प्रावधान है। यह विधेयक नियुक्ति और प्रवेश में आरक्षण के लिए पात्र लोगों के एक वर्ग के नामकरण को बदलने का प्रयास करता है। दो दिनों तक चली छह घंटे से अधिक की बहस और केंद्रीय गृह मंत्री के जोशीले जवाब के बाद विधेयक पारित कर दिए गए।गृहमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा लाए गए जम्मू कश्मीर से संबंधित दो विधेयक पिछले 70 वर्षों से अपने अधिकारों से वंचित लोगों को न्याय देंगे। कहा कि विस्थापित लोगों को आरक्षण देने से उन्हें विधायिका में आवाज मिलेगी।गृह मंत्री के मुताबिक, विधानसभा में नौ सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित की गई हैं। पीओके लिए 24 सीटें आरक्षित की गई हैं, क्योंकि पीओके हमारा है। उन्होंने कहा कि इन दोनों संशोधन को हर वो कश्मीरी याद रखेगा जो पीड़ित और पिछड़ा है। विस्थापितों को आरक्षण देने से उनकी आवाज जम्मू-कश्मीर की विधानसभा में गूंजेगी। शाह ने कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी के सवालों पर कहा कि कश्मीरी विस्थापितों के लिए 880 फ्लैट बन गए हैं और उनको सौंपने की प्रक्रिया जारी है।

साथियों बात अगर हम इन विधेयकों की अन्य विशेषताओं की करें तो, उसमें कश्मीरी प्रवासी समुदाय से विधानसभा में अधिकतम दो सदस्यों को नामित करने की उपराज्यपाल की शक्ति शामिल है, जिसमें एक नामांकित महिला होगी। इसके अतिरिक्त, पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के विस्थापितों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक सदस्य को नामांकित किया जा सकता है। कश्मीरी प्रवासियों को उन व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया गया है, जो 1 नवंबर, 1989 के बाद कश्मीर घाटी या जम्मू-कश्मीर राज्य के किसी अन्य हिस्से से चले गए और राहत आयुक्त के साथ पंजीकृत हैं। संसद के निचले सदन में बहस के दूसरे दिन के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्री ने कथित तौर पर कहा कि नया कश्मीर- जम्मू-कश्मीर आरक्षण विधेयक, 2023 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन विधेयक, 2023 के माध्यम से शुरू हुआ। पिछले 70 वर्षों से अपने अधिकारों से वंचित लोगों को न्याय सुनिश्चित करेगा। चर्चा के दौरान विपक्ष के कई सदस्यों ने विधेयक पारित करने का विरोध किया, जब जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 की वैधता और अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार है। विपक्ष ने यह भी सवाल किया कि क्षेत्र की विशेष स्थिति रद्द करने के बाद चार साल तक जम्मू-कश्मीर में चुनाव क्यों नहीं हुए। साथियों बात अगर हम माननीय केंद्रीय गृहमंत्री के सदन में जवाब की करें तो, लोक सभा में उन्होंने कहा कि कुल 29 वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए लेकिन बिल के उद्देश्यों के साथ सभी ने सहमति जताई। उन्होंने कहा कि पीएम के नेतृत्व में लाए गए सैकड़ों प्रगतिशील परिवर्तनों की कड़ी में ये विधेयक एक और मोती जोड़ने का काम करेंगे। आगे कहा कि 70 सालों से जिन लोगों के साथ अन्याय हुआ, जो अपमानित हुए और जिनकी अनदेखी हुई, ये विधेयक उन्हें अधिकार और न्याय दिलाने वाले हैं। जो लोग इन्हें वोट बैंक के रूप में उपयोग कर, अच्छे भाषण देकर राजनीति में वोट हासिल करने का ज़रिया समझते हैं वे इसके नाम के बारे में नहीं समझ सकते।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)।1863 चिली के सैंटियागो के ला कंपाना के जेसुइट चर्च में आग लगने से 2,500 लोग मारे गए। 1881 यूरोपीय देश आस्ट्रिया की राजधानी विएना में थियेटर में आग लगने से 800 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। 1914 फॉकलैंड का जल युद्ध एटलांटिक महासागर में इसी नाम के द्वीपों के आस पास ब्रिटेन और जर्मनी के बीच लड़ा गया। 1923 रोम के कई इतालवी बेघर हुए और भारी बाढ़ के परिणामस्वरूप पहाड़ियों के लिए भागना पड़ा। तिबर नदी एक रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। 1923 जर्मनी और अमेरिका के बीच मित्रता संधि पर हस्ताक्षर किए गये। 1931 दूरसंचार में उपयोग होने वाले कोएक्सिएल केबल का अमेरिका में पेटेंट कराया। 1934 इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच साप्ताहिक एयर मेल सेवा शुरू हुई। 1943 वेरा का युद्ध मित्र देशों की जीत में समाप्त हुआ।1967 पहली पनडुब्बी आईएनएस कालवरी को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। 2010 भारत के पूर्व दूरसंचार मंत्री और उनके साझेदारों के घर पर एक भ्रष्टाचार घोटाले के संबंध में भारत के केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा छापा मारा गया है।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:07, सूर्यास्त : 05:29,चन्द्रोदय : 26:16, चन्द्रास्त : **13:40, अयन : दक्षिणायणे** (दक्षिणगोलीय), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : हस्त ,(योग : सौभाग्य), प्रथम करण : वणिज (16:09 तक), द्वितीय करण : विष्टि (29:06 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : कन्या, मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूत : 11:48 से 12:29, अमृत काल : 26:18 से 28:03, विजय मुहूर्त : 13:51 से 14:32, गोधूलि मुहूर्त : 17:14 से 17:42, सायाह्न सन्ध्या : 17:17 से 18:39, निशिता मुहूर्त : 23:41 से 24:36, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 07:00 से 08:17, दुर्मुहूर्त : 10:25 से 11:06, होमाहुति : राहु, दिशाशूल : दक्षिण, अग्निवास : पृथ्वी।

QUIZ TIME

1) मेवाड़ में भील आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?

2) बगीचों का शहर किस शहर का उपनाम है?

3) एशिया का सबसे बड़ा ओपन-एयर वार्षिक व्यापार मेला बाली जात्रा हाल ही में कहां शुरू हुआ है?

4) दुनिया का सबसे बुद्धिमान जानवर किसे माना जाता है?

5) किस भारतीय लेखक को लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए 45वां यूरोपीय निबंध पुरस्कार दिया गया है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मोतीलाल तेजावत (2) बेंगलुरु (3) कटक (4) चिम्पांजी (5) अरुंधति राय

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज भी दिन आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा परन्तु आकस्मिक खर्च आज अधिक रहने से परेशानी भी होगी।

वृषः आज के दिन व्यवस्थाओं में सुधार आने से आय की संभावनाएं बढ़ेंगी।

मिथुनः आज प्रातः काल में किसी आवश्यक कार्य में विलम्ब होने अथवा बिगड़ने के कारण दिन भर क्रोध से भरे रहेंगे फिर भी व्यवहार में नरमी रखें अन्यथा अन्य लाभों से भी हाथ धो बैठेंगे।

कर्कः आज आप प्रातः काल से ही यात्रा की योजना बनाएंगे परन्तु अंतिम समय में किसी कार्य के आने से विघ्न आ सकते है।

सिंहः आज के दिन आप अपने सभी कार्यों से संतोष करेंगे है। लेकिन घर बाहर विरोध का सामना भी करना पड़ सकता है।

कन्याः आज के दिन लाभ की संभावनाएं बनते बनते बिगड़ सकती है आलस्य की प्रवृति इसका कारण बनेगी। परन्तु फिर भी कार्य क्षेत्र पर सम्मानजनक स्थित बनी रहेगी।

तुलाः आपकी आज की दिनचर्या भी संघर्ष वाली रहेगी। परिश्रम अधिक करने पर भी अल्प लाभ होने से मन दुःख होगा।

वृश्चिकः आज आपका पारिवारिक जीवन उत्तम रहेगा व्यवसाय में भी आकस्मिक लाभ होने से उत्साहित रहेंगे।

धनुः आपका आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यवसायिक एवं पारिवारिक उलझने कम होने से आज आपकी योजना सफल बनेगी।

मकरः आज भी परिस्थितियों में उतार चढ़ाव लगा रहेगा इसलिए प्रत्येक कार्य को देख भाल कर ही करें।

कुंभः आपका आज का दिन अत्यन्त थकान वाला रहेगा। कार्य की भरमार रहने से शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशान रह सकते है।

मीनः आज आपके सोचे कार्य प्रारंभिक गतिरोध के बाद सफल बंनेगे। व्यवसायी लोग उचित निर्णय क्षमता का लाभ अवश्य पाएंगे। नौकरी वाले जातक भी अधिकारियों के नरम व्यवहार का लाभ उठा सकते है।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -266

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 265 का हल

पं	क्ति		स्वा	द		स	ब	ब
जा		सु	हा	ना			ली	द
ब	हु	धा		द	ल	ना		ल
		क	मा	न		ग	ह	ना
भं	व	र				वा	म	
गी	त		म	ज	बू	र		ट
	न	म	स्का	र				र
		यां			बी		ना	का
सं	वि	दा		ब	स	च	ल	ना

■ न्यूज गैलरी

नर्स को अध्ययन अवकाश का वेतन नहीं, हाई कोर्ट ने दिलाया न्याय

बिलासपुर/नवप्रदेश। एमएससी नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए विभागीय अनुमति मिलने के बाद नियमानुसार अध्ययन अवकाश का लाभ देते हुए कर्मी को वेतन का भुगतान किया जाना था। किंतु शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में पदस्थ कर्मी जो विभागीय अनुमति लेकर प्रशिक्षण ले रही थी, उनको फरवरी 2023 से मासिक वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा था। इस पर हाईकोर्ट ने डायरेक्टर चिकित्सा शिक्षा विभाग रायपुर को निर्देश जारी किए कि उक्त कर्मी को अध्ययन अवकाश का लाभ देते हुए मासिक वेतन संबंधी अभ्यावेदन पर शीघ्र कार्रवाई की जाए। बिलासपुर राजकिशोर नगर निवासी ममता शर्मा प्रदर्शक नर्सिंग के पद पर शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय बिलासपुर में पदस्थ हैं। उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बताया कि वे सरकारी प्रावधान के अनुसार अनुमति लेकर एमएससी नर्सिंग का 2 वर्ष के लिए प्रशिक्षण ले रही हैं। इसके लिए विभाग से उनको कार्य मुक्त भी कर दिया गया है। उनका अध्ययन अवकाश शेष है इस कारण उनको 2 वर्ष का सवैतनिक अध्ययन अवकाश मिला है। इसलिए फरवरी माह से वेतन का भुगतान भी किया जाना चाहिए। लेकिन वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे उसे अत्यधिक परेशानी हो रही है। सुनवाई के बाद जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल की सिंगल बेंच ने निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता को अध्ययन अवकाश का लाभ देते हुए फरवरी 2023 से वेतन का भुगतान करने संबंधी अभ्यावेदन का निराकरण किया जाए।

सूने मकान से सोने-चांदी के जेवर चोरी

बिलासपुर। चोरों ने कृषि वैज्ञानिक के सूने मकान का ताला तोड़ बर्तन और सोने -चांदी के जेवर समेत 65 हजार रुपए के सामान की चोरी कर ले गए। प्रार्थी सुधीश कुमार उपाध्याय पिता हर्षवर्धन प्रसाद उपाध्याय (59) सन रेजीडेंसी मंगला निवासी ने सिविल लाइन थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। प्रार्थी कृषि विज्ञान केन्द्र कटघोरा में सीनियर साइंटिस्टके पद पर पदस्थ हैं। सन रेजीडेंसी में वे अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। प्रार्थी की पत्नी 15 दिन से बाहर गई हुई थीं। प्रार्थी रोज कटघोरा से बिलासपुर अप-डाउन करते थे। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने घर की चाबी घर में काम करने वाली को दिया था जो उनकी अनुपस्थिति में घर में सोने आती थी। सोमवार को वो अपने ड्यूटी में कटघोरा गए थे। रात में घर नहीं आए। अगले दिन जब घर लौटे तो उनके घर पर काम करने वाली ने बताया कि घर का ताला टूटा हुआ है और घर का सामान बिखरा हुआ है।

1140 नग प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप जब्त

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ पुलिस की नशे के खिलाफ कार्यवाही जारी है। पूर्व में घरघोड़ा, तमनार और लैलूंगा क्षेत्र अवैध रूप से नशीली दवाओं (प्रतिबंधित कैप्सूल और सिरप) के अवैध बिक्री की सूचनाओं पर एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर अभियान चलाकर इस अवैध कारोबार से जुड़े आरोपियों पर कार्रवाई कर अंकुश लगाया गया। वहीं इसी कड़ी में थाना प्रभारी घरघोड़ा शरद चंद्रा द्वारा सतनामी मोहल्ला घरघोड़ा निवासी दीपक वारे के घर में दबिश देकर 6 कार्टून में रखे 1140 नग नशीली कफ सिरप जब्त किया है। आरोपी द्वारा अपने आंगन शौचालय के बगल में 6 कार्टूनों में भारी मात्रा में कफ सिरप रखा हुआ था। आरापी को सिरप का दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया जिसके पास प्रतिबंधित सिरप की बिक्री व रखने के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं था। पुलिस टीम द्वारा विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी दीपक वारे पिता सोहन लाल वारे उम्र 24 वर्ष सा. सतनामी मोहल्ला घरघोड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया।

गर्म कपड़ों के साथ रेनकोट व छाता, आज से खुलने लगेगा मौसम और बढ़ेगी ठंड

शहर में बारिश की झड़ी,पारा 17.6 डिग्री पर पहुंचा

बिलासपुर/ नवप्रदेश। न्यायधानी में तीन दिनों से मौसम बदला हुआ है। आसमान में काले घने बादल छाए हुए हैं। हल्की वर्षा के बीच गुरुवार सुबह से रिमझिम फुहारें चली। सड़कों पर लोग गर्म कपड़ों के साथ रेनकोट व छाता में नजर आए। हिल स्टेशन जैसा मौसम बना हुआ है। पर्यटक स्थलों में भीड़ जुट रही है।

मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा के मुताबिक एक अवदाब उत्तर-पूर्व तेलंगाना और उससे लगे दक्षिण छत्तीसगढ़-दक्षिण अंदरूनी उड़ीसा-तटीय आंध्र प्रदेश के ऊपर में कमजोर होकर चिन्हित निम्न दाब के क्षेत्र के रूप में स्थित है, इसके साथ उपरि हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका चिन्हित निम्न दाब के क्षेत्र से दक्षिण तमिलनाडु तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

एक पश्चिमी विक्षोभ,चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में हरियाणा और उसके आसपास 3.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसके प्रभाव से मौसम में बदलाव हुआ है। बता दें कि इसके असर से तीसरे दिन भी वर्षा का सिलसिला जारी है।

कल दर्शन देंगे सूर्यदेव

मौसम विभाग की मानें तो वर्षा की गतिविधियों में अब कमी आएगी। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात भी होने की संभावना है। इधन बिलासपुर में शुक्रवार को सूर्यदेव के दर्शन होंगे। मौसम शुष्क बना रह सकता है। आसमान में हल्के बादलों का परत रहेगा। जिस वजह से दिन के तापमान में वृद्धि और रात में गिरावट आएगी।

रात में गिरेगा पारा, बढ़ेगी ठंड

वर्षा के थमते ही तापमान में अब बदलाव होगा। दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से उपर पहुंच सकता है वहीं रात में पारा गिरेगा। नतीजा न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस तक आ सकता है। नौ व 10 दिसंबर से ठंड तेजी से बढ़ेगी। फिलहाल अभी दिन में पारा 22 व रात में 17.6 डिग्री सेल्सियस के आसपास है।

शहर में जलने लगे अलाव

गुरुवार की सुबह शहर का ऐसा नजारा था कि लोग घर और आफिस में दुबके रहे। चौक-चौराहों और कई घरों में अलाव व हीटर का सहारा लिया गया। ठंड से बचने लोग दिनभर गर्म कपड़ों में नजर आए। मौसम को देखते हुए लोगों ने चाय की चुस्की के साथ लजीज व्यंजन-पकवानों के साथ पकौड़े का मजा लिया।

जीतकर आने वाले अधिकतर वरिष्ठ और प्रतिष्ठित नेता यहीं से

बिलासपुर-सरगुजा का रहेगा राज्य मंत्रिमंडल में दबदबा

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शानदार जीत के साथ पांच साल के भीतर सत्ता में वापसी करने वाली भाजपा को अभी मुख्यमंत्री के नाम का फैसला करना बाकी है , लेकिन अभी से कयास लगने लगे हैं कि राज्य मंत्रिमंडल का स्वरूप क्या होगा? यदि चुने गए विधायकों की वरिष्ठता और प्रतिष्ठा की नजर से देखें तो मंत्रिमंडल में बिलासपुर - सरगुजा का दबदबा होगा। कांग्रेस शासन में भूपेश मंत्रिमंडल से ठीक उलट भाजपा शासन में संभावित राज्य मंत्रिमंडल में बिलासपुर और सरगुजा संभाग की सीटों से जीतकर आने वाले नेताओं का वर्चस्व हो सकता है। कांग्रेस शासन में बिलासपुर से कोई मंत्रिमंडल में कोई नहीं था। सरगुजा से दो टीएस सिंहदेव और अमरजीत भगत मंत्री थे। श्री भगत को बाद में मंत्रिमंडल विस्तार में मंत्री बनने का मौका मिला था।मुख्यमंत्री पद के लिए जिन नेताओं के नाम चल रहे हैं, उनमें भी यहां के नेताओं के नाम शामिल हैं। इन वरिष्ठ नेताओं में जशपुर से विष्णुदेव साय, गोमती साय बलरामपुर - रामानुजगंज से रामविचार नेताम, सूरजपुर से श्रीमती रेणुका सिंह और रायगढ़ से ओमप्रकाश चौधरी जैसे नेता शामिल हैं। इसी तरह बिलासपुर से अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक , धर्मजीत सिंह मुंगेली से पुनुलाल मोहले , अरूण साव, ऐसे नेता हैं, जिन्हें मंत्रिमंडल में या सरकार में महत्वपूर्ण पद मिलना तय माना जा रहा है। रामविचार नेताम, रेणुका सिंह , अमर अग्रवाल भाजपा सरकार में पहले भी मंत्री रह चुके हैं। धरमलाल कौशिक विधानसभा सभा अध्यक्ष थे। इस तरह बिलासपुर और सरगुजा संभाग ऐसे 10 नेताओं के नाम हैं, जिन्हें सरकार में महत्वपूर्ण स्थान पाने वालों में शामिल किया जा रहा है। अगर विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को शामिल कर लिया जाए तो राज्य मंत्रिमंडल के कुल सदस्य संख्या को मिलाकर देखा जाए तो सरकार में 15 नेताओं को महत्वपूर्ण पद दिए जा सकते हैं । इसके बाद निगम, मंडलों और संसदीय सचिव के रूप में अहम् जिम्मेदारी दिए जाने की बारी आई जाती है। जो नेता पिछली भाजपा सरकार में अहम् पदों पर रहे हैं , उनका ध्यान तो रखना ही होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री व प्रदेश भाजपाध्यक्ष विष्णुदेव साय व पूर्व राज्यसभा सदस्य व वर्तमान में विधायक रामविचार नेताम भी सत्ता के केंद्र में रहे। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद दोनों संभाग में सियासी संतुलन के हिसाब से देखें तो इन चारों दिग्गजों के अलावा केंद्रीय मंत्री व भरतपुर सोनहत से निर्वाचित विधायक रेणुका सिंह, रायगढ़ के विधायक ओपी चौधरी, सांसद व पत्थलगांव की विधायक गोमती साय की स्वाभाविक दावेदारी सामने आने लगी है। समर्थक कार्यकर्ता इंटरनेट मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म के जरिए अपने अंदाज में लाबिंग करते नजर भी आ रहे हैं। प्रदेश भाजपा के दिग्गज नेताओं के बीच इस बात को लेकर चर्चा होने लगी है। भाजपा की राजनीति में रुचि रखने वाले और कार्यकर्ताओं के बीच इस बात की अटकलें भी लगाई जा रही है कि बिलासपुर व सरगुजा संभाग से किन दिग्गजों को राज्य की सत्ता में सहभागिता का अवसर मिलेगा। यह भी चर्चा हो रही है कि जिन्हें राज्य की सत्ता में सहभागिता का अवसर नहीं मिलेगा उनको निगम मंडल सहित अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर राजनीतिक रूप से एडजस्ट करने की कोशिशें भी होंगी। स्वाभाविक दावेदारी, वरिष्ठता और क्षेत्र की जनता के बीच जुड़ाव का भी ध्यान रखा जाएगा।

डा. अम्बेडकर के आदर्शों को आत्मसात करें

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि हम सभी को भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर के आदर्शों, सिद्धातों एवं जीवन मूल्यों को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। हमें भेदभाव रहित समाज के निर्माण के सपने को साकार करना है। विश्वविद्यालय में बाबा आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम हुआ। इसकी अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो.चक्रवाल ने आगे कहा कि डा. आंबेडकर का संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता, न्याय, वंचित वर्ग के अधिकारों एवं उत्थान के लिये समर्पित रहा है। बाबा गुरु घासीदास के बताए सूत्र वाक्य मनखे-मनखे एक समान को समाज में स्थापित करने के लिए प्रयास किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं सामाजिक कार्यकर्ता डा. विनोद तिवारी उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डा. भीमराव आंबेडकर महामानव थे। उन्होंने स्वयं के शारीरिक कष्टों को त्यागकर राष्ट्रहित में जीवन समर्पित किया। उनका जीवन समतामूलक समाज के निर्माण में बीता। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक डा. गरिमा तिवारी सहित सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

नटराज कलामंच की घोषणा-कार्यक्रम में कुलपति प्रो.चक्रवाल ने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय नटराज कलामंच की स्थापना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि रजत जयंती सभागार के प्रांगण में मुक्तांगन नाट्य मंच पर विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुरूप संगीत, नाट्य कला एवं अभिनर्तन आदि से जुड़ी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

शहीदों और योद्धाओं के सम्मान में मनाया गया सशस्त्र सेना झंडा दिवस

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहीदों और योद्धाओं के सम्मान में प्रत्येक वर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय में भी आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। एडीएम श्री आरए कुरूवंशी ने इस अवसर पर कहा कि देश की सेना के प्रति सम्मान प्रकट करने और उनके लिए एकजुट होने का दिन है।

उन्होंने कहा कि सीमाओं पर सैनिक जागते हैं, इसलिए हम सुख-चैन की नींद सो पाते है। एडीएम ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण और शहीदों के लिए समर्पित दिन है। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के कल्याण संयोजक सूबेदार मेजर शिवेन्द्र पाण्डेय ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सशस्त्र झंडा दिवस हमारे उन योद्धाओं को समर्पित है जिन्होंने अपने प्राणों की परवाह किए बगैर शत्रुओं का सामना किया। यह दिवस भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास एवं कल्याण के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिवस है। उन्होंने बिलासपुर के नागरिकों से अपील की है कि सैन्य समुदाय के प्रति आदर और सदभाव व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग प्रदान करें। इस अंशदान राशि का प्रयोग, भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं और उनके बच्चों के लिए संचालित कल्याण योजनाओं में किया जाता है। कार्यक्रम में कर्नल जेम्स लाल, कर्नल राकेश सिंह बिसेन, कर्नल वीके शुकुल, कैपटन बीके शर्मा, लेफ्टिनेंट रवींद्र गोपाल, कैपटन देवेन्द्र दीक्षित सहित 50 से ज्यादा सैनिक एवं उनके परिजन मौजूद थे।

एसईसीएल में सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर दिया अंशदान

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसईसीएल मुख्यालय में गुरूवार को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) देबाशीष आचार्या, सीवीओ जयंत कुमार खमारी सहित विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारी-कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए शहीद सैनिकों के आश्रितों के कल्याण के लिए बनाए गए सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में अंशदान दिया। वर्ष 1949 से हर वर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश की सुरक्षा में शहीद हुए सैनिकों के आश्रितों के कल्याण हेतु सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन झंडे की

खरीद से होने वाली आय शहीद सैनिकों के आश्रितों के कल्याण में खर्च की जाती है। 7 दिसंबर, 1949 से शुरू हुआ यह सफर आज तक जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 07 दिसम्बर को एसईसीएल मुख्यालय में भी सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष के लिए दान एकत्रित की गई।

दर्जनों चखना सेंटरों को ढहाया गया

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर शराब दुकानों के समीप संचालित चखना सेंटरों को हटाने की कार्रवाई आज भी जारी रही। नगर निगम, आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने सकरी, उस्लापुर, गनियारी, तखतपुर, यदुनंदन नगर, तिफरा, बोदरी, सिरगिट्टी, परसदा, दगोरी, बिल्हा, हरदीटोना समेत अन्य देशी विदेशी शराब दुकानों के समीप संचालित चखना सेंटरों को ध्वस्त किया।

इसी प्रकार नगर पंचायत बोदरी एवं मल्हार में भी दर्जनों चखना सेंटरों पर कार्रवाई करते हुए हटाया गया। कलेक्टर ने आज समय-सीमा की बैठक में भी समीक्षा करते हुए शहर सहित ग्रामीण इलाकों में भी चखना सेंटरों को ध्वस्त करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि फिर से यह सेंटर संचालित न हो सके इसलिए इन्हें जमींदोज किया जाए। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ अगले दो दिनों तक ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर शराब दुकानों के समीप संचालित चखना सेंटरों को निस्तोनाबूत किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा उठाए जा रहे इस कदम से राहगीरों समेत आसपास रहने वाले लोगों को काफी राहत मिली है। लोग इस कार्रवाई के लिए प्रशासन की सराहना कर रहे है।

दूसरे दिन भी जारी रही बुलडोज़र वाली कार्रवाई

शहर में संचालित अवैध चखना दुकानों पर दूसरे दिन भी नगर निगम की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी रही। सुबह नगर निगम का अमला आबकारी विभाग और पुलिस बल के साथ बचे हुए चखना दुकान पहुंचे,जहां बने शेड और अस्थाई निर्माण को तोड़ा गया और सामानों को जब्त कर लिया गया है। आज की कार्रवाई में सकरी के चखना दुकान,हांफा रोड में संचालित चखना सेंटर,तिफरा सब्जी मंडी,यदुनंदन नगर सेक्टर डी और ट्रांसपोर्ट नगर में संचालित चखना दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया है।

बैठक | स्कूल शिक्षा विभाग के कामकाज की समीक्षा

समय पर स्कूल नहीं आने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

बिलासपुर। कलेक्टर अवनीश शरण ने निर्देश दिए हैं कि समय पर स्कूल नहीं आने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मध्यान्ह भोजन निर्धारित मेनू के आधार पर ही दिया जाए। सभी स्कूलों में एक सप्ताह के भीतर मेनू लिखा होना अनिवार्य है। स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण-पत्र 15 दिवस के भीतर स्कूल में ही कैम्प लगवाकर बनाया जाए।

कलेक्टर ने आज जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग के काम-काज की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने मेनू के अनुरूप बच्चों को गरम भोजन देने पर जोर दिया। बच्चों को पोषणयुक्त भोजन प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है, भोजन की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

कलेक्टर ने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र विशेष अभियान चलाकर 15 दिवस के भीतर बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल में ही कैम्प लगाकर यह कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को विभिन्न कार्यो जैसे आवेदन भरने, छात्रवृत्ति आदि के लिए जाति प्रमाण-पत्र की जरूरत होती है। इसके अभाव में उनके कार्य रूकने नहीं चाहिए। उन्होंने स्कूल में मध्यान्ह भोजन बच्चों को परोसे जाने के पहले इसे चखने के निर्देश दिए। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता के संबंध में बच्चों से फीडबैक जरूर लें।

स्कूलों में अपना शत प्रतिशत दें

कलेक्टर ने कहा कि सभी बच्चे स्कूलों में बड़ी उम्मीद से आते हैं। उनके साथ उनके पालकों के सपने भी सजते है। यह हमारी महती जिम्मेदारी है कि हम उनके सपनों को साकार करने स्कूलों में अपना शत प्रतिशत दें। बच्चों में बहुत प्रतिभा है, जरूरत केवल उन्हें सही मार्गदर्शन देने की है। स्कूलों का वातावरण अच्छा होना चाहिए। उन्होंने स्कूल के बाहर लगे ठेले-गोमचे प्राथमिकता से हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आरटीई की समीक्षा करते हुए बड़े स्कूलों में इस योजना के तहत प्रवेश लेने वाले बच्चों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी टी आर साहू ने शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में शासकीय 1110 प्राथमिक स्कूल, 519 पूर्व माध्यमिक स्कूल, 108 हाई स्कूल एवं 115 हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित है। शहरी और ग्रामीण दोनों मिलाकर 198 संकुल है। 34 स्वामी आत्मानंद स्कूल है, जिनमें 21 अंग्रेजी माध्यम एवं 13 हिंदी माध्यम के स्कूल है। इसके अलावा उन्होंने सरस्वती सायकल योजना, निशुल्क गणवेश वितरण योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बैठक में विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

आध्यत्म को जीते हैं भारतवासी- वाजपेयी

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत में शोषण, पोषण, अलग करने और जोड़ने के साथ ही कई तरह की संस्कृतियां हैं। हमारे यहां के लोग आध्यत्म को जीते हैं। यहां आध्यत्म एक परंपरा बन गई है। हमारे डीएनए में भी आध्यत्म बस गई है। ये बातें अटल बिहारी बाजपेयी यूनिवर्सिटी के कुलपति अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने बुधवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों से रूबरू कार्यक्रम में कहीं। उन्हें ब्रिटिश पार्लियामेंट के हाउस ऑफ लार्ड्स से इंटरनेशनल बुक ऑफ ऑनर अवार्ड से नवाजा गया है। उनकी इस उपलब्धि पर बिलासपुर प्रेस क्लब की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष इरशाद अली ने की। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार, सृजन पीठ के संस्थापक सतीश जायसवाल, प्राचार्य सिद्धेश्वर सिं रहे। उन्होंने कहा कि लंदन में 100 यूनिवर्सिटी के कुलपति को बुलाया गया था, उस कार्यक्रम में वे भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान भारतीय संस्कृति की विशेषताओं को दूसरे देशों की कल्चर से कैसे अलग और विशेष स्वरूप में स्थापित करने की चुनौती थी। उन्होंने कहा कि जितने भी विकसित देश हैं, %वहां फुट डालो और शासन करो' नीति अपनाई जाती है।

■ न्यूज गैलरी

मल्टी लेवल पार्किंग दिसंबर तक होगा पूरा

जगदलपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विजय दयाराम के ने गुरुवार 7 दिसंबर को संजय बाजार क्षेत्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस निरीक्षण दौरे में उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इतवारी बाजार में निर्माणाधीन मल्टी लेवल पार्किंग स्थल सह दुकानों के निर्माण कार्यों दिसंबर माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संजय बाजार क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर उपस्थित व्यापारियों से चर्चा की। इस दौरान निगम के अधिकारियों को बाजार स्थल में प्रतिदिन साफ-सफाई करवाने, ड्रेनेज सिस्टम को व्यवस्थित करने कहा। साथ ही मटन मार्केट, पार्किंग व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने संजय बाजार के मार्केट स्थल में विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर दुकानों का व्यवस्थिकरण करने और योजना अनुसार बाजार शेड में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही शौचालय की साफ-सफाई और बाजार की प्रतिदिन साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। बाजार परिसर में स्थित बसों की पार्किंग को हटाने के भी निर्देश दिए।

आंबा कार्यकर्ता के लिए 21 तक आवेदन

नारायणपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर परियोजना के अन्तर्गत ग्रामों में पुराने आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु 21 दिसंबर सायं 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। ग्राम पंचायत टेमरूगांव के आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यकर्ता के 1 पद, केरलापाल के हल्बापार में सहायिका के 1 पद, बोरण्ड नयापारा में सहायिका के 1 पद, हुच्चाकोट में सहायिका के 1 पद और गुडरीपारा सिंगोड़ीतराई में सहायिका के 1 पद रिक्त है। जिस ग्राम, वार्ड में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित किया जाना है, उस ग्राम के इच्छुक महिला उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र स्वयं अथवा पंजीकृत डॉक से परियोजना कार्यालय नारायणपुर में 21 दिसंबर सायं 5.30 बजे तक आमंत्रित किया गया है। उम्मीदवार इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना नारायणपुर से संपर्क कर सकते हैं।

हर सोमवार को जनसमस्या सुनेंगे कलेक्टर

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशानुसार जिला नारायणपुर में पूर्व की भांति अब प्रत्येक सोमवार को जिला कार्यालय में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिले के आमजनता को सूचित किया जाता है कि अपनी समस्या के समाधान एवं शिकायत संबंधी निराकरण के लिए जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में उपस्थित होकर निराकरण करा सकते हैं।

फसल बीमा रथ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

कांकेर/नवप्रदेश। फसल बीमा योजना रबी मौसम 2023-24 के लिए जिले में 12 दिसम्बर तक फसल बीमा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिले के किसानों को फसल बीमा योजना के प्रति जागरूक करने एवं बीमा आवरण की परिधि में शामिल करने के लिए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज फसल बीमा रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिले के बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि नोडल अधिकारी, कृषि के उप संचालक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

8 परिवारों को 32 लाख की मिली मदद

कवर्धा/नवप्रदेश । कलेक्टर जनमेजय महोबे ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत 08 विपत्तिग्रस्त परिवार को 32 लाख रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत सहसपुर लोहारा तहसील के ग्राम पावले निवासी कु. ज्योति निर्मलकर की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता रोहित निर्मलकर को, ग्राम कटोरी निवासी कु. साक्षी धुर्वे की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता बहुर सिंह को, पंडरिया तहसील के ग्राम पुटपुटा (आमाटोला) निवासी बुधराम की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके माता श्रीमती बिसाहीन बाई को और कवर्धा तहसील के ग्राम मजगांव निवासी राजेश्वरी गंधर्व की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता बलदाउ गंधर्व को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

मिलर्स को धान का उठाव करने का फरमान

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज शाम को जिले के राईस मिलर्स की बैठक लेकर धान उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव जल्द से जल्द करने के लिए कहा, ताकि जाम की स्थिति निर्मित न होने पाए। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी मिलर्स से डी.ओ. कटवाकर कल से उठाव प्रारम्भ करने के लिए कहा।

समितियों को उचित व्यवस्था करने के निर्देश- जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज शाम 4.30 बजे आयोजित बैठक में कलेक्टर ने वर्तमान में बारिश को देखते हुए समितियों में उचित रख-रखाव एवं बारिश से धान को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। साथ ही मिलरों को कस्टम मिलिंग का कार्य शीघ्रता से करने के लिए कहा, ताकि धान की आवक के साथ-साथ मिलिंग बाधित न हो। उन्होंने कहा कि जिन मिलर्स के द्वारा पूर्व वर्ष का 70 प्रतिशत जमा किया जा चुका है, वे तत्काल मिल पंजीयन करा लें तथा अपनी मिलिंग क्षमता का पूर्ण उपयोग करें।

98 हजार 442 मीट्रिक टन धान की खरीदी- बैठक में जिला खाद्य अधिकारी जन्मेजय नायक ने बताया कि जिले में अब तक 98 हजार 442 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसमें से 17 हजार 465 मीट्रिक टन धान का कांकेर एवं धमतरी जिले के मिलरों का डी.ओ. जारी हो चुका है, जिसका उठाव प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि जिले के 102 उपार्जन केन्द्रों में बफर लिमिट से अधिक धान भंडारित है। इस संबंध में कलेक्टर ने प्रबंध संचालक मार्कफेड से पत्राचार करने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए। उन्होंने जिले में धान उठाव एवं निराकरण में प्रगति लाने के लिए 15-15 दिनों में बैठक आहूत कर समीक्षा करने के लिए भी निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला विपणन अधिकारी आशुतोष कोसरिया, जिला प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति निगम विनोद बुधिचा सहित जिले के राईस मिलर्स उपस्थित थे।

21 मिलरों ने 9 हजार मीट्रिक टन चावल नहीं किए जमा

जिले में खरीफ वर्ष 2022-23 के कुल 21 मिलरों का लगभग 09 हजार मीट्रिक टन चावल जमा करने हेतु शेष है, जिसे शासन से प्राप्त दिशा-निर्देश के अनुसार जमा करने पर जोर दिया। बैठक में राईस मिलरों ने समिति में धान उठाव में दिये जाने वाले हमाली भुगतान के संबंध में एकरूपता लाने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने उप पंजीयक सहकारी संस्थाओं को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ली अफसरों की बैठक अधूरे सड़कों को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। शहर में निर्माणाधीन सड़कों के निर्माण कार्य प्रगति की जमीनी हकीकत से अवगत होने कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज दोपहर 12.00 बजे लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि निर्माण कार्य की गति के चलते शहरवासियों को किसी तरह की परेशानी न होने पाए, इसका विशेष तौर पर ध्यान रखते हुए सड़क जल्द से जल्द और पूर्ण गुणवत्ता के साथ बनाई जाएं।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान पेड़, स्ट्रक्चर या अन्य किसी प्रकार की बाधा आती है संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर दूर कर लें, किन्तु गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। साथ ही अलग-अलग समस्याओं को बिंदुवार समेकित कर सूची प्रस्तुत करने के भी निर्देश कलेक्टर ने कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को दिए।

मेले से पहले डामरीकरण पूर्ण करें बैठक में उपस्थित संबंधित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि ने बैठक में बताया कि वर्तमान में सब इंजीनियरों के द्वारा टेस्टिंग एवं अन्य प्रकार के तकनीकी कार्य सम्पादित किए जा रहे हैं और निर्माण कार्य का काम शीघ्रता से कराया जा रहा है।

कलेक्टर कार्यालय में मनाया सशस्त्र सेना झंडा दिवस

■ सैनिकों के कल्याण के लिए दान करने की अपील

जगदलपुर/नवप्रदेश। सशस्त्र सेना झंडा दिवस भारतीय सेना की बहादुरी, त्याग व समर्पण के सम्मान में एवं वीर शहीदों की स्मृति में 07 दिसंबर को कलेक्टोरेट में हर्ष के साथ मनाया गया। इस परिप्रेक्ष्य में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त विंग कमांडर जेपी पात्रो द्वारा अपर कलेक्टर सीपी बघेल तथा अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को सशस्त्र सेना ध्वज प्रतीक लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा हेतु शहीद सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिकों एवं सेना में सेवारत सैनिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास तथा कल्याणकारी योजनाओं के लिये अधिक से अधिक दान देकर इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करें। वहीं अपर कलेक्टर बघेल ने इस नेक पहल में उदारता एवं मुक्तहस्त से सहयोग प्रदान कर अनुग्रहित करने का आग्रह आम नागरिकों से किया।

गौरतलब है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस समस्त नागरिकों के लिये देश की रक्षा के लिए विषम एवं दुर्गम इलाकों में सेवारत् सैनिकों और वीर शहीदों के परिवार व भूतपूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का उत्तम अवसर है, जिसमें सभी नागरिक दिल खोलकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में बढ़ चढ़कर योगदान दे सकते हैं। सशस्त्र सेना झंडा दिवस की यह राशि घायल सैनिकों के पुनर्वास, शहीद सैनिकों के परिवार को आर्थिक सहायता एवं भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों हेतु कल्याणकारी योजनाओं एवं पुनर्वास में उपयोग की जाती है।

गौरतलब है कि दान की गई समस्त राशि आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 के अंतर्गत आयकर से मुक्त होगी। उपरोक्त दान राशि पूर्व सैनिकों के पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय धरमपुरा, चित्रकोट रोड जगदलपुर में सम्पर्क कर चेक, आरटीजीएस अथवा ड्राफ्ट या बारकोड के द्वारा प्रदान किया जा सकता है।

जैविक खाद बनाने किसानों को दी जानकारी

कांकेर/नवप्रदेश। प्रति वर्ष की भांति संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रदत्त प्रसंग ''मृदा एवं जल-जीवन के स्त्रोत'' विषय पर कृषि विज्ञान केन्द्र, सिंगारभाठ में विश्व मृदा दिवस पर कृषक संगोष्ठी सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र के अधिष्ठाता डॉ. एन. के. रस्तोगी ने मृदा उर्वरता में वृद्धि के लिए फसल जैव-विविधता, फसल चक्र एवं दलहनी फसलों को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ.जे. एल. चौधरी प्रमुख वैज्ञानिक, कृषि मौसम विभाग रायपुर ने मृदा क्षरण के कारण एवं उसकी रोकथाम, सिंचाई व्यवस्था, जल निकासी के साथ-साथ मृदा में उपस्थित सूक्ष्म-जलवायु प्रबंधन के संबंध में कृषकों को मार्गदर्शन दिया। केन्द्र के प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू ने मृदा में खाद-उर्वरकों की दक्षता में वृद्धि हेतु प्राकृतिक संसाधनों का फसल उत्पादन के लिए समुचित प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. कोमल सिंह द्वारा जिले में पाई गई विभिन्न प्रकार की मिट्टी, मृदा परीक्षण के लिए नमूना एकत्रीकरण, परीक्षण परिणाम की विवेचना, मृदा स्वास्थ्य पत्रक की उपयोगिता एवं मृदा परीक्षण आधारित संतुलित खाद एवं उर्वरक की सिफारिश, सूक्ष्म पोषक तत्वों का महत्व एवं पर्णीय छिड़काव, केंचुआ खाद निर्माण, नाडेप खाद निर्माण, मृदा स्वास्थ्य में सूक्ष्म जीवों की भूमिका इत्यादि की जानकारी दी। प्रशिक्षण सह कार्यशाला के द्वितीय सत्र में भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि स्वर्ण ऋण, मुर्गीपालन, मछलीपालन, डेयरी पालन, पॉलीहाउस, नेट हाउस के लिए दी जाने वाली ऋण सुविधाओं की जानकारी दी। प्रायोगिक सत्र में वैज्ञानिक श्री नाग द्वारा जैविक खाद एवं कीटनाशक जैसे बीजामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, ब्रम्हास्त्र, आग्नेयास्त्र इत्यादि बनाना सिखाया। इफको के क्षेत्रीय प्रतिनिधि लालबहादुर द्वारा तरल उर्वरक जैसे नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के द्वारा बीज उपचार एवं पर्णीय छिड़काव की जानकारी दी गई।

मोदी की गारंटी ने दिलाई तीनों राज्यों में जीत: अमल नरवास

अंतागढ़/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की विधानसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत के साथ हुई जीत तथा अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र से विक्रम उसेंडी के ऐतिहासिक जीत पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष अमल नरवास ने खुशी जाहिर करते हुए क्षेत्र की जनता को आभार व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित किया है। उन्होंने इस जीत पर कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व व भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं की जीत है, मोदी की गारंटी की जीत है।

भाजपा के इस जीत में नारी सशक्तिकरण के मोदी सरकार के द्वारा किए गए कार्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। तीन राज्यों की जीत मात्र ट्रेलर है पिक्चर तो अभी बाकी है जो लोकसभा के चुनाव में मोदी जी के नेतृत्व में दिखाई देगी।

वहीं कांग्रेस के भूपेश सरकार की पांच सालों के कुशासन, बदले की भावना वाली राजनीति, भ्रष्टाचार, जनता से वादाखिलाफी एवं उनके अहंकार के कारण उनकी हार हुई है।

42 ठेकेदारों को कलेक्टर ने जारी किया नोटिस

■ पेयजल योजनाओं को शीघ्र शुरू करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। शासन की महत्वाकांक्षी पेयजल योजना जलजीवन मिशन की जिले में भौतिक प्रगति की समीक्षा करने कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज जिला स्तरीय समिति की बैठक ली, जिसमें उन्होंने योजनांतर्गत अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं करने वाले ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर सभी अप्रारंभ कार्यों को प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं सदस्य सचिव को 8 दिसम्बर को ही कोयलीबेड़ा क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर प्रगति से अवगत होकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया।

301 निर्माण कार्य अप्रारंभ

इसके पहले कार्यपालन अभियंता सह सदस्य सचिव बी.एन. भोयर ने बताया कि मिशन के तहत जिले में 301 निर्माण कार्य अप्रारंभ हैं, जिनमें से 259 नए हैं, जबकि 42 कार्य पुराने हैं। उन्होंने बताया कि धीमी कार्य-प्रगति वाले इन 42 ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तत्काल काम शुरू कराने के लिए निर्देशित किया गया है। बैठक में विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

सबसे ज्यादा लंबित निर्माण कार्य कोयलीबेड़ा क्षेत्र में

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज दोपहर 12.30 बजे आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मिशन के तहत सबसे ज्यादा लंबित निर्माण कार्य कोयलीबेड़ा क्षेत्र में है, जबकि पेयजल की सर्वाधिक मांग इसी क्षेत्र के लोगों से आती है। उन्होंने कार्यपालन अभियंता को कल 08 दिसम्बर को कोयलीबेड़ा एवं अंतागढ़ क्षेत्र का सघन निरीक्षण कर मौके का मुआयना करने प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा काफी समय से निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले ठेकेदारों को तत्काल नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही यह स्पष्ट तौर पर कहा कि नोटिस के बाद भी यदि ठेकेदार के द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता तो उनका कार्यादेश निरस्त किया जाए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि अगले सप्ताह से सभी विकासखण्डों में पेयजल योजनाओं के स्पॉट पर हर हाल में काम दिखना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने पूर्ण हो चुकी सभी योजनाओं का स्थानीय स्तर पर सत्यापन कर मिशन की साइट पर तत्काल जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में स्थित हैण्डपंपों का परीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए भी कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया। बैठक में उपस्थित सहायक अभियंता क्रेडा सहित सभी सहायक अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारियों को मौके पर उपस्थित होकर कार्य प्रारम्भ कराने और कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध सख्ती से कार्रवाई करने के भी निर्देश कलेक्टर ने दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जलजीवन मिशन के तहत विभिन्न पेयजल योजनाओं की विकासखण्डवार समीक्षा करते हुए अप्रारंभ निर्माण कार्यों को शुरू कराने संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए।

प्रथम पृष्ठ का शेष

जोगी की राह चले ...

33 फीसदी और कांग्रेस को 44 फीसदी वोट मिले थे। सीटें भाजपा को 15 कांग्रेस 68 मिली थी। इस बार कांग्रेस को वोट मात्र 0.86 फीसदी कम हुआ लेकिन भाजपा का 33 से बढ़कर 46 फीसदी हो गया। 13 फीसदी के अन्तर में कांग्रेस 35 पर आकर रूक गई और भाजपा को 54 सीट मिल गई। सीट और वोट के मामले में कांग्रेस में दुर्गति 23 साल में पहली बार ऐसी हुई है। पिछले छह महीने से दैनिक नवप्रदेश लिखता चला आ रहा है कि इस बार एक-एक सीट और एक-एक वोट के लिए घना संघर्ष है, लेकिन सत्ता के मद में चूर कांग्रेस के सत्ता और संगठन को समझ में ही नहीं आ रहा था कि 71 सीटों वाली कांग्रेस सत्ता से बाहर हो सकती है। हालांकि भाजपा का थिंकटैंक इस बात को लेकर आश्वस्त था कि हम 50 से अगर 15 पर आ सकते है तो कांग्रेस को 71 से 41 पर लाना कोई बड़ी बात नहीं। बस ढिंढौरा नहीं पीटना है, काम करना है। भाजपा ने काम किया और कांग्रेस ने ढिंढौरा पीटा, नतीजा सबके सामने है। 2003 में तीन साल सत्ता में रहते कांग्रेस को 90 में 36 सीट मिली और सत्ता से बाहर हो गई। 2008 में विपक्ष में रहते 37 सीट, और 2013 में 38 सीट मिली। यानि विपक्ष में रहते हुए भी कांग्रेस 38 सीटों से कम नहीं जीती, लेकिन 2018 से 23 तक बम्पर जनादेश की सरकार चलाने वाले कांग्रेस 2023 में 35 सीटों पर आकर रूक गई।

आज दिल्ली में कांग्रेस ...

सीटें कांग्रेस के हाथ से निकल गईं। कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए महंगाई और बेरोजगारी को मुद्दा बनाकर जनता तक ले जाने की तैयारी कर रही है। इसके साथ ही बूथवार ट्रेनिंग सेशन भी शुरू किया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा सीटों पर कांग्रेस मजबूत हो, इसके लिए अलग-अलग अभियान भी चलाए जाएंगे।

निलंबित आईएएस रानू ...

तब से वह जेल में ही बंद हैं। ईडी की ओर से रानू साहू पर कथित कोयला घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। आईएएस अधिकारी रानू साहू ने अपने जमानत को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। याचिका पर गुरुवार को होने वाली सुनवाई टल गई है। अब 14 जनवरी को सुनवाई होगी।

राजस्थान में रिजॉर्ट पॉलिटिक्स...

ने कहीं और शिफ्ट कर दिया है। जिन अन्य विधायकों को वहां रोकने का दावा किया गया, उसमें कमलनाल मीणा, कालूलाल, राधेश्याम बेरवा और गोविंद शामिल हैं। राजस्थान में बीजेपी की जीत के बाद से वसुंधरा 'प्रेशर पॉलिटिक्स' करती दिखी हैं। 20 से ज्यादा विधायकों के साथ उन्होंने डिनर पर मुलाकात की थी। इसके बाद वसुंधरा कैंप ने दावा किया था कि उनके साथ 68 विधायकों का सपोर्ट है। इसके अलावा कुछ निर्दलीय भी उनके साथ होने का दावा किया गया था। इसके लिए वसुंधरा गुट अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहा था। हालांकि, बुधवार को सूत्रों से जानकारी आई थी कि विधायकों से मीटिंग के बाद वसुंधरा ने फोन पर बीजेपी आलाकमान से बात की है। इसमें उन्होंने साफ किया है कि वो पार्टी की अनुशासित कार्यकर्ता हैं और पार्टी की लाइन से कभी बाहर नहीं जाएंगी। इसके बाद बुधवार रात वसुंधरा दिल्ली आ गई थीं। प्रदेश में सीएम पद की दौड़ में बीजेपी से कई चेहरे हैं। इसमें वसुंधरा राजे के अलावा पहला नाम बालकनाथ का है।

लोगों की समस्याओं को दूर करना पहली प्राथमकिता : कलेक्टर

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज जिला स्तर के अधिकारियों की समय-सीमा बैठक लेकर विभिन्न विभागों के निर्माणाधीन कार्यों एवं लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिले के आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, लोक सेवक होने के नाते आम जनता की समस्याएं दूर करना हमारी पहली प्राथमिकता और जिम्मेदारी है। इसे ध्यान में रखते हुए हमें अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करना है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में विधानसभा निर्वाचन के कारण कई निर्माण कार्यों की प्रगति प्रभावित हुई है, जिनकी समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारी अपने-अपने निर्माणाधीन कार्यों की अद्यतन जानकारी लें तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की नियमित बैठक लेकर कार्यों में तेजी लाएं। आज सुबह 11.00 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर डॉ. शुक्ला ने कहा कि जिले में कई सड़कों की स्थिति बहुत खराब है, जिसके कारण आम लोगों को आवागमन में असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए और संबंधित एजेंसी को निर्धारित समय-सीमा के पूर्व हर हाल में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने आम लोगों से प्राप्त आवेदनों का अविलम्ब निराकरण करने की कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

डीएमएफ और सीएसआर के लिए नोडल नियुक्त

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिला खनिज न्यास निधि एवं सीएसआर के नस्तियों के प्रस्तुतिकरण हेतु पूर्व में जारी आदेशों को अधिक्रमित करते हुए जिला खनिज न्यास निधि के नोडल अधिकारी और सीएसआर के सहायक नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर दीनदयाल मण्डावी को नियुक्त किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील रहेगा।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण हेतु

क्रमांक / CMHO/2023-24/6923 कांकेर, दिनांक 6/12/2023

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.) के समस्त विकासखण्ड में 28वां चरण मितानिन प्रशिक्षण में चाय-नास्ता, भोजन, रूकने की व्यवस्था, टेन्ट, गद्दा चादर, तकिया, कम्बल, दरी, चटाई, प्रोजेक्टर, स्पीकर, जनरेटर, पेट्रोमेक्स तथा लेखन/स्टेशनरी सामग्री आदि की व्यवस्था हेतु विकासखण्ड स्तर पर निविदायें आंमत्रित की जाती है।

इच्छुक स्थानीय फर्म/एजेंन्सी/ स्वसहायता समूह निविदा प्रपत्र संबंधित विकासखंड के कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी, जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) से रू. 500/- (पांच सौ रू. मात्र) का बैंक ड्राफ्ट "BPMU NON NRHM FUND ACCOUNT" के नाम से जो संबंधित कार्यालय में देय हो तथा (Non Refundable) हो, जमा कर निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकते है। निविदा फार्म तथा अन्य जानकारी जिला उ.ब. कांकेर के समस्त कार्यालय खंड चिकित्सा अधिकारी वि.ख. से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा की प्रकिया एवं शर्तों में परिवर्तन एवं निविदा निरस्त करने का अधिकार खंड चिकित्सा अधिकारी वि.ख. के समक्ष सुरक्षित रहेगा। निविदा फार्म प्राप्त किये जाने की तिथि दिनांक 07.12.2023 से 26.12.2023 तक तथा जमा करने की अंतिम तिथि 28.12.2023 को शाम 03.00 बजे तक एवं खोले जाने की तिथि 28.12.2023 समय शाम 04.00 बजे निर्धारित की गयी है। अन्य जानकारी कार्यालय खंड चिकित्सा अधिकारी वि.ख. समस्त के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

संवाद-39046/1

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे , स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 07752-468654, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

बिना पंजीयन चल रहे क्लीनिकों पर लगेंगे ताले

कोरबा/नवप्रदेश। जल्द ही प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग अभियान चलाने के साथ ऐसे डॉक्टरों पर कार्रवाई करेगा जो अवैध रूप से क्लीनिक चला रहे हैं। प्रदेश और जिले में पंजीकरण के आधार पर ही वे अपना काम कर सकते हैं अन्य स्थिति में उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी। विभिन्न क्षेत्रों से लगातार खबरें आ रही है कि अवैध रूप से कई बोगस चिकित्सक काम कर रहे हैं। इनके कारण जन स्वास्थ्य का खतरा बढ़ा हुआ है। कोरबा जिले के सीएमएचओ ने बताया कि हाल में ही इस तरह की एक सूचना प्राप्त हुई है जिस पर हमने संज्ञान लिया है। प्रशासन के अधिकारी और बीएमओ के साथ मिलकर जल्द ही अवैध ठिकानों के बारे में जानकारी ली जाएगी। बताया गया कि किसी भी पैथी में डिग्री होने के बावजूद संबंधित व्यक्तियों को प्रदेश और जिले में अपना पंजीकरण कराना जरूरी है इसके बाद ही वह अधिकृत रूप से नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत चिकित्सा व्यवसाय कर सकते हैं। इससे पहले कोरबा जिले में कुछ स्थानों पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्रवाई की गई है लेकिन बाद में अलग-अलग आधार पर क्लीनिक को खोल दिया गया। सरकार की नीतियों और स्वास्थ्य विभाग की उदारता के कारण इस प्रकार के ठिकानो का संचालन करने वालों का मनोबल बढ़ा हुआ है।

समीक्षा बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर की चर्चा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश पर बुधवार को जिले में समस्त विभागों एवं जनपद पंचायतों में समीक्षा बैठक

आयोजित की गई। सभी अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री कुन्दन द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित समयावधि में इसका समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं जिससे कि आम नागरिकों एवं सभी जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। समीक्षा बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने विभागीय कार्यों और हितग्राही मूलक योजनाओं पर चर्चा कर प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। इसी तरह समस्त सीईओ जनपद पंचायत द्वारा संबंधित जनपदों में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, विभिन्न प्रकार के पेंशन प्रकरण, स्वच्छ भारत मिशन, पीडीएस राशन वितरण, ग्राम पंचायतों में पंजी अद्यतन सहित निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई और कार्यों में प्रगति लाने निर्देशित किया गया। कार्यों की समीक्षा के साथ ही बढ़ती ठंड को देखते हुए चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था हेतु भी निर्देशित किया। जनपद में आयोजित बैठक में विभागों के एसडीओ, सब इंजीनियर, पीओ मनरेगा, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक आदि उपस्थित रहे।

किसानों के साथ धोखाधड़ी, दो प्रबंधक बर्खास्त

सारंगढ़ बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने जिले में धान खरीदी के फर्जी पंजीयन के मामले में सख्त कार्यवाही करते हुए सारंगढ़ विकासखंड के सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोसीर और गाताडीह के सहायक समिति प्रबंधक को पद से पृथक किया है। फर्जी पंजीयन की शिकायत पर कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने तहसीलदार सारंगढ़ को पंजीकृत कृषकों के रकबा का सत्यापन के लिए निर्देशित किया था। सहायक पंजीयक व्यास नारायण साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवा सहकारी समिति मर्यादित गाताड़ीह पंजीयन क्रमांक 402 के हल्का पटवारी के द्वारा रकबा जांच के दौरान खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में 105 किसानों का 99.292 हेक्टेयर संदेहास्पद पाया गया। इसी प्रकार पंजीकृत किसानों के फर्जी रकबा वृद्धि कर प्रविष्ट बैंक खाते में समिति कर्मचारियों के स्वयं का खाता क्रमांक जैसे गंभीर अनियमितता पाये जाने के कारण सहायक समिति प्रबंधक महेन्द्र कुमार टंडन को पद से पृथक किया गया है। गाताडीह के समिति का संचालन आगामी आदेश तक कोतरी के सहायक समिति प्रबंधक ईश्वर प्रसाद साहू को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार कोसीर के धान उपार्जन केन्द्र में पंजीकृत 93 किसानों के रकबे में कुल 155.2706 हेक्टेयर फर्जी रकबा संदिग्ध होने एवं अवैध धान खरीदी की गंभीर अनियमितता के कारण सहायक समिति प्रबंधक राजेश रात्रे को पद से पृथक किया गया है। कोसीर समिति का संचालन अब सहसपुर के सहायक समिति प्रबंधक अनिल गोपाल को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

अब तक 11.71 हजार एमटी धान खरीदी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में धान खरीदी जारी है। कलेक्टर कुन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा करजी में धान खरीदी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान बेचने आए किसानों से बात भी

की। उपार्जन केंद्र में मौजूद महिला किसान मिथिलेश कुशवाहा से कलेक्टर ने बात कर धान खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महिला किसान ने बताया कि वे करजी की रहने वाली हैं और उनके पास 2.50 हेक्टेयर भूमि है। उपार्जन केंद्र में महिला किसान से धान खरीदी की ऑनलाइन एंट्री किए जाने की प्रक्रिया का कलेक्टर ने स्वयं बैठकर अवलोकन किया और किसान को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने धान की स्टैकिंग और अपने समक्ष उपार्जन केंद्र में आए धान की आर्द्रता और तौल का अवलोकन किया। जिले में बारदाना की कोई समस्या नहीं है। जिले में अवैध धान के 2 प्रकरण बनाये गये हैं जिसमें 330 क्विंटल धान मण्डी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

फसल क्षति की सूचना 72 घंटे भीतर देना अनिवार्य

जांजगीर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत फसल क्षति की सूचना 72 घंटे भीतर देना अनिवार्य होगा। उप संचालक कृषि एमडी मानकर ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में चक्रवात के कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश के कई हिस्सो में बेमौसम वर्षा हुई है, जिससे कृषकों के फसल नुकसान होने की सम्भावना है। इस सम्बंध में क्षतिपूर्ति हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत प्रावधान है। जिसके अनुसार खेतो में खड़ी फसल एवं धान फसल को किसानों के द्वारा काटकर खेतो में रखे हुए करपा की फसल क्षति का मुल्यांकन कराकर दावा भुगतान हेतु पात्र बीमित कृषक को क्षतिपूर्ति की राशि क्रियान्वयक बीमा कम्पनी द्वारा प्रदाय किया जाना है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रावधानुसार फसल क्षति हेतु दावा भुगतान राशि प्राप्त करने हेतु क्रियान्वयक बीमा कम्पनी बजाज अलियांज जनरल इंश्योरेन्स कम्पनी के टोल फ्री नम्बर 1800-11-6515, 1800-209-5959, एवं 1800-266-0700, एवं 14447 में बीमित कृषकों के द्वारा 72 घण्टे के भीतर घटित आपदा की सूचना देना अनिवार्य है। उप संचालक कृषि एम.डी. मानकर द्वारा जिले के बीमित कृषकों से बीमा कम्पनी द्वारा जारी किये गये टोल फ्री नम्बर में 72 घण्टे के भीतर घटित आपदा की सूचना देने की अपील की गई है। जिससे योजना के प्रावधान अनुसार फसल क्षति हेतु दावा भुगतान हेतु बीमा कम्पनी एवं कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा खेतों का मुल्यांकन किया जा सके। उप संचालक कृषि द्वारा मैदानी अमलों को अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर व्यक्तिगत रूप से बीमित कृषकों से सम्पर्क कर क्रियान्वयक बीमा कम्पनी बजाज अलियांज जनरल इंश्योरेन्स कम्पनी द्वारा जारी किये गये ।

डीईओ दफ्तर की छत गिरी, बाल-बाल बचे अधिकारी

दो कर्मचारी घायल, लंबे अरसे से रखरखाव का नहीं रखा जा रहा था ध्यान

जांजगीर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में संचालित समग्र शिक्षा विभाग के कार्यालय की छत का हिस्सा बुधवार को भरभराकर गिर गया। हादसे के वक्त अधिकारी कर्मचारी काम कर रहे थे। कमरे के अंदर बैठकर काम कर रहे दो कर्मचारी किसी तरह जान बचाकर कमरे से भागकर बाहर निकले और फिर भी दोनों को मामूली चोटें आई है। बड़ा हादसा होते होते टल गया।

लगभग 60 साल पुराने भवन में जिला शिक्षा अधिकारी , आदिम जाति कल्याण और आबकारी विभाग का कार्यालय संचालित हो रहा है। इस भवन की हालत अत्यंत जर्जर हो गई। जिसकी मरम्मत कराकर उपयोग में लाया जा रहा है। बुधवार की सुबह समग्र शिक्षा के जिला कार्यालय में रोज की तरह अधिकारी कर्मचारी काम में व्यस्त थे। सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से अधिकारियों की बैठक रखी गई थी तो अधिकारी कमरे से निकलकर सभाकक्ष में बैठे थे। वहीं कमरे के अंदर अकाउंटेंट अविनाश सोनी और सहायक प्रोग्रामर नरेंद्र पटेल कम्प्यूटर में काम कर रहे थे। इस दौरान सुबह 11:30 बजे अचानक कार्यालय की छत का हिस्सा गिरने की आवाज आई तो प्रोग्रामर रज्जन कुमार मिश्रा बाहर निकले। उन्होंने देखा कि कार्यालय की छत का हिस्सा गिर रहा है। उन्होंने अपने साथियों को बाहर निकलने के लिए आवाज लगाई। बचने के लिए एकाउंटेंट अविनाश सोनी टेबल के नीचे बैठ गए। इसी बीच छत का मलबा कमरे में बने फाल सीलिंग को तोड़ते हुए नीचे गिर गया और ईंट से उनके कान के पास चोट आई। इसी दौरान कार्यालय की भृत्य सपना वैष्णव किसी काम से कमरे के अंदर प्रवेश कर रही थी तो रज्जन कुमार मिश्रा ने उसे आवाज लगाकर अंदर जाने से रोका, मगर इतने में छत का मलबा सपना के पैर में गिर गया जिससे उसे चोट आई। वहीं सहायक

प्रोग्रामर नरेंद्र पटेल बाल बाल बच गये। कर्मचारियों की किस्मत अच्छी रही कि उन्हें कमरे से बाहर निकलने का मौका मिल गया नहीं तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी। दरअसल भवन पुराना हो गया है और बरसात के दिनों में कमरे में वर्षा का पानी कमरे में न गिरे इसलिए छत को टीन से ढककर बनाया गया है। वर्षा के पानी से भीगकर छत में लगी लकड़ी खराब हो गई थी। वहीं अभी दो दिनों से हो रही वर्षा से दीवार टूट गई और टीन से बनी छत भरभराकर गिर गई। वर्ष 2008 - 09 में डीईओ कार्यालय के एक हिस्से में आग लग गई थी तब मरम्मत कराई गई थी। उसके बाद बाकी हिस्से को वैसे ही छोड़ दिया गया है।

जर्जर भवन की मरम्मत कराने नहीं दिया ध्यान

डीईओ कार्यालय के समग्र शिक्षा के जिला कार्यालय भवन के जर्जर हालत को सुधारने के लिए कई बार शासन प्रशासन से पत्राचार किया गया लेकिन जर्जर भवन की मरम्मत के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिसके कारण ये हादसा हुआ है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पूर्व डीईओ एचआर सोम ने जर्जर भवन के संबंध में समय सीमा की बैठक में कलेक्टर को अवगत कराया था और भवन की मरम्मत कराने के लिए राशि जारी करने की मांग की थी। मगर जिला प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया।

60 साल से अधिक पुराना है भवन

जिला बनने से पहले इस भवन का उपयोग बालक हास्टल और कन्या पूर्व माध्यमिक शाला संचालित किया जाता था। इसके बाद वर्ष 1998 में इसे कलेक्टर व एसपी कार्यालय बनाया गया। वर्षो पहले बनी इस भवन छप्पर की है, मगर जिला बनने के बाद इस भवन का उपयोग कलेक्टर कार्यालय के रूप में किया गया और अब जिला शिक्षा अधिकारी का कार्यालय संचालित है। इसके बाद भी भवन का छत उसी पुरानी लकड़ी और खपरेल की है और सभी कमरे की लकड़ी सड़ गई है और कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

अभिभावक शिक्षक सम्मेलन का हुआ आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 66वीं महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। संस्था के व्यवस्थापक एचआर भास्कर के निर्देशन में वरिष्ठ अभिभावक एवं मुख्य अतिथि पार्षद संजय चंदेल एवं वरिष्ठ अभिभावक बिसाहू बंजारे द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर दैनिक प्रार्थना एवं संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर सम्मेलन प्रारंभ किया गया। संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर द्वारा विद्यालय का प्रतिवेदन एवं विभिन्न गतिविधियों जैसे छात्रों की उपस्थिति, टीफन, नशापान, पेयजल, गणवेश, पुस्तक, वाहन, छात्रवृत्ति, गृहकार्य, कक्षाकार्य एवं कापी जांच, घर पर समय, छात्रों की विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी, सीसीटीवी कैमरा से विद्यालय परिसर में निगरानी, प्रवेश द्वार में निगरानी तथा विद्यालयीन समस्याओं के संबंध में जानकारी दी गई। अभिभावकों में बल्लम भास्कर, नान्हेराम साहू, उत्तरा बांधड़े, हरिदास, कमल प्रसाद, लक्ष्मीकांत, धर्मेन्द्र, आलोक, विश्वम, डोमन, पराग, शरद देवांगन, नारायण, भीखम सप्रे, अनिल, चन्द्रप्रकाश, विनोद कुमार, संजय रात्रे, सुनिता घृतलहरे, जयनंदनी, कविता, रूखमणी बघेल, भारती, अंजू, संगीता, रूखमणी नायक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास शिक्षक और अभिभावक दोनों मिलकर कर सकते हैं।

बेमौसम बारिश से धान सड़ने का खतरा

कोरबा/नवप्रदेश। बंगाल की खाड़ी से उठा मिचौंग चक्रवात का चौरफा असर देखा जा रहा है। मंगलवार की सुबह से हो रही बेमौसम वर्षा ने किसानों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। खेतों में खड़ी फसल धराशायी हो गई हैं, खलिहानों में काट कर रखे धान भीग रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो दिनों तक मौसम के मिजाज में सुधार की गुंजाइश नहीं है। वर्षा ऐसे ही लगातार जारी रही तो धान की फसल को नुकसान होना तय है।

मौसमी उतार चढ़ाव का असर जिले में पिछले सप्ताह भर से बनी हैं। रही सही कसर को मिचौंग चक्रवात ने पूरी कर दी है। बदली व वर्षा की वजह से वातावरण में ठंड असर गायब है। देर रात न्यूनतम तापमान 10 से 11 डिग्री सेल्सियस है। वहीं दोपहर के समय तापमान 34 से 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है। इसका सीधा असर रबी फसल की बोआई पर पड़ रहा है। गेहूं की

बोआई तेज ठंड होने पर की जाती है। वातावरण में तापमान वृद्धि होने से गेहूं की बोआई पिछड़ रही है। बहरहाल सुबह से हो रही रिमझिम वर्षा से मंगलवार को खेतों में धान कटाई व खलिहानों में रखी फसल की मिसाई का काम बंद हो गया है। जिला कृषि विज्ञान केंद्र कटघोरा के मौसम विशेषज्ञ संजय भिलावे ने बताया कि किसानों को चाहिए कि आगामी दो दिनों तक फसल की कटाई न करें। जिन्होने कटाई कर ली है वे अपनी फसल को सूखे स्थान की में रखने युक्ति बना लें। बताना होगा कि जिले में 98,000 हेक्टेयर में किसानों ने धान की खेती की है। 60 प्रतिशत रकबे में फसल की कटाई हो चुकी। 40 प्रतिशत रकबा ऐसे हैं जिसमें किसानों ने पतला धान की बोआई की हैं, देर से पकने के कारण अभी तक कटाई नहीं हुई। पानी भरने के कारण मैदानी खेतों में हार्वेस्टर से कटाई असंभव है। धराशायी फसल अधिक दिन तक पानी में रहा उपज घटना तय है।

एक भी धान उपार्जन केंद्र में नहीं हुई बोहनी

वर्षा के कारण जिले के एक भी धान उपार्जन केंद्र में बोहनी नहीं हुई। जिन किसानों ने धान की मिसाई कर ली है उनके भी धान में नमी का असर देखा जा रहा है। धान को सूखने के लिए किसान अब धूप निकलने का इंतजार कर रहे हैं।

पानी का भराव न होने दें

मौसम विभाग के अनुसार मौसमी उतार चढ़ाव की संभावना है। किसानों को सलाह दी जा रही है कि खेत के जल निकास को खोल कर रहे। पानी का भराव न होने दें। कटे फसल को सुरक्षित स्थानों में ले जाएं। वर्षा के दौरान किसी भी प्रकार के कीटनाशक दवाओं का छिड़काव न करें।
डीपीएस कंवर, सहायक उप संचालक, कृषि विभाग

फसल बीमा जागरूकता रथ रवाना

सक्ती/नवप्रदेश। पीएम फसल बीमा योजना मौसम रबी वर्ष 2023-24 अंतर्गत जिले में अधिकाधिक कृषकों को बीमा अवरण में सम्मिलित करने हेतु फसल बीमा प्रचार रथ का शुभारम्भ किया गया है। जिला सक्ती अंतर्गत फसल बीमा जागरूकता रथ को कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के सामने अपर कलेक्टर श्री बीरेंद्र कुमार लकड़ा द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर के. एस. पैकरा, अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा बी. एल कंवर, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा आशीष पटेल, राजस्व निरीक्षक मनीष सिंह राज, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डॉ. प्रहलाद साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुमित प्रेमी, जिला बीमा प्रतिनिधि मनजेश यादव एवं अन्य ब्लाक बीमा प्रतिनिधि उपस्थित रहे। यह फसल बीमा जागरूकता रथ जिले में अधिसूचित ग्रामों में

जाकर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी उपलब्ध करायेगा। जिले में रबी मौसम में गेहूं सिंचित फसल को अधिसूचित किया गया है। इस वर्ष प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत गेहूं सिंचित फसल के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ ऋणी, अऋणी, भूधारक कृषक, बटाईदार व वनपट्टाधारी कृषक ले सकते है। इस वर्ष जिला सक्ती में फसल बीमा के लिए बीमा कम्पनी बजाज जनरल इन्शोरेस कम्पनी लिमिटेड को अनुबंध किया है। उप संचालक कृषि शशांक शिंदे के द्वारा बताया कि 6 दिसम्बर से 12 दिसम्बर 2023 तक मैदानी अमलों द्वारा फसल बीमा सप्ताह का आयोजन कर किसानों को अधिक से अधिक योजना का लाभ लेने के लिय प्रचार किया जा रहा है तथा अधिसूचित ग्रामों में सभी गेहूं उत्पादक कृषकों को फसल बीमा का लाभ लेने के लिये अपील की गई है।

फसल बीमा आपदा की स्थिति में फसल सुरक्षा का बेहतर विकल्प होता है। बीमांकित राशि गेहूं सिंचित के लिये 10400 रू. रूपये प्रति एकड़ है तथा कृषकों के लिये प्रीमियम राशि 1.5 प्रतिशत् है।

1000 मीटर स्ट्रींग केबल काटकर चोरी

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम गुना टेमरी में बाउण्ड्रीवाल को तोडकर अज्ञात व्यक्तियो के द्वारा 115 सोलर प्लेट माड्युल से लगभग 1000 मीटर स्ट्रींग केबल काटकर चोरी हो गई है। जिसकी कीमत लगभग 96 हजार के आसपास है तथा 115 सोलर प्लेट माड्युल को तोड़कर एवं केबल काटकर नुकसान पहुंचाया है। जिसकी कीमत लगभग 11 लाख रूपये है। सोलर प्लांट मे सिक्युरिटी सुपरवाईजर के पद पर पदस्थ यींग्लेश्वर उम्र 27 वर्ष पिता लखनलाल ने बताया कि ग्राम गुना टेमरी मे सोलर प्लांट जिसका नाम जेक्शन ग्रीन प्राईवेट लिमीटेड का कार्य कर रही है जिसमे वह सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के पद कार्यरत है 27 नवम्बर की रात्रि के 12 बजे से 28 नवम्बर की सुबह 6 बजे के बीच समय ब्लाक नं 3 आई.सी.आर.3 मे बाउड्री वाल को तोडकर एवं काटकर अज्ञात व्यक्तियो के द्वारा 115 सोलर प्लेट माड्युल से लगभग 1000 मीटर स्ट्रींग केबल काटकर चोरी हो गई है।

स्टॉफ नर्स ने प्रताड़ना का लगाया आरोप

जांजगीर/नवप्रदेश। शासकीय जिला चिकित्सालय जांजगीर में पदस्थ स्टाफ नर्स ने अस्पताल प्रबंधक पर कार्य स्थल में प्रताड़ित करने व साजिश रखकर उनके अधिकार कब्जे में रखे हुये शासकीय सामान एवं दस्तावेज को ताला तोड़कर झूठे भागले में फंसाने के साजिश रखने का आरोप लगाते हुए इसकी लिखित शिकायत संचालक स्वास्थ विभाग, कलेक्टर, सिविल सर्जन, सीएमएचओ से कर मामले की निपक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत कर्ता स्टॉफ नर्स सलीमी बोस स्टाफ नर्स ने अपनी शिकायत मे बताया है कि वह शासकीय जिला चिकित्सालय जांजगीर में पदस्थ है। उन्हें कोरोना काल की विषम परिस्थिति मे कोविड अस्पताल की जिम्मेदारी दी गई थी, जिसका उन्होंने पूरी जिम्मेदारी व निष्ठा ने अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। व्यक्तिगत कारणों की वजह से 2 दिसम्बर शनिवार को छुट्टी पर थी, मेरी अनुपस्थिति में जिला चिकित्सालय के जिला अस्पताल प्रबंधक अंकित ताम्रकर के द्वारा बिना अनुमति व उपस्थित के मेरे अधीनस्थ आफिस के कमरे का ताला तोड़वा दिया गया। उक्त कमरे में शासकीय सामान एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखा था, दूसरे दिन जब मैं कार्यस्थल पहुंची तो उक्त दरवाज़े की कुंडी पर दूसरा ताला दिखा तब संबंधित कर्मियो से पूछताछ की गई।

स्टॉफ से पूछने के बाद जानकारी मिली की जिला अस्पताल प्रबंधक अंकित ताम्रकर के द्वारा जबरन ताला तोड़कर शासकीय दस्तावेज को हटवा दिया गया और अपना ताला लगा दिया। जानकारी मिलने के बाद अस्पताल प्रबंधक से इस संबंध मे पूछताछ की गई तब वे आक्रोशित हो गए को नौकरी से निकलवा देने की धमकी गई। पीड़िता ने अस्पताल प्रबंधक को इस तरह की बात न करने और अपनी बीमारी के संबध मे जानकारी दी, बावजूद इसके अस्पताल प्रबंधक द्वारा पीड़िता से दुर्व्यवहार करते हुए मर जाने की बात करने लगे।

निरीक्षण | शहरी व्यवस्था देखने निकले कलेक्टर, शहर के अलग-अलग हिस्सों का भ्रमण कर दिए जरूरी निर्देश

ठेले गुमटियों को व्यवस्थित कर यातायात में सुधार लाने के निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर कुंदन कुमार बुधवार सुबह शहरी व्यवस्था का जायजा लेने औचक निरीक्षण पर निकले। शहरी व्यवस्था को सुदृढ एवं व्यवस्थित करने हेतु उन्होंने नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार के साथ शहर के अलग-अलग हिस्सों का निरीक्षण किया। उन्होंने शहर का निरीक्षण कर कहा कि प्रशासन का मूल उद्देश्य लोगों के लिए सुविधाओं को बढ़ाना है, सजग होकर बेहतर शहरी व्यवस्था सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गुरुनानक चौक, सत्तीपारा, शिवाजी चौक का निरीक्षण कर वहां साफ-सफाई का जायजा लिया।कलेक्टर श्री

कुंदन ने निर्देशित किया है कि शहर में साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त हो, इसके लिए नियमित रूप से कचरे का कलेक्शन किया जाए। उन्होंने नालियों की नियमित सफाई पर भी विशेष जोर देने के लिए कहा। इसके साथ ही निगम क्षेत्र में सड़कों पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों, ठेले-गुमटियों वालों को नोटिस जारी कर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ कराए जाने के निर्देश दिए गए।

जिला चिकित्सालय तथा मातृ शिशु चिकित्सालय का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री कुंदन ने इस दौरान जिला चिकित्सालय तथा मातृ शिशु चिकित्सालय का भी औचक निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने विभिन्न वार्डो का जायजा लेकर मरीजों एवं उनके परिजनों हेतु समुचित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। जिला चिकित्सालय के सामने अतिक्रमण पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित करते हुए ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय से 200 मीटर का एरिया नो पार्किंग जोन एवं नो वेंडिंग जोन होगा, नियमों का पालन कराने दो ट्रैफिक पुलिस के जवानों की तैनाती करने के निर्देश दिए जिससे मरीजों को सुविधा हो। बिजली व्यवस्था का अवलोकन करते हुए उन्होंने किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए जिला चिकित्सालय के बाहर लगे ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

न्यूज गैलरी

गाजा पर हमले का माओवादियों ने किया विरोध

कांकेर/नवप्रदेश। जिले से करीब 90 किलोमीटर की दूरी पर बसे ब्लॉक पखांजूर मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर गांव पीव्ही 122 के पास नक्सलियों ने बैनर पोस्टर लगाए हैं। नक्सलियों ने दो

दिसंबर से आठ दिसंबर तक पीएलजीए की 23वीं वर्षगांठ को देश भर में मनाने की बात कही। जिसकी 23 वीं वर्षगांठ है। नक्सलियों ने गाजा में इजरायली हमले का विरोध किया। अमेरीका के ऊपर भी आरोप लगाया। हमास का पक्ष लेकर बताया कि हमास आतंकी संगठन नहीं है। नक्सली लगातार क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। वहीं क्षेत्र में लगातार सुरक्षा बलों का सर्चिंग अभियान तेजी से चल रहा है।

अशिक्षा, स्वच्छता और दहेज के प्रति किया जागरूक

डोंगरगांव/नवप्रदेश। शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर ग्राम पंचायत बड़गांव चारभांठा में 24 से 30 नवंबर

तक लगा। इसमें सेवा योजना के स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाओं ने समाज को जागरूक करने का प्रयास करते हैं। प्रतिदिन सुबह 6 बजे प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को नशामुक्ति, कुपोषण, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, जल संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, एड्स के संबंध में जागरूक बनाया गया। प्रतिदिन 3 घंटे श्रम दान। जिसमें ग्राम की नालियों, तालाब, गली मोहल्ले, खेल परिसर, स्कूल आदि में स्वच्छता के साथ ग्राम में विद्यमान दुकान वालों के सामने डस्टबिन अवश्य रखें ताकि स्वच्छता बना रहे जिसे ग्रामीणों ने स्वीकार किया और दुकान के आगे डस्टबिन रखा। दोपहर में बौद्धिक परिचर्चा आयोजित किया गया।इस बौद्धिक परिचर्चा में स्वयंसेवकों और ग्रामीण हिस्सा लिया। रोज विशेषज्ञों व अतिथियों का भी आगमन हुआ। जिसमें स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टरों की टीम , पशु चिकित्सा विभाग से विशेषज्ञ, स्थानीय शाला के शिक्षक, ग्राम के सरपंच, ने ग्रामीणों को नवीन संदेश दिया। रोज रात को सांस्कृतिक जागरूकता कार्यक्रम कर समाज को जागरूक किया गया। टोनही प्रताड़ना, अशिक्षा, दहेज प्रथा, बेटा व बेटी में भेदभाव, छुआछूत, साइबर अपराध सम्बंधी जागरूक किया गया। शिविर के दौरान बौद्धिक परिचर्चा में 25 नवंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़गांव चारभांठा से डॉ भाविका टंडन तथा डॉ तरुण लता टंडन ने माहवारी, सिकलिंग, शुगर आदि के बारे में बताया। 26 को वित्त संचालक हेमचंद यादव विवि दुर्ग श्री सुशील गजभिए ने रासेयो के महत्व तथा संविधान की महत्व का उल्लेख किया साथ ही स्वयंसेवक के रूप में अनुभव को साझा किया। 28 को पशु चिकित्सा से सम्बंधी जानकारी डॉ संदीप रामटेके व डॉ नितिन निषाद ने प्रदान किया।

फसल नुकसान का जायजा लेने पहुंचे विधायक मंडावी

बीजापुर/नवप्रदेश। बेमौसम बारिश ने किसानों के साल भर की मेहनत पर पानी फेर दिया दो दिनों से मौसम खराब होने की वजह से खेत मे कटा हुआ फसल पूरी तरह बर्बाद हो गया। क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी ने किसानों के खेतों में पहुंचकर नुक़सान हुए फसल का जायजा लिया विधायक ने खराब फसल को देखकर अधिकारियों से फोन पर बात कर किसानों को हुए नुक़सान का मुआवजा दिलाने की बात कही है। रुक रुककर हो रही बारिश खेती किसानी के लिए अब भी परेशानी का सबब बना हुआ है। बेमौसम बारिश से खेतों को भारी नुकसान पहुंचा है इससे जिले के काश्तकार काफी परेशान हैं। मौसम की मार ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। गोल्लगुड़ा के किसान अप्पाराव लम्बाड़ी, नागुराव गुरला, अनिल कुमार आदे, सत्यम गुरला, लम्बाड़ी राजीराव, लम्बाड़ी शंकर, अम्बाला बतकाय्या, सुशील गुरला, लम्बाड़ी आजाद, गुरला शंकर, गौतुल शंकर, आदे शंकर, दिनेश सोनला, ललिता गुरला, बापूराव सोनला, लाबाड़ी शंकर व अन्य किसानों के कई कई एकड़ धान का बड़ा नुकसान हुआ है किसानों ने कहा है कि पहले काश्तकारों को बेमौसमी वर्षा और अब अधिक वर्षा की मार झेलनी पड़ रही है। अधिक बारिश से पूरा धान की फसल खराब हो चुकी है जिससे काश्तकारों को बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। विधायक विक्रम शाह मंडावी ने किसानों की समस्या को सुना और माँग की है कि किसानों के धान को शासन धान मंडी में ख़रीदे और फसल नुक़सान का उचित मुआवजा किसानों को दे।

मिचौंग तूफान से पटरी पर गिरा चट्टान

बाधित हुआ केके रेलमार्ग, सभी पैसेंजर ट्रेनें हुईं रद्द

बस्तर/नवप्रदेश। दक्षिण भारत के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में भी मिचौंग चक्रवाती तूफान की वजह से हो रही लगातार बारिश से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। साथ ही रेलवे प्रशासन ने भी कई ट्रेनों के परिचालन को रद्द कर दिया है। जगदलपुर में भी किरंदुल-कोत्तवलसा के.के रेल मार्ग पर भारी बारिश की वजह से पटरी पर चट्टान गिर जाने से रेल मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया है। जिसके चलते इस रूट पर चलने वाली सभी पैसेंजर ट्रेन को रद्द कर दिया गया है।

रेलवे प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक बारिश से के.के रेल लाइन के त्याडा और शिवलिंगपुरम रेलवे स्टेशन के बीच पटरी पर चट्टान गिरी है। बड़े चट्टान के बोल्डर गिरने से पटरी को नुकसान पहुंचा है। किरंदुल से विशाखापट्टनम के लिए निकली एक्सप्रेस ट्रेन को विजयनगरम वाया रायगढ़ होकर रवाना किया गया है।

रेलवे स्टेशन के बीच पटरी पर गिरा चट्टान

के.के रेल मार्ग पर अरकू सेक्शन और कोरापुट सेक्शन में पड़ने वाले घाट क्षेत्र में पहाड़ और चट्टानें खतरनाक स्थिति में है। यहां अब तक कई हादसे हो चुके हैं, जिसके चलते यह मार्ग खतरे से खाली नहीं है।

मिचौंग की वजह से लगातार हुई बारिश से घाट क्षेत्र में चट्टान टूटकर पटरी पर गिर गई, जिसके चलते इस रूट में चलने वाले सभी ट्रेनों के परिचालन को रद्द

किया गया है। जानकारी लगने के बाद तुरंत रेलवे की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची है। लेकिन बताया जा रहा है कि जब तक पटरी से बोल्डर को हटा नहीं लिया जाता तब तक इस रूट पर चलने वाली ट्रेन बाधित रहेगी। जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ सकती है।

पैसेंजर के साथ-साथ मालगाड़ी भी की गई रद्द

किरंदुल से विशाखापट्टनम तक बिछाई गई के.के रेल लाइन 60 साल पुरानी रेल लाइन है। इस रेल लाइन में 30 से भी अधिक टर्नल पड़ते हैं। इसके अलावा मालगाड़ी से लेकर सभी पैसेंजर ट्रेन घाट और हिल स्टेशन से होकर गुजरती है। बारिश के मौसम में पटरी पर बड़े-बड़े चट्टानों के बोल्डर गिरने का डर बना हुआ रहता है। एक महीने पहले ही कोरापुट और जैपुर के बीच घाटी क्षेत्र में भूस्खलन होने के कारण के.के रेल लाइन करीब 42 दिनों तक इस रूट पर रेल यात्रा बाधित रहा और उसके बाद मिचौंग की वजह से लगातार बारिश होने की वजह से फिर भूस्खलन हुआ है और चट्टान की बोल्डर पटरी पर जा गिरी है। जिससे एक बार फिर के.के रेल मार्ग बाधित हुआ है।

विशाखापट्टनम-किरंदुल नाइट एक्सप्रेस रद्द

ईस्ट कोस्ट रेलवे द्वारा मिली जानकारी के अनुसार विशाखापट्टनम से निकलने वाली विशाखापट्टनम-किरंदुल नाइट एक्सप्रेस रद्द कर दी गई है। इसी तरह किरंदुल से छूटने वाली किरंदुल-विशाखापट्टनम नाइट एक्सप्रेस भी रद्द रहेगी. इसके अलावा बुधवार को भी विशाखापट्टनम से प्रस्थान करने वाली विशाखापट्टनम-किरंदुल पैसेंजर स्पेशल ट्रेन भी रद्द कर दी गयी है। साथ ही किरंदुल से छूटने वाली किरंदुल-विशाखापटनम पैसेंजर स्पेशल ट्रेन भी रद्द रहेगी. इधर पैसेंजर ट्रेनों के साथ-साथ इस रूट पर लौह अयस्क का परिवहन करने वाली मालगाड़ी भी रद्द कर दी गयी है। हालांकि मौके पर रेलवे की रेस्क्यू टीम पहुंचकर भारी बारिश के बावजूद पटरी पर गिरी बोल्डर को हटाने का काम कर रही है।

ग्रामीण की हत्या, 2 आरोपी गिरफ्तार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। फरसपाल पुलिस ने ग्राम पांडेवार में हुये अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने में सफलता पाई है। पुलिस ने हत्या के दो आरोपियों को पकड़ा है। गौरतलब है कि पुलिस को 3 और 4 दिसंबर की सुबह ग्राम पांडेवार निवासी बलराम ठाकुर पिता स्व. सीताराम ठाकुर (52) का अज्ञात आरोपियों के द्वारा धारदार हथियार से हत्या कर खेत के पगडंडी रास्ते में पड़ा पाए जाने की सूचना मिली थी। इस पर फरसपाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्र. 10/2023 धारा 302 भादवि. कायम कर पुलिस द्वारा विवेचना कार्यवाही में लिया था। अपराध कायमी के तत्काल बाद पता-सुराग व आरोपियों का राजफास

करने के लिये पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा गौरव राय (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के. बर्मन, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के.के. चन्द्राकर व अनुविभागीय पुलिस अधीकारी दन्तेवाड़ा राहुल उयके के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी फरसपाल रघुवीरलाल चन्द्रा के नेतृत्व में उप निरीक्षक नरेश सिंह, खम्मन सिंह कोर्राम, सउनि. संतोष यादव, प्रधान आरक्षक- नीरसिंह कंवर,श्रवण सिदार आरक्षक अनिल कर्मा, सन्तु वट्टी, दुबराज पैकरा, सौरभ बंजारे, सीएएफ. के आरक्षक रामचन्द्र प्रजापति व डॉग् हेण्डलर व डॉग गेन्दु की टीम गठित कर उन अज्ञात आरोपियों का पता सुराग के लिये लगाया गया था। जिसके अथक प्रयास व मेहनत से 6 दिसंबर 23 को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। गांव के ही रहने वाले आयतु कड़ती पिता चमरूराम (42) और संजय कर्मा पिता कोसा (26) ने एक विचार से जादूटोना के फेर में आरोपी को शराब पिलाकर नशे में धान कोठार की ओर बने लाडी के पास उसके आने का इंतजार कर रहे थे की उसके आने के बाद घर जाते समय बांस का डंडा, कुल्हाड़ी एवं हंसिया जैसा धारदार हथियार से मारकर कत्ल कर भाग गये। अंधे कत्ल का पर्दाफाश होने पर उक्त आरोपियों को आज फरसपाल पुलिस के द्वारा गिरफ्तार करने में सफलता पायी है।

बेखौफ घूम रहे कान फोड़ू बाइकर्स

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के अंदरूनी और शहर के बाहरी क्षेत्रों में फटाका बाइकर्स ने इन दोनों आतंक मचाया हुआ है। बहुत दिनों से पुलिस द्वारा उनके खिलाफ धर पकड़ की कार्रवाई नहीं करने से इनके हौसले बुलंद है। अक्सर बसंतपुर रोड से डोंगरगांव रोड, स्टेडियम रोड, गौरव पथ, नेशनल हाईवे में यह कभी अकेले, कभी ग्रुप में पटाखा की आवाज करते हुए मोटर साइकिल दौड़ते हैं। ऐसा नहीं है कि पुलिस को उनके बारे में कुछ भी पता नहीं है। बहुत पहले जब शशि मोहन एसपी थे, तब शहर में पटाखा बाइकर्स को पकड़ने शहर के क्षेत्र में जाल बिछाया गया था और इस जाल में कई बाइकर्स फंसे हुए थे। जिन्हें बसंतपुर थाना लाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की गई थी।

64 बाइकर्स पर की गई कार्रवाई

64 से ज्यादा मोटर साइकिल पर कार्रवाई की है। कई मोटर साइकिल वालों पर जुर्माना लगाया गया है। कई मोटर साइकिल वालों का साइलेंसर निकलवाया गया है। इस तरह की कार्रवाई होती रहेगी। आमजनों से अपील कि अगर इस प्रकार की बाइक, मोटर साइकिल वाली शहर पर कहीं भी दिखे तो फोटो खींचकर जाता है, और विभाग को अवश्य सूचित करें।

-खेम प्रकाश नायक,
यातायात प्रभारी, राजनांदगांव।

पैतृक गांव में नवनिर्वाचित विधायक नेताम ने शुरु की अंगना कार्यालय

लोगों से मेल मुलाकात और समस्या सुनने उपलब्ध रहने की कही बात

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक आशाराम नेताम ने आज अपने गृहग्राम बेवरती के साहू सदन भवन में जनता की समस्याओं के समाधान व भेंट-

मुलाकात के लिए अस्थाई विधायक कार्यालय अंगना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होने सर्वप्रथम कांकेर विधानसभा, अपने गृहग्रमा की जनता व भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं तथा चुनाव में भाजपा के लिए प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से कार्य करने वाले लोगों का धन्यवाद, अभिवादन किया।

नवनिर्वाचित विधायक आशाराम ने कहा कि यह जीत सिर्फ आशाराम नेताम की जीत नही है बल्कि हर उस व्यक्ति, कार्यकर्ता की जीत है जिन्होने आशाराम बनकर चुनाव में कार्य किया। अपने बारे में बोलते हुए उन्होने कहा कि मै एक गरीब, किसान परिवार का बेटा हूं जो संघर्ष करके यहां तक पहूंचा है। मैंने शून्य से शुरूआत की। गरीब होते हूए भी मैं कभी गलत रास्ते पर नहीं चला और न ही नशे की ओर गया। श्री नेताम ने भारतीय जनता पार्टी परिवार का धन्यवाद करते हुए कहा कि भाजपा ने मुझ छोटे से कार्यकर्ता को आज विधानसभा का प्रतिनिधि बनाया है उसके लिए मैं पार्टी को कोटि-कोटि नमन करता हूं। आज मैने जो भी मुकाम हासिल लिया है पार्टी की बदौलत किया है । उन्होने गांव के सियान पीला राम को याद करते हुए उनका धन्यवाद किया कि उन्ही के मार्गदर्शन में मैने भाजपा से राजनीति में कदम रखा। भाजपा मेरी पहचान है । आशाराम नेताम ने कहा कि मैंने आज जो कार्यालय अंगना खोला है वो जनता के लिए है । क्षेत्र की जनता अपनी समस्याओं, परेशानी को लेकर मुझसे आसानी से मिल सकता है। मै हमेशा जनता की आशा बनकर खड़ा रहूंगा। जनता के सुख-दुख में उनके साथ रहूंगा। जो भी मेरे कार्यालय में रोते हुए आये मेरी हार्दिक इच्छा है कि वो मुस्कराते हुए जाये । श्री नेताम ने कहा कि मैं नेता नही बल्कि जनता का सेवक बनकर रहुंगा। क्षेत्र की जनता के सहयोग से हम सब मिलकर विकास की नई गाथा लिखेंगे। उन्होने क्षेत्र के युवाओं से नशे व गलत कामों से दूर रहकर समाज के विकास में योगदान देने की अपील की।

दोबारा जीत का मिथक नहीं तोड़ पाए गुलाब कमरो

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का मुकुट कहलाने वाले एमसीबी व कोरिया जिले का प्रदेश की राजनीति में अहम योगदान रखता है। दोनों जिले मेंकुल तीन विधानसभा सीटें हैं । इसमें हाल ही में 2023 चुनाव के बाद तीनों विधानसभा सीट भाजपा के पास है। इस सीट पर गोंड, कंवर, राजवाड़े, साहू और अन्य पिछड़ा वर्ग बड़ी संख्या में निवास करते हैं। यहां आदिवासी व पिछड़ा वर्ग के वोटर का बोलबाला है। जब भी चुनाव होते हैं, तब यहां के मतदाता खुलकर वोट करते हैं। जिसके कारण मतदान में हर वर्ष बढ़ोतरी होती है इस बार भी मतदान का ग्राफ दोनों जिलों में बढ़ गया। जहां प्रदेश की एक नंबर की विधानसभा सीट भरतपुर सोनहत में राज्य गठन के बाद 2006 के परिसीमन के बाद वर्ष 2008 में यह सीट अस्तित्व में आया। जहां हर बार विधायक का नया चेहरा जनता को देखने को मिला। दो प्रमुख पार्टी भाजपा व कांग्रेस ने या तो टिकट दुबारा नहीं दिया या फिर दुबारा टिकट मिलने पर हार हुई। यह एक मिथक भरतपुर सोनहत सीट को दूसरी सीटों से अलग करता है ।

परंपरा रही बरकरार

भरतपुर सोनहत सीट पर दुबारा जीत का मिथक गुलाब कमरो नहीं तोड़ पाए, यहां यह मिथक है कि एक बार चुनाव जीतने के बाद आज तक कोई दुबारा नही जीता है। इसके अलावा यहां एक और भी मिथक है कि जिसने भी हसदेव उद्गम पर निर्माण काम करवाया वो अब तक हारा ही है। बीते 5 साल के कांग्रेस के गुलाब कमरों की कार्यकाल की करें तो विकास के दावे को लेकर रहा।

उन्होंने यह बताया कि उनके द्वारा 13 सौ करोड़ से ज्यादा के विकास कार्य कराए गए हैं। परन्तु धरातल पर वैसा नहीं देखा गया। खुद की आलोचना सुनना विधायक गुलाब कमरो को बिल्कुल पसंद नहीं था। उनके खिलाफ मीडिया और सोशल मीडिया में आलोचना पर उनके समर्थक काफी उग्र हो जाया करते और कैसे भी सही ठहराने के लिए पूरा जोर लगा दिया करते, ज्यादा लोग जिला विभाजन के बाद विधायक को भरतपुर से ज्यादा मनेन्द्रगढ का विधायक बोलने लगे थे।

प्रतिनिधियों ने डुबाई लुटिया -

भरतपुर सोनहत विधानसभा में विधायक के प्रतिनिधियों की तूती बोलती थी। प्रतिनिधियों के क्षेत्रों में विधायक को बड़ी हार का सामना करना पड़ा। प्रतिनिधियों से बिना पूछे किसी का काम नहीं होता था, जबकि इन प्रतिनिधियों का उनके क्षेत्र में जनाधार नहीं था, उनकी छवि का नुकसान कांग्रेस विधायक को हुआ।

राजीव गांधी मितान को लेकर प्रतिनिधियों ने बड़े बड़े ख्वाब दिखा रखे थे, सिर्फ युवाओं पर चुनाव जीताने का भरोसा था, जबकि महिला बुजुर्गो के साथ 40 प्लस लोगों के साथ की काफी कमी देखी गयी।

गुंडागर्दी व अवैध रेत उत्खनन

भरतपुर क्षेत्र में बालंद समाज के सचिव की आत्महत्या के बाद से माहौल काफी बिगड़ गया, कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष का नाम सुसाइड नोट में मिला, परन्तु विधायक का साथ पीड़ित को ना मिलकर आरोपी को मिला, लोगों में काफी नाराजगी देखी गयी। जिसके बाद मारपीट की घटनाएं सामने आने लगी, कई लोगों की पिटाई हुई एक की मौत भी हो गयी, परन्तु जनता की सुनवाई ना कर आरोपियों को प्रश्रय मिलता रहा। दूसरी ओर पूरे 5 वर्ष रेत माफियाओं का राज रहा, जनकपुर के हर क्षेत्र से जबरदस्त अवैध रेत उत्खनन हुआ,

हसदेव उद्गम में काम करवाया वो हारा

भरतपुर सोनहत विधानसभा में एक बार जीतने के बाद दुसरी बार यहां कोई विधायक नहीं चुना जा सका है, हारने वाले के भविष्य पर भी सवाल खड़े हो जाते है। इस मिथक को गुलाब कमरो नहीं तोड़ पाए और चुनाव हार गए, इसी तरह सोनहत हसदेव उद्गम को लेकर भी एक मिथक है यहां जो भी इसके मूल स्वरुप को लेकर निर्माण कार्य करवाता है चुनाव हार जाता है, पहले पूर्व सांसद डॉ चरणदास महंत ने यहां स्थित शिवमंदिर का जीर्णोधार करवाया था, वो सांसद का चुनाव हार गए थे, उसके बाद पूर्व विधायक चंपा देवी पावले ने भी निर्माण कार्य करवा उन्हें भी हार का सामना करना पड़ा।

नक्सली संगठन में लगातार घट रहे सदस्य, नई भर्ती का जारी किया फरमान

बस्तर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग में 2 दिसंबर से 8 दिसंबर तक हर साल की तरह इस साल भी नक्सली पीएलजीए सप्ताह मना रहे हैं और अपने पीएलजीए सप्ताह के दौरान पूरे बस्तर संभाग में बंद को सफल बनाने जगह-जगह पर्चा लगा कर बैनर पोस्टर भी लगा रहे हैं. इन पर्चों में नक्सलियों ने संगठन में नए युवक-युवतियों को भर्ती करने का फरमान भी जारी किया है. ऐसा माना जा रहा है कि बस्तर में बीते कुछ सालों से बस्तर में नक्सली बैकफुट पर है और बड़ी संख्या में नक्सली सरेंडर करने के साथ पुलिस कई नक्सलियो को गिरफ्तार करने में सफलता भी हासिल कर रही है. साथ ही पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में भी कई नक्सलियो के मारे जाने से नक्सली संगठन के प्लाटून में लगातार सदस्य घट रहे हैं, जिसके चलते नक्सली अपने

दलम में नए युवक युवतियों को भर्ती के लिए गांव-गांव में फरमान जारी कर रहे हैं।

लगातार घट रही प्लाटून में नक्सलियों की संख्या

दरअसल, बस्तर में पिछले सालों से लगातार नक्सली सरेंडर कर रहे हैं और जवानों के साथ हो रहे मुठभेड़ में भी नक्सलियों के मारे जाने से संगठन में नक्सलियों की संख्या कम हो रही है. जानकारी के मुताबिक नक्सलियों के प्लाटून में पहले जहां 30 से 35 नक्सली हुआ करते थे, अब यह संख्या सिमटकर 15 से 20 हो गई है. वहीं एक कंपनी में नक्सलियों की संख्या 100 से अधिक थी लेकिन अब 70 ही रह गए हैं. इसी तरह बटालियन में पहले 300 नक्सली थे, लेकिन अब सिर्फ 150 से 180 नक्सली ही रह गए हैं. इसके पीछे बड़ी वजह नक्सल प्रभावित इलाकों में खुले नए पुलिस कैंप से नक्सली

जवानों के संयुक्त ऑपरेशन से नक्सली बैकफुट पर है

बस्तर के आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि बस्तर पुलिस की विकास, विश्वास और सुरक्षा इस त्रिवेणी योजना के तहत पिछले कुछ सालों से काम किया जा रहा है, जिसके चलते नक्सली संगठन को कमजोर करने के लिए बस्तर पुलिस के जवान नई रणनीति के तहत एंटी नक्सल ऑपरेशन चला रहे हैं. इसके अलावा केंद्र सरकार से मिली सीआरपीएफ, आईटीपी और बीएसएफ के जवान भी लगातार नक्सलियों को बैकफुट पर लाने के लिए बेहतर तरीके से एंटी नक्सल ऑपरेशन चला रहे हैं, जिसके तहत जवानों को सफलता भी मिल रही है. इस वजह से नक्सली अपने प्लाटून को कमजोर होता देख अपने पीएलजीए सप्ताह के दौरान जगह-जगह पर्चा फेक युवक युवतियों को संगठन में भर्ती करने के लिए फरमान जारी कर रहे हैं, लेकिन बस्तर की जनता समझ चुकी है कि नक्सली विकास विरोधी हैं. यही वजह है कि अब बस्तर की जनता भी नक्सलियो का पुरजोर विरोध कर रही है और उनका साथ नहीं दे रही है. नक्सली अंतिम लड़ाई की और है और पुलिस की पूरी कोशिश है कि जल्द से जल्द बस्तर संभाग को पूरी तरह से नक्सल मुक्त किया जाए.

शांतिकुंज में कला उत्सव का समापन

हरिद्वार/नवप्रदेश। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में चल रहे तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव 2023-24 का आज समापन हो गया। हरिद्वार, देहरादून सहित उत्तराखण्ड के सभी तेरह जिलों के चयनित कक्षा 9 से 12 तक के 248 विद्यार्थियों ने दस विधाओं में अपना हुनर दिखाया। समापन सत्र में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजयी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। ये विजयी विद्यार्थी आगामी जनवरी माह में होने वाले राष्ट्रीय कला उत्सव में उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

तीन दिन चले इस उत्सव में अल्मोडा के 17, बागेश्वर के 19, चमोली के 21, चंपावत के 17, देहरादून के 20, हरिद्वार के 23, नैनीताल के 16, पौड़ी गढ़वाल के 23, पिथौरागढ़ के 21, रुद्रप्रयाग के 11, टिहरी गढ़वाल के 17,

ऊधमसिंह नगर के 21 और उत्तरकाशी के 22 छात्र- छात्राओं ने शास्त्रीय संगीत (गायन), पारंपरिक लोकगीत (गायन), वादन, शास्त्रीय नृत्य, लोकनृत्य, एकल अभिनय, दृश्य कला (द्विआयामी), दृश्य कला (त्रिआयामी) और स्थानीय खिलौने एवं खेल की श्रेणी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें गीतांजलि जोशी-अल्मोड़ा, वंदना कौशल-बागेश्वर, दिव्यांशु-चमोली, ध्रुव वर्मा-देहरादून, जयेन्द्र-हरिद्वार, आरोही पंत-नैनीताल, प्रखर जोशी-नैनीताल, भावेश पाण्डेय-नैनीताल, चांदनी-पौड़ी गढ़वाल, हेमा चक्रवर्ती-पौड़ी गढ़वाल, पवन कुमार-ऊधमसिंह नगर आदि ने अपनी अपनी विधा में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अव्वल रहे, तो वहीं खुशी हातेली, अर्जुन, मनीषा भट्ट, आदित्य गिरि, सुमित बिष्ट, समीर तिवारी, प्रियल जोशी, योगेश्वरी, दिव्यांशु त्रिपाठी, आंचल, अमित सैनी आदि को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

हमें अपनी गलतियों से सीखना होगा : हरमनप्रीत

मुंबई। लगभग ढाई महीने बाद अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेट में भारत की वापसी इंग्लैंड से 38 रन की करारी हार के साथ समाप्त हुई। कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि नए गेंदबाजों को 2024 महिला टी20 विश्व कप से पहले अपने आपको हर चुनौतियों के लिए तैयार करना होगा। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर की बदौलत शुरुआती ओवर में ही इंग्लैंड को झटके लगे। लेकिन अन्य गेंदबाज, जिनमें दो नए स्पिनर सायका इशाक और श्रेयंका पाटिल शामिल थे, वो अपनी छाप छोड़ने में नाकाम रहे। इसके बाद खराब भारतीय गेंदबाजी के कारण मेहमान टीम ने 197/6 का स्कोर बनाया।

198 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (42 गेंद में 52 रन, नौ चौके) के अर्धशतक के बावजूद छह विकेट पर 159 रन ही बना सकी। मैच खत्म होने के बाद हरमनप्रीत ने कहा, हमने अपनी योजनाओं का पालन नहीं किया। नए गेंदबाजों को टी20 विश्व कप में जाने से खुद को तैयरा करना होगा। मुझे पता है कि यह एक कठिन चुनौती है। विरोधी टीम में बहुत अच्छे बल्लेबाज हैं। उन्होंने इतने सालों तक अच्छा क्रिकेट खेला है। हमने गेंदबाजी में थोड़ा बदलाव किया है। हम मजबूत होकर जल्द वापसी करेंगे।खराब गेंदबाजी और बल्लेबाजी के अलावा, भारत की फील्डिंग भी खराब रही। डैनी और नैट साइवर को एक ही ओवर में जीवनदान मिला। भारतीय कप्तान ने कहा, मैं अच्छी फील्डिंग की उम्मीद कर रही थी, लेकिन जब आप अंतर्राष्ट्रीय खेल से दूर होते हैं, तो दबाव आप पर हावी हो सकता है। हमें बस खुद का समर्थन करने की जरूरत है, हम अच्छी शुरुआत की तलाश में थे। कुछ विकेट गिरने के बाद हमने खेल पर नियंत्रण बना लिया था लेकिन आखिरी दस ओवर योजना के मुताबिक नहीं रहे। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट अपने भारत दौरे की विजयी शुरुआत से खुश हैं। उन्होंने कहा, टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। हमने आक्रमण करना जारी रखा, सही क्षेत्र चुने, अच्छी साझेदारी की। हम इसी तरह से खेल को देखना चाहते हैं। हम विपक्षी टीम पर दबाव बनाना चाहते हैं।

नागेश ट्रॉफी : कर्नाटक ने दिल्ली को 8 विकेट से हराया

देहरादून। नागेश ट्रॉफी - पुरुषों के राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट फॉर द ब्लाइंड 2023-24 के छठे संस्करण में दून बलूनी क्रिकेट अकादमी में उत्तराखंड ने महाराष्ट्र को 83 रनों से हराया, जबकि कर्नाटक ने दिल्ली को आठ विकेट से हराया। दिन के पहले मैच में उत्तराखंड ने महाराष्ट्र पर 83 रन से जीत दर्ज की। उत्तराखंड ने निर्धारित 20 ओवर में 180/3 रन बनाए और फिर 17वें ओवर में महाराष्ट्र को 97 रन पर ढेर कर दिया। कप्तान गंभीर सिंह चौहान ने 57 गेंदों में 74 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दीपक सिंह रावत ने भी अर्धशतक (26 गेंदों में 58) का योगदान दिया। दूसरे मैच में दिल्ली ने निर्धारित 20 ओवर में 164/7 का स्कोर बनाया, लेकिन कर्नाटक को लक्ष्य का पीछा करने से नहीं रोक पाई. सुनील रमेश, जिन्होंने एक विकेट भी लिया, ने सनसनीखेज शतक (69 गेंदों में 114) लगाया, जिससे कर्नाटक ने दिल्ली को 13 गेंद शेष रहते हुए हरा दिया। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। कर्नाटक अब महाराष्ट्र से भिड़ेगा जबकि पांडिचेरी गुरुवार को देहरादून चरण के चौथे दिन यहां दून बलूनी क्रिकेट अकादमी में दिल्ली से भिड़कर अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगा। जम्मू चरण के समापन के बाद, इंडसइंड बैंक नागेश ट्रॉफी ग्रुप बी मैचों के लिए देहरादून में स्थानांतरित हो गई।

भारत की नजर हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप में विजयी शुरुआत पर

कुआलालंपुर। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम अपने एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप मलेशिया 2023 अभियान की शुरुआत जीत के साथ करना चाहेगी, जब वह पूल सी के पहले मैच में कोरिया से भिड़ेगी। भारतीय टीम इस खेल में काफी आत्मविश्वास के साथ उतर रही है। कोरिया के खिलाफ उसका रिकॉर्ड बेहतर है। दोनों टीमों के बीच खेले गए छह मैचों में से भारत ने तीन और कोरिया ने दो जीते हैं। जबकि एक मैच ड्रॉ रहा।आखिरी बार दोनों टीमें इस साल की शुरुआत में आयोजित पुरुष जूनियर एशिया कप के सेमीफाइनल के दौरान एक-दूसरे से भिड़ी थी, जहां भारत ने कोरिया पर 9-1 से बड़ी जीत दर्ज की थी।ओपनिंग मैच से पहले कप्तान उत्तम सिंह ने कहा, आखिरकार विश्व कप के लिए इंतजार खत्म हुआ और हमें अच्छी शुरुआत का पूरा भरोसा है। हमने हाल ही में कोरिया के खिलाफ खेला है। इसलिए हम उनकी चुनौती से अवगत हैं। लेकिन, हमारा ध्यान हम पर अपनी योजनाओं को मजबूत करने और अच्छी हॉकी खेलने पर होगा। इस बीच कोच सीआर कुमार ने कहा, खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत की है और टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। कोरिया एक मजबूत टीम है। आप उन्हें हल्के में नहीं ले सकते। हमें हर प्रतिद्वंद्वी का सम्मान करना होगा। यह एक बड़ा मंच है इसलिए टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत पाने के लिए हमें सतर्क रहना होगा और अपनी ताकत का समर्थन करना होगा।दो बार के जूनियर विश्व चैंपियन भारत अपने पूल सी मैचों में क्रमशः 7 दिसंबर को स्पेन और 9 दिसंबर को कनाडा से भिड़ेगा। पूल चरण में शीर्ष दो में रहने से क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की हो जाएगी।उत्तम, जो 2021 में जूनियर विश्व कप में भारतीय टीम के चौथे स्थान पर रहने का हिस्सा थे, ने कहा कि वे टूर्नामेंट में मैच-दर-मैच जाएंगे। उन्होंने कहा, हमेशा की तरह, हमारा ध्यान मैच-दर-मैच आगे बढ़ने पर है और हमारी प्राथमिकता विजयी शुरुआत करना है और फिर टूर्नामेंट के अगले चरण में आगे बढ़ने के लिए निम्नलिखित मैचों पर फोकस करना है। टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल क्रमशः 12, 14 और 16 दिसंबर को खेले जाएंगे।

विजय मर्चेंट ट्रॉफी : धनंजय नायक ने 43 और अश्विन पांडे ने 29 रन बनाए

झारखंड/रायपुर। बी.सी.सी.आई.द्वारा विजय मर्चेंट ट्रॉफी 2023-24 का आयोजन 1 दिसम्बर 2023 से हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ की मेन्स अंडर-16 टीम का मैच 6 दिसम्बर 2023 से 8 दिसम्बर तक डेक्कन जिमखाना क्रिकेट ग्राउंड, पुणे में झारखण्ड़ की अंडर-16 टीम के विरुद्ध खेला जा रहा है। झारखण्ड़ की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। झारखण्ड़ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 113.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 364 रन बनाए। झारखण्ड़ टीम की ओर से क्रिश शर्मा ने 98 रन तथा अर्जुन प्रियादर्शी ने 55 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से शिवम यादव ने 4 तथा नितांत सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक, छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 78.5 ओवरों में 8 विकेट खोकर 154 रन बना लिये है। छत्तीसगढ़ की ओर से धनंजय नायक ने 43 तथा अष्विन पांडे ने 29 रनों का योगदान दिया। झारखण्ड़ की ओर से इषान ओम ने 4 तथा विभू ने 2 विकेट प्राप्त किये।

मिडफील्डर रोड्रिग्ज पर फ्लुमिनेंस की नजर

रियो डी जेनेरो। ब्राजील में मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मौजूदा कोपा लिबर्टाडोरेस चैंपियन फ्लुमिनेंस साओ पाउलो और कोलंबिया के अंतर्राष्ट्रीय मिडफील्डर जेम्स रोड्रिग्ज पर साइन करने के लिए बोली लगाने पर विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार जुलाई में दो साल के सौदे पर साओ पाउलो में शामिल होने के बाद से रोड्रिग्ज चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। ब्राज़ीलियाई सीरी ए क्लब के लिए 14 मैचों में 32 वर्षीय खिलाड़ी ने केवल एक गोल किया है और तीन सहायता प्रदान की है।

न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स की लगातार चौथी जीत

अबू धाबी। न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने अबू धाबी टी10 में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, क्योंकि पिछले सीज़न के उपविजेता ने टीम अबू धाबी को पीछे छोड़ते हुए लगातार चौथी जीत हासिल की।

रहमानुल्लाह गुरबाज़ ने शीर्ष पर अपना ज़बरदस्त फॉर्म जारी रखा और 26 गेंदों में 41 रन बनाए, और ओडियन स्मिथ ने 7 गेंदों में 17 रन बनाए, स्ट्राइकर्स ने मुश्किल बल्लेबाजी सतह पर 10 ओवरों में 110/5 का ठोस कुल स्कोर दर्ज किया।

सुनील नरेन और मोहम्मद आमिर ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम को मुश्किल में डाल दिया। नरेन ने 16/2 के आंकड़े दर्ज किए, जबकि आमिर ने अपने 2 ओवरों में सिर्फ 8 रन दिए, क्योंकि टीम अबू धाबी 10 ओवरों में केवल 86/5 ही बना सकी और 24 रनों से हार गई। मैच के बाद बोलते हुए, नरेन ने कप्तान कीरोन पोलार्ड के निर्णय लेने की प्रशंसा की और परिणाम को टीम की जीत बताया।मुझे लगता है कि इस सीज़न में यह पूरी तरह से टीम वर्क रहा है। हर दिन एक अलग व्यक्ति है जो टीम के लिए प्रदर्शन कर रहा है। हर कोई अपना हाथ बढ़ा रहा है। हर कोई हर किसी की सफलता का आनंद ले रहा है और इस सीज़न में यही महत्वपूर्ण है। सहयोगी स्टाफ के कारण , हमारे पास एक आरामदायक माहौल है। हम अच्छे अंतर से जीत रहे हैं। हम गेम-दर-गेम जीत रहे हैं। हम बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना चाहते हैं, नारायण ने कहा।उन्होंने कहा, मैं कई वर्षों तक पोलार्ड की कप्तानी में खेला हूं। वह आजकल थोड़ा शांत हैं लेकिन उनके कंधे पर अच्छा प्रभाव है। वह सभी पहलुओं के बारे में सोचते हैं और हर मैच में हमारी मदद करते हैं।इस बीच, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज आमिर ने कहा कि स्ट्राइकर्स को ट्रॉफी जीतने के लिए अभी भी कुछ और गेम जीतने की जरूरत है। जब आप जीतते हैं तो अच्छा लगता है। लेकिन अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है।

बिजनेस

बाजार में निवेशकों की पूंजी 2.17 लाख करोड़ बढ़ी

नईदिल्ली। निवेशकों की पूंजी बुधवार को 2.17 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। विदेशी संस्थागत निवेशकों के सतत पूंजी प्रवाह से घरेलू बाजारों के नए शिखर पर पहुंचने से निवेशकों की पूंजी बढ़ी है। घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार सातवें सत्र में तेजी जारी रही और वे नई ऊंचाई पर पहुंच गए। बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स 303.25 अंक या 0.44 प्रतिशत उछलकर 69,599.39 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। निफ्टी भी 100.05 अंक या 0.48 प्रतिशत चढ़कर 20,955.15 के नए सर्वकालिक स्तर पर पहुंच गया। बाजार में तेज उछाल से निवेशकों की पूंजी 2.17 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) मंगलवार को संयुक्त रूप से 348.64 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। कल यह 346.47 लाख करोड़ थी। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अपनी बिक्री रणनीति को उलट दिया है और पिछले सात दिन से लगातार खरीदार बने हुए हैं। यह रुख भारतीय बाजार में उनके विश्वास को दर्शाता है। सेंसेक्स की कंपनियों में आईटीसी के शेयर में सबसे अधिक 1.70 प्रतिशत, विप्रो में 1.43 प्रतिशत, टेक महिंद्रा में 1.36 प्रतिशत और नेस्ले इंडिया में 1.27 प्रतिशत की तेजी आई। एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स और रिलायंस भी लाभ में रहे। बीएसई पर सभी सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 29 नवंबर को पहली बार 4000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। एनएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को पहली बार 4000 अरब अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर गया था।

स्कैनिया इंडिया ने पीपीएस मोटर्स के साथ साझेदारी के द्वारा खनन क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को बनाया सशक्त

हैदराबाद। स्कैनिया कमर्शियल व्हीकल्स प्रा. लिमिटेड ने पीपीएस मोटर्स के साथ एक्सक्लुज़िव साझेदारी की घोषणा की है, जिसके तहत वे भारत में स्कैनिया के माइनिंग टिप्पर्स के लिए एकमात्र प्रतिनिधि बन गए हैं। यह साझेदारी सेल्स एवं सर्विस संचालन के लिए देश भर में कवरेज को सुनिश्चित करेगी। स्कैनिया इंडिया हमेशा से टेक्नोलौजी से पावर्ड परिवहन के आधुनिक एवं स्थायी समाधानों को बढ़ावा देने में अग्रणी रहे हैं। कंपनी खान के मुख्य बिन्दुओं को पहचान कर, उनके विश्लेषण एवं सतत अनुकूल के आधार पर विशिष्ट समाधान उपलब्ध कराती है, ताकि उपलब्धता, उत्पादकता एवं उपभोक्ता के मुनाफ़ेको बढ़ाया जा सके। यह नई साझेदारी भारत में नेटवर्क के विस्तार तथा आधुनिक कस्टमर सपोर्ट के लिए स्कैनिया के आश्वासन की पुष्टि करती हैं नई साझेदारी पर बात करते हुए श्री जोहान पी श्लाइटर, मैनेजिंग डायरेक्टर, स्कैनिया कमर्शियल व्हीकल्स इंडिया लिमिटेड ने कहा, ''हाल ही में पीपीएस मोटर्स के साथ हुए इस समझौते के माध्यम से हमने भारत में हमारी माइनिंग टिप्पर्स सेगमेन्ट पर ध्यान केन्द्रित करते हुए प्रभावीशाली साझेदारी की नींव रखी है।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया मजबूत

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के सतत पूंजी प्रवाह के बीच बुधवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया दो पैसे की बढ़त के साथ 83.35 पर ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति के फैसले से पहले सतर्क हैं। केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति बुधवार को अपनी द्विमासिक समीक्षा बैठक शुरू करेगी। शुक्रवार को निर्णय की घोषणा की जाएगी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.35 पर खुला, जो पिछले बंद भाव से दो पैसे की बढ़त है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 83.37 पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.93 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77.29 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 5,223.51 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

निफ्टी 21 हजार और सेंसेक्स 70,000 पहुंचने की ओर

नई दिल्ली। बाजार में तेजी का माहौल है, लेकिन हाल फिलहाल में बाजार में करेक्शन की भी संभावना है। तेजी के दौरान डीआईआई मुनाफावसूली कर सकते हैं। ऐसा जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है।

एफआईआई इस बीच खरीददार के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कहा, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में लगातार गिरावट (10 साल की यील्ड अब 4.20 प्रतिशत से नीचे है) से एफआईआई खरीददारी सुनिश्चित होगी। प्रभुदास लीलाधर की टेक्निकल रिसर्च की वाइस प्रेसिडेंट वैशाली पारेख ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक और आरआईएल जैसे फ्रंटलाइन शेयरों द्वारा मजबूत प्रवृत्ति बनाए रखने के साथ निफ्टी 20,850 क्षेत्र को पार करते हुए नई रिकॉर्ड ऊंचाई बना रहा है, जो सूचकांक को आगे खींच सकता है।मौजूदा उतार-चढ़ाव में सूचकांक में लगभग 11 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और आने वाले दिनों में 21,000 के स्तर के साथ इसमें और बढ़ोतरी की संभावना है। पारेख ने कहा, दिन के लिए समर्थन 20,700 पर देखा गया है जबकि प्रतिरोध 21,000 पर देखा गया है।बुधवार को बीएसई सेंसेक्स 281 अंक ऊपर 69,577 पर है।अडानी समूह के शेयरों में अडानी टोटल गैस में 18 प्रतिशत, अडानी ग्रीन में 13 प्रतिशत और अडानी एनर्जी में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

विक्की कौशल की सैम बहादुर की कमाई में भारी गिरावट

रणबीर कपूर की एनिमल के साथ 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में आई विक्की कौशल की फिल्म सैम बहादुर भी दर्शकों पर अपनी गहरी छाप छोड़ने में कामयाब रही है। फिल्म को समीक्षकों के साथ आम लोगों की भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, लेकिन टिकट खिड़की पर सैम बहादुर को एनिमल से भिड़ंत का नुकसान हुआ है।वीकेंड पर धमाकेदार कमाई करने का बाद चौथे दिन (सोमवार) सैम बहादुर की कमाई में भारी गिरावट देखने को मिली है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सैम बहादुर ने अपनी रिलीज के चौथ दिन 3.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 29.05 करोड़ रुपये हो गया है।सैम बहादुर ने 6.25 करोड़ रुपये के साथ टिकट खिड़की पर उम्मीद के मुताबिक धीमी शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन फिल्म की कमाई में उछाल आया और इसने 9 करोड़ रुपये कमाए।तीसरे दिन यह फिल्म 10.3 करोड़ रुपये का कारोबार करने में सफल रही।

सैम बहादुर का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है। राजी के बाद मेघना और विक्की के बीच यह दूसरी फिल्म है।फिल्म में सान्या मल्होत्रा भी हैं, जो अभिनेता की पत्नी सिल्लू मानेकशॉ बनी हैं।इसमें फातिमा सना शेख ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है।सैम बहादुर की कहानी भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित है, जिन्होंने 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना को जीत दिलाई थी।

रवि तेजा की फिल्म ईगल का पहला सिंगल आदु माचा प्रोमो हुआ जारी

मास महाराजा के रूप में व्यापक रूप से पहचाने जाने वाले प्रसिद्ध अभिनेता रवि तेजा, कार्तिक घट्टामनेनी द्वारा कुशलतापूर्वक निर्देशित अपने आगामी सिनेमाई उद्यम ईगल के साथ एक बार फिर दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार हैं। 13 जनवरी, 2024 को अपनी बहुप्रतीक्षित रिलीज़ को चिह्नित करते हुए, फिल्म में काव्या थापर और अनुपमा परमेश्वरन की प्रतिभाशाली जोड़ी प्रमुख भूमिकाओं में है। जैसे ही फिल्म अपने भव्य प्रीमियर के लिए तैयार हो रही है, टीम ने रणनीतिक रूप से अपना संगीत प्रचार शुरू कर दिया है, और पहले एकल, आदु माचा के पूर्वावलोकन के साथ प्रशंसकों को चिढ़ाया है, जिसे लोकप्रिय गायक राहुल सिप्लिगुंज ने कुशलतापूर्वक प्रस्तुत किया है। साथ में जीवंत वीडियो में रवि तेजा को पारंपरिक पोशाक में सजे हुए, जंगल में आयोजित एक धार्मिक उत्सव में ऊर्जावान नृत्य अनुक्रम पेश करते हुए दिखाया गया है। पीपल मीडिया फ़ैक्टरी के बैनर तले प्रभावशाली पैमाने पर निर्मित, ईगल में न केवल करिश्माई रवि तेजा हैं, बल्कि नवदीप, श्रीनिवास अवसारला और मधुबाला सहित कई शानदार कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म एक मनोरम कथा और असाधारण प्रदर्शन का वादा करती है, जो दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखती है।

विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा बस्तर का सरकारी अस्पताल

- 115 की जरूरत, 60 डॉक्टर ही दे रहे सेवा
- प्राइवेट प्रैक्टिस से करते हैं मोटी कमाई
- पदस्थ डाक्टरों को कांकेर और महासमुंद भेजा गया

बस्तर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में विशेषज्ञों की कमी बनी हुई है, जिसके चलते इलाज के लिए अस्पताल पहुंच रहे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि 115 डॉक्टरों की जगह मात्र 60 डॉक्टर ही यहां अपनी सेवाएं दे रहे हैं, वहीं बची हुई खाली पदों पर बाहर से आकर कोई भी डॉक्टर यहां सेवा नहीं देना चाहता।

5 लाख प्रति महीना देने को राजी

अस्पताल में डॉक्टरों को पदस्थ करने के लिए जिला प्रशासन हर महीने 5 लाख का पैकेज देने को तैयार है। बावजूद इसके कोई भी डॉक्टर यहां अपनी सेवा देने नहीं पहुंच रहा है।

न्यूरोसर्जन, नेफ्रोलाजिस्ट और कार्डिलाजिस्ट के पद रिक्त

न्यूरोसर्जन, नेफ्रोलॉजिस्ट और कार्डियोलॉजिस्ट के पद खाली होने की वजह से यहां गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को और आपातकालीन स्थिति में भी मरीजों को बेहतर इलाज नहीं मिल पा रहा है, जिस वजह से डिमरापाल जिला अस्पताल रेफर सेंटर बनकर रह गया है।

करोड़ों की लागत से बना अस्पताल में जरूरी उपकरण नहीं

करीब 8 साल पहले 400 करोड़ की लागत से जगदलपुर शहर के डिमरापाल में संभाग का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल बनाया गया। भवन निर्माण करने के लिए करोड़ों रुपए तो खर्च कर दिए गए, लेकिन आज भी अस्पताल में स्टाफ की कमी बनी हुई है। साथ ही जरूरी उपकरण भी नहीं होने की वजह से मरीजों को अस्पताल में बेहतर इलाज नहीं मिल पा रहा है।

7 जिलों के मरीज पहुंचते हैं इलाज कराने

पहले ही स्टाफ नर्स और वार्ड बॉय की कमी से जूझ रहे इस अस्पताल में विशेषज्ञों के भी कमी बनी हुई है। इस अस्पताल में पूरे संभाग के 7 जिलों से मरीज के इलाज के लिए पहुंचते हैं। हर रोज करीब 200 से 300 मरीज अस्पताल पहुंचते हैं, हालांकि सर्दी बुखार और मौसमी बीमारी का इलाज तो अस्पताल में हो जाता है, लेकिन विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ नहीं होने की वजह से मरीजों को इलाज नहीं मिल पाता है। हालांकि स्वास्थ विभाग और जिला प्रशासन की तरफ से कोशिश की जा रही है कि बाहर से आने वाले विशेषज्ञों के लिए महीने की अच्छी सैलरी देने के साथ रुकने की व्यवस्था की जाएगी. बावजूद इसके कोई भी विशेषज्ञ बस्तर आने को तैयार नहीं ह। .

डॉक्टरों के बस्तर नहीं आने की ये वजह

अस्पताल पहुंच रहे मरीजों की वजह से डॉक्टर पर मरीजों का दबाव बढ़ रहा है। खास बात यह है कि अस्पताल में न्यूरो मेडिसिन, न्यूरो सर्जन, नेफ्रोलॉजिस्ट ,कार्डियोलॉजी जैसे पद पर डॉक्टरों की तैनाती करनी है। लेकिन अस्पताल खुले इतने साल बीतने के बाद भी इन पदों पर नियुक्तियां नहीं हो पाई है। अस्पताल प्रबंधन के कुछ डॉक्टरों ने बताया कि इन पदों पर नियुक्तियों के लिए शासन से मिलने वाली सैलरी के अलावा डीएमएफटी मद से भी सैलरी देने का प्रस्ताव कई डॉक्टर को दिया गया, लेकिन कोई भी डॉक्टर बस्तर में आकर डिमरापाल अस्पताल में काम करने को तैयार नहीं है।

न्यूरोसर्जन ने ऑफर ठुकरा दिया था

अस्पताल के ट्रामा सेंटर में काम करने के लिए एक न्यूरोसर्जन को 5 लाख रुपये महीना और रहने खाने की व्यवस्था का ऑफर दिया गया था, लेकिन उन्होंने ऑफर को ठुकरा दिया और यहां काम करने से इंकार कर दिया। बताया जा रहा है कि विशेषज्ञ डॉक्टर बड़े शहरों में सरकारी अस्पताल के साथ-साथ प्राइवेट अस्पताल में प्रैक्टिस करते हैं। ऐसे में वहां उन्हें सैलरी के अलावा भी प्राइवेट प्रैक्टिस से बड़ी रकम मिल जाती है यही कारण है कि यहां कोई विशेषज्ञ डॉक्टर आना नहीं चाहता है। वहीं पहले से ही डिमरापाल अस्पताल में डॉक्टरों की कमी बनी हुई है इसी कमी के साथ ही कांकेर और महासमुंद के मेडिकल कॉलेज को चलाने के लिए जगदलपुर से ही विशेषज्ञ डॉक्टरों का तबादला किया गया है। जिनमें से 2 महासमुंद और 6 को कांकेर भेजा गया है जहां वे अपनी सेवा दे रहे हैं।

बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता

पलारी/नवप्रदेश। चक्रवाती तूफान मिचौंग ने किसानों की टेंशन बढ़ा दी है। तूफान के कारण छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में सोमवार से लगातार बारिश हो रही है। अगर मौसम ऐसा ही रहा तो किसानों की मुसीबत बढ़ सकती है। धान की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। वहीं परेशान किसान सरकार से धान खरीदी और मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

सोमवार से लगातार हो रही बारिश से किसान चिंतित हैं। एक तरफ खेत में पानी भरने के कारण कटी हुई धान की फसल खराब हो रही है दूसरी तरफ पकी हुई फसलों पर कीट लग रहे हैं, उनकी बालियां झड़ रही है। पलारी क्षेत्र के किसान राधेश्याम वर्मा बताते हैं कि अगर अगले दो-तीन दिनों तक मौसम का यही हाल रहा तो फसलों के साथ-साथ धान खरीदी भी प्रभावित हो सकती है। वहीं जर्वे के गजेन्द्र चंद्रवंशी, ईश्वर चंद्रवंशी, शंकर चंद्रवंशी, गंधेश्वर चंद्रवंशी आदि किसानों ने कहा कि धान खेतों और खलिहानों में खुले में पड़ा है। लगातार हो रही बारिश से धान खरीदी भी प्रभावित हो रही है।

हाथियों ने 7 एकड़ फसल को पहुंचाया नुकसान

सरगुजा/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के सीतापुर क्षेत्र में हाथी द्वारा कल एक व्यक्ति को मार डालने की घटना के बाद दल से बिछड़ कर पहुंचा यह हाथी तो वापस जशपुर लौट गया, लेकिन बुधवार सुबह दस हाथियों का अलग दल जशपुर सीमा से सीतापुर क्षेत्र में प्रवेश कर गया है. दस हाथियों के इस दल ने आधा दर्जन गांव में लगभग पांच से सात एकड़ खेत में लगे धान के फसल को क्षति पहुंचाया है. सीतापुर वन परिक्षेत्राधिकारी विजय तिवारी के नेतृत्व में मैदानी अमला ग्रामीणों को सतर्क करने के साथ उनके नजदीक न जाने की नसीहत भी दे रहा है ताकि कोई जनहानि न हो सके.

गौरतलब है कि एक दिन पूर्व ही दल से बिछड़ कर पहुंचे हाथी ने खेतों में लगे फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही एक व्यक्ति को मार दिया था. दंतैल हाथी के आक्रामक रुख पर ग्रामीण भयभीत भी रहे. हालांकि यह हाथी कल देर रात वापस जशपुर सीमा की ओर चला गया. जिससे वन अमले ने भी राहत की सांस ली. आज तड़के जशपुर की ओर से पहुंचे दस हाथी ग्राम ढेकीडोली से प्रवेश किया और एरण्ड, नवापारा, गिरहूलडीह तथा ग्राम बेनई में किसानों के फसलों को नुकसान पहुंचाया है.

डीएफओ पहुंचे हाथी प्रभावित क्षेत्र

सरगुजा वन मंडलाधिकारी टी शेखर और उप वन मंडलाधिकारी प्रेमचंद मिश्रा भी रेंजर विजय तिवारी और वन अमले के साथ हाथी विचरण क्षेत्र पहुंच हालात का जायजा लिया. डीएफओ ने हाथियों के सतत निगरानी के साथ हाथी प्रभावित क्षेत्र में मुनादी कराने के भी निर्देश दिए हैं. उन्होंने फसल नुकसानी पर वन अमले को निर्देशित किया है कि वे क्षति का आंकलन शीघ्रता से तैयार कर मुआवजा का प्रकरण तैयार करें. उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की है कि वे हाथियों से किसी तरह का छेड़छाड़ न करें और उनके नजदीक जाने का प्रयास न करें।

स्कूल और आंबा भवन है सुरक्षित

सीतापुर वन परिक्षेत्राधिकारी विजय तिवारी ने कहा कि फिलहाल हाथियों का दल जंगल से लगे खेतों के फसलों को ही नुकसान पहुंचा रहे हैं और अब तक वे आबादी वाले क्षेत्र में नहीं प्रवेश किए हैं. उन्होंने यह भी कहा कि यदि हाथियों का दल आबादी वाले क्षेत्र में प्रवेश करता है तो उसके लिए स्कूल भवन और आंगनबाड़ी भवनों में ग्रामीणों को ठहराने की तैयारी की गई है. उन्होंने यह भी कहा कि विभाग द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि हाथियों का दल आबादी क्षेत्र से दूर और जंगल तक ही सीमित रहें.

बीते दो दिनों से रिमझिम फुहारों से सावन की अनुभूति

कोरबा/नवप्रदेश। बेमौसम वर्षा का दौर बुधवार को भी जारी रहा। बीते दो दिनों से रिमझिम फुहारों के साथ अगहन माह में सावन की अनुभूति हो रही है। सूर्य के बदली मे छिपे होने से धूप का दर्शन दुर्लभ हो गया है। बदले मौसम से हलकान लोगों को अब मौसम साफ होने का बेसब्री से इंतजार होने लगा है।

बदले मौसम के साथ आसमान में बदली दूसरे दिन भी छाई रही। सुबह से रिमझिम फुहारों से जमीन तर बतर रही। नम वातावरण में ठंड का असर होने लोगों का घर बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक प्रभाव खेती किसानी पर पड़ा है। किसानें ने धान को काटकर खेतों में रखा है लेकिन फसल गीली होने की वजह से खलिहान तक ले जाना संभव नहीं। इसी तरह जिन्होने धान को खलिहान में रख लिया है उन्हे मिसाई करने में समस्या आ रही है। जब जमीन सूख नहीं जाती तब तक मिसाई कर पाना मुश्किल है। धान फसल के अलावा सब्जी की खेती में कीट प्रकोप की संभावना बढ़ गई है।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार इंजीनियर की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार इंजीनियर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई की। घटना उरगा थाना अंतर्गत ग्राम कुदुरमाल के पास घटित हुई। बताया जा रहा है कि ग्राम संडैल निवासी गणेश यादव 30 वर्ष कोरबा में एक ठेका कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। पुलिस सूत्रों के अनुसार मंगलवार की रात कंपनी में कार्य खत्म करने अपनी बाइक से घर लौट रहा था, तभी कुदुरमाल मुख्य मार्ग में किसी अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना में गणेश का गंभीर रूप से चोट लगी। राहगीरों ने घायल अवस्था में देख घटना की सूचना डायल 112 को दी। स्थल पर पहुंची डायल 112 की टीम ने राहगीरों की मदद से उसे जिला अस्पताल भेजा, जहां डाक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया।

किसान नेता ने किसानों को मुआवजा देने की शासन-प्रशासन से की मांग

- नमी युक्त धान खरीदी करने की भी मांग

पाटन/नवप्रदेश। प्रदेश में बीते तीन दिनों से हो रही बारिश से धान की फ सलों को भारी नुकसान हुआ है। मौसम ऐसा ही रहा तो किसानों की मुसीबत और बढ़ सकती है।इसके साथ ही लगभग 15 दिन की और धान की कटाई पिछड़ जाएगी. बारिश की मार को देखते हुए किसान नेता राकेश ठाकुर ने शासन-प्रशासन पर किसानों को अनदेखी करने का आरोप लगाते हुवे कहा कि प्रदेश में लगातार तीन दिनों से बारिश हो रही है जिसमें किसानों को भारी नुकसान हो गया है लेकिन कोई भी भाजपा नेता अभी तक सामने आ कर किसानो के लिए राहत संबंधी घोषणा या आस्वासन नही दे पाए है बल्कि उनके विपरीत किसानों की चिंता छोड़ भाजपा नेता दिल्ली में डेरा डाले बैठे हुवे है।

श्री ठाकुर ने राज्य की नवनिर्वाचित भाजपा सरकार से किसानों को तत्काल उचित मुआवजा व नमी युक्त धान खरीदी की मांग की है।

श्री ठाकुर आगे कहते है कि प्रदेश में बीते तीन दिनों से हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. बारिश से धान की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है. एक तरफ खेत में पानी भरने से कटी हुई धान की फसल खराब होने के कगार पर है. वहीं पकी हुई फसलों में बीमारी और किट लगने की आशंका है. बारिश से खेत में ही धान की निकली हुई बालियां झड़ने लगी है। आने वाले दिनों में अगर मौसम ऐसा ही रहा तो किसानों की मुसीबत और बढ़ सकती है, जिससे धान की कटाई के साथ-साथ धान खरीदी भी प्रभावित हो सकती है. शासन-प्रशासन तत्काल सर्वे करवा कर किसानों को उचित मुआवजा दें साथ ही नमी युक्त धान की खरीदी की घोषणा करें।

अवैध संबंधों के कारण की थी हत्या

- दो आरोपी गिरफ्तार, पति पत्नी में होता था तकरार

खैरागढ़/नवप्रदेश। गातापार थाना पुलिस ने 24 घंटे के अंदर अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझाई। योजनाबद्ध तरीके से घटना को आरोपियों ने दिया था अंजाम। प्रेम प्रसंग के कारण की थी हत्या। पुलिस ने आरोपियों को भेजा गया ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा जेल।

गौरतलब है कि 4 दिसंबर 23 को ग्राम टिंगामाली पानी खोल जंगल नाला के पास एक अज्ञात पुरूष (40-45) का शव मिला था। जिसके सिर, माथा, चेहरा में गंभीर चोटें आयी थी। सि पर पुलिस ने मर्ग क्रं 17/2023 एवं अप0 क्र0 67/2023 धारा 302 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। इसकी सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। उनक मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल शर्मा के नेतृत्व में थाना गातापार से विशेष टीम तैयार कर प्रकरण के हर पहलुओं पर बारिकी से विवेचना प्रारंभ की। विवेचना के दौरान अज्ञात शव का शिनाख्त ब्रजेन्द्र सिंह राजपूत पिता स्व0 खूबसिंह राजपूत (40) साकिन ग्राम बिरासन पोस्ट करिया तहसील पवई थाना सेमरिया जिला पन्ना (म0प्र0) हाल पता रश्मिदेवी कालोनी खैरागढ के रूप में हुआ।

गन्ने से भरा ट्रक पलटा, 10 किसान हुए घायल, दो गंभीर

सूरजपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले के ग्राम पंचायत सुदामा नगर में एक ट्रक अनियंत्रित हो गया। ट्रक में बैठे 10 किसान घायल हो गए, वहीं दो किसान गंभीर रूप से घायल हैं। घायल किसानों का इलाज अस्पताल में जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, किसान अपने गन्ने को बेचने के लिए शुगर फैक्ट्री केरता लेकर जा रहे थे। ग्राम पंचायत सुदामा नगर के पास अचानक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, ट्रक में बैठे 10 किसान घायल हो गए, वहीं दो किसान गंभीर रूप से घायल हुए है। दुर्घटना में घायल किसानों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल सूरजपुर में भर्ती कराया गया है। साथ ही घायल किसानों का अस्पताल में इलाज जारी है।

विवाहित महिला को फोन कर परेशान कर रहा युवक

- पति को बताता है झूठी प्रेम कहानी और जान से मारने की देता है धमकी

भिलाई/नवप्रदेश। ग्यारह अलग अलग नंबर से फोन लगा महिला से प्रेम संबंध होने की झूठी कहानी गढ़ उसके पति को गुमराह करने और जान से मारने की धमकी देने वाले एक सिरफिरे आशिक के खिलाफ वैशाली नगर पुलिस ने धारा 507 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि उसके मायके गंडई के पास रहने वाले आरोपी ने पिछले 2 महीने से उसकी शादी और घर तोड़ने का न सिर्फ प्रयास किया बल्कि वह अलग-अलग नंबर से फोन कर उसके पति को जान से मारने की धमकी भी देने लगा है। वैशाली नगर थाना के एएसआई सुरेश पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कराने वाली पीड़ित महिला के पति को गंडई का हरीश यादव पिछले कुछ महीने से फोन कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। महिला का इसी साल फरवरी महीने में विवाह हुआ और तब से वह अर्जुन नगर केम्प-1 भिलाई स्थित घर में पति के साथ रहती है। उसके मायके ग्राम गंडई वार्ड-3 पठान पारा जिला खैरागढ़ का निवासी हरीश यादव शादी के कुछ महीने बाद से पति पवन के मोबाइल पर अलग अलग नंबर से फोन करके महिला के बारे में गलत और झूठी बातें बताता है। उसके द्वारा महिला का स्वयं के साथ प्रेम सम्बन्ध होने की झूठी कहानी बता उसके पति को लगातार भड़काया गया।

फसल क्षति की सूचना 72 घंटे के भीतर देने की अपील

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में गत दो-तीन दिनों से हो रही असामयिक वर्षा से फसल कटाई के बाद खेतों में रखे गये करपा को जल भराव होने की स्थिति में नुकसान होने की संभावना है। इसके मद्देनजर उप संचालक कृषि ने जिले के किसानों को सलाह दिया है कि वे खराब मौसम को देखते हुए फसल कटाई का कार्य रोक दें तथा खेतों में रखे गये करपा को मेड़ों पर अथवा खरही जमाकर रख दें, जिससे वर्षा के पानी से होने वाले नुकसान से फसल को बचाया जा सके। उप संचालक ने यह भी बताया कि यदि बेमौसम वर्षा से किसी भी किसान के खेत में रखे गये फसलों को नुकसान हुआ है, तो ऐसी स्थिति में वह बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 18004190344 में क्षति होने के 72 घंटे के भीतर अनिवार्य रूप से सूचित करें अथवा लिखित में कृषि या राजस्व विभाग के मैदानी अमलों तथा संबंधित बैंक शाखा को भी अनिवार्य रूप से सूचित करें, ताकि बोई गई फसलों के क्षति का आंकलन मैदानी अमलों द्वारा किसानों के खेतों का मौका मुआयना कर शासन की निहीत प्रावधान अनुसार नियत समय में बीमा क्षतिपूर्ति की कार्यवाही किया जा सके।

बलात्कारी को 10 वर्ष की सश्रम कारावास

गरियाबंद/नवप्रदेश। घर परीक्षा फार्म भरने निकली नाबालिग का अपहरण उसके साथ दुष्कर्म करने वाले को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने दस वर्ष के कठोर कारावास और 2हजार रुपए नगद से दंडित किया।

न्यायालय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक विशेष न्यायालय (पाक्सो एवं बलात्कार मामले) गरियाबंद पीठासीन न्यायाधीश यशवंत वासनीकर द्वारा 5 दिसंबर मंगलवार को बलात्कार के आरोपी गणेश राम साहू, पिता राधेश्याम साहू (23) साकिन भेण्ड्री, थाना मगरलोड़, जिला धमतरी को धारा 376 (2) (ढ) भा0दं0 संहिता के अपराध में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

जनक राम साहू, अतिरिक्त लोक अभियोजक गरियाबंद ने बताया कि पीड़िता की माँ ने 3 मई 2022 को पुलिस थाना राजिम में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उनकी पुत्री/पीड़िता (17) जो 2 मई 2022 को परीक्षा फार्म भरने राजिम जा रही हूँ कहकर घर से निकली थी। जो देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। तब पीड़िता की माँ ने अपने भाई और दामाद को घटना के संबंध में जानकारी दी। पता तलाश करने पर ज्ञात हुआ कि आरोपी उनकी पुत्री / पीड़िता को भगाकर अपहरण कर ले गया है।

शिकायत पर एनीकट का निरीक्षण करने पहुंचे अफसर

- एक दिन पहले ही सरपंच ने कलेक्टर को सौंपा था ज्ञापन

पाटन (ए.)। खारुन नदी पर ग्राम तरीघाट पर बने एनीकेट के लोहे के गेट काफी जर्जर हो गया था इसकी संधारण की मांग करते हुए ग्राम पंचायत तरीघाट एवं ग्राम पंचायत परसुलीडीह के सरपंच ने संयुक्त रूप से कलेक्टर दुर्ग को एक दिन पहले ज्ञापन सोपा था। शासन प्रशासन इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए आज सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने आज तरीघाट स्थित एनीकेट का निरीक्षण किया और एक-दो दिन में जीर्ण शीर्ण गेट का संधारण कार्य शुरू करने के निर्देश भी दिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण पाटन क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांव का जीवन रेखा माने जाने वाली खारून नदी पर कई गांव में एनीकेट बने हुए हैं जिससे कि पानी को रोका जा सके और निस्तार सहित अन्य जल संकट दूर हो सके। इसी तरीका से एनीकेट ग्राम तरीघाट परसुलिडीह के मध्य भी बनाया गया है। इस एनीकेट में लगे लोहे के गेट काफी जीर्ण शीर्ण अवस्था में हो गए थे । ग्राम पंचायत तरीघाट सरपंच अशोक साहू एवं ग्राम पंचायत परसुलीडीह के सरपंच घनश्याम यादव ने संयुक्त रूप से कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर गेट के संधारण की मांग किया था इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए आज सिंचाई विभाग के अधिकारियों की एक टीम ने एनीकेट निरीक्षण किया। साथ ही जर्जर गेट को जल्द ही संधारण कर ठीक दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। बताने की ग्राम तरीघाट परसुलिडीह सहित अन्य कुछ गांव के निस्तार इसी एनीकेट में रुके हुए पानी से होती है। इस कारण से यहां पर गेट का संधारण भी काफी आवश्यक है । सरपंच अशोक साहू ने बताया कि गेट के जर्जर होने से पानी रुकता नहीं था इस कारण ग्रामीणों को निस्तार की संकट का समस्या का सामना भी करना पड़ रहा था । इसे देखते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर तत्काल इस पर सुधार करवाने की मांग किया था।